

दैनिक अर्थ प्रकाश

उत्तर भारत का अनूठा अखबार, प्रादेशिक व लोकल खबरों का एकमुश्त उपहार

आयुर्वेदिक टिप्स 376 by Veddhama Foundation

भूख बढ़ाना और खाना हजम

इमली की पत्ती की चटनी बनाकर खाने से भूख भी बढ़ती है और खाना भी हजम होता है।

Dr. (Vaidya) Vivek Ahuja
www.drvivekahuja.in (Ayurveda & Nadi Expert)

वर्ष 37 | अंक 228 | मूल्य 3:00 रुपये | पृष्ठ संख्या : 12 | चंडीगढ़, शुक्रवार, 19 अगस्त, 2022 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष-अष्टमी, विक्रमी संवत-2079

www.arthparkash.com
YouTube/Arth Parkash TV

पंजाब में गिरफ्तार आतंकियों का बड़ा खुलासा

मोगा, मोहाली और दिल्ली था निशाना!

कई टारगेट किलिंग करने की भी थी तैयारी कोर्ट ने 5 दिन के रिमांड पर भेजे आतंकी

■ सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर पुलिस कर रही पूछताछ

अर्थ प्रकाश/सागर पाहवा

मोहाली। दिल्ली से पकड़े गए 4 आतंकियों ने पूछताछ में बड़ा खुलासा किया है। सूत्रों ने बताया कि गैंगस्टर आतंकी अर्श डल्ला और गुरजंट जंटा के साथी इन आतंकियों के टारगेट पर दिल्ली, मोहाली और मोगा था। यहां इन आतंकियों ने टारगेट किलिंग करनी थी। जिसके लिए उनके पास कुछ हथियार पहुंच चुके थे। वहीं अभी और हथियार आने वाले थे। जिसके बाद उन्हें टारगेट

दिया जाना था। इस खुलासे के बाद पंजाब पुलिस ने मोहाली और मोगा में कई जगहों पर रेड की है। पुलिस ने वीरवार को इन आतंकियों को मोहाली कोर्ट में पेश कर 5 दिन का रिमांड ले लिया है। जिसमें पुलिस उनके टारगेट के बारे में पूछताछ करेगी ताकि उन्हें अलर्ट किया जा सके।

जेल में बंद गैंगस्टरों के टच में थे: सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने पूछताछ की तो गिरफ्तार आतंकी दीपक मोगा, सन्नी ईसापुर, संदीप सिंह और विपिन जाखड़ ने कई खुलासे किए। उन्होंने बताया कि वह जेल में बंद गैंगस्टर्स के भी संपर्क में थे। इनमें से एक सुखपाल सिंह को पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लाकर पूछताछ कर रही है। कई दूसरे गैंगस्टर्स को लाने के लिए भी फाइल तैयार की जा रही है। पुलिस की पूरी कोशिश उनसे टारगेट का पता लगाने की है।

पाक आर्मी वाले हथियार मिले

सूत्रों ने बताया कि पुलिस जांच में पता चला कि इनसे बरामद 9एमएम पिस्टल और कारतूस पाकिस्तानी आर्मी इस्तेमाल करती है। पुलिस इसे पहले ही पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई स्पांसर्ड टेरर मॉड्यूल करार दे चुकी है। इनसे 3 हेंड ग्रेनेड और एक आईईडी भी बरामद की गई है।

रायगढ़ समुद्री तट में मिली हथियारों से लैस नाव

■ नाव से एके-47, राइफल, जिंदा कारतूस और गोला-बारूद बरामद

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रायगढ़। महाराष्ट्र के रायगढ़ में एक बड़ी साजिश का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस को इलाके से दो संदिग्ध नाव मिली है। एक नाव से एके-47, राइफल, जिंदा कारतूस और गोला-बारूद बरामद हुआ है। इसके मद्देनजर रायगढ़ इलाके में हाई अलर्ट जारी किया गया है। जन्माष्ठमी से एक दिन पहले और गणेश चतुर्थी से कुछ दिन पहले रायगढ़ में संदिग्ध नाव का मिलना और नाव से भारी मात्रा में हथियार बरामद होना बड़ा सवाल पैदा कर रहा है। दूसरी नाव से कुछ लोग रायगढ़ में दाखिल हुए हैं, इस बात पर भी जांच की जा रही है। एटीएस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। वहीं, एनआईए की टीम भी रायगढ़ के लिए रवाना हो चुकी है। महाराष्ट्र के रायगढ़ के एसपी अशोक ने जानकारी दी कि हरिहरेश्वर समुद्री तट से पुलिस को संदिग्ध नाव मिली है। नाव की जब तलाशी ली गई तो उसमें से राइफल, जिंदा कारतूस और गोला-बारूद बरामद हुआ है। पुलिस सूत्रों का मानना है कि इसके पीछे बड़ी आतंकी साजिश हो सकती है। हालांकि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि नाव कहां से आई और रायगढ़ में नाव को कौन लेकर आया था। सभी मामलों पर मुंबई पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

महंगाई की मार

पंजाब में महंगा हुआ दूध वेरका ने दो रुपए बढ़ाई कीमत

■ बढ़े रेट आज से लागू, चंडीगढ़ और पंचकूला में भी पड़ेगा असर

अर्थ प्रकाश/ साजन शर्मा

चंडीगढ़। पंजाब में भी दूध महंगा हो गया है। अमूल और मदर डेयरी के बाद वेरका ने दूध के दाम 2 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से बढ़ा दिए हैं। बढ़े हुए रेट शुक्रवार से ही लागू हो जाएंगे। बता दें कि पिछले महीने ही दही, मक्खन और देसी घी की कीमतें भी बढ़ाई थी। कंपनी ने इसके पीछे इनपुट कॉस्ट का हवाला दिया है। इससे पहले मार्च महीने में भी दूध की कीमत 2 रुपए बढ़ाई गई थी। बढ़े रेट का असर सिर्फ पंजाब ही नहीं बल्कि चंडीगढ़, पंचकूला और कालका में भी पड़ेगा।

12 लाख लीटर दूध उत्पादन करती है वेरका: पंजाब में वेरका का दूध सबसे ज्यादा बिकता है। वेरका रोजाना करीब 12 लाख लीटर दूध का उत्पादन करता है। पंजाब में प्रति व्यक्ति 900 मिलीलीटर दूध की खपत होती है। ऐसे में दूध महंगा होने से बड़े तबके पर इसकी मार पड़ेगी।

आज से यह रेट होंगे लागू

आधा लीटर दूध अब 28 रुपए का मिलेगा। एक लीटर की कीमत 55 रुपए होगी। डेढ़ लीटर का पैकेट 80 रुपए में मिलेगा। डबल टोंड 23 रुपए का आधा लीटर मिलेगा। फुल क्रीम दूध 31 रुपए का आधा लीटर और 61 रुपए का एक लीटर मिलेगा। गाय के दूध का पैकेट अब 26 रुपए में आधा लीटर मिलेगा।

न्यूज ब्रीफ

कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की हालत फिर गंभीर

नई दिल्ली (अप्रस)। कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव की हालत एक बार फिर गंभीर हो गई है। बुधवार की देर रात से उन्हें बार-बार दौरे पड़ रहे हैं। डॉक्टरों ने उनके सिर का सीटी स्कैन कराया तो दिमाग के एक हिस्से में सूजन मिली है। उनके बड़े भाई सीपी श्रीवास्तव ने बताया कि दिमाग में सूजन के चलते पानी मिला है। डॉक्टरों ने हालत चिंताजनक बताई है। परिवार के लोग और कई रिश्तेदार दिल्ली एम्स पहुंचे हैं। राजू श्रीवास्तव के लिए दवा के साथ अब दुआओं का भी सहारा लिया जा रहा है। कैलाश खेर के सुझाव पर काशी विश्वनाथ धाम और उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में महामृत्युंजय मंत्र का जाप हो रहा है। गोविंदा के घर पर भी महामृत्युंजय जाप कराया जा रहा है। कॉमेडियन सुनील पाल ने रोते हुए वीडियो जारी किया। इसमें कहा कि राजू के ब्रेन ने काम करना बंद कर दिया है। बेहद क्रिटिकल कंडीशन बनी हुई है। डॉक्टरों को भी समझ नहीं आ रहा है कि वे क्या करें।

रेप केस में राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे शाहनवाज

नई दिल्ली (अप्रस)। रेप के मामले में एफआईआर से बचने के लिए भाजपा के सीनियर नेता शाहनवाज हुसैन ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को उनके खिलाफ रेप केस में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था और तीन महीने में जांच पूरी करने की समयसीमा भी तय की थी। उस आदेश पर रोक की मांग को लेकर ही अब शाहनवाज हुसैन शीर्ष अदालत पहुंच गए हैं। 2018 के रेप मामले में हाई कोर्ट का आदेश शाहनवाज हुसैन के लिए करारा झटका माना जा रहा है। शाहनवाज के वकील ने उनकी अर्जी को चीफ जस्टिस एनवी रमना की बेंच के समक्ष तत्काल सुनवाई के लिए पेश किया है। शाहनवाज हुसैन के वकील ने कहा कि इस मामले की तत्काल सुनवाई होनी चाहिए क्योंकि देरी होने पर एक राजनीतिक नेता की छवि खराब हो सकती है। चीफ जस्टिस की बेंच ने कहा कि अगले सप्ताह इस मामले की सुनवाई की जाएगी। शाहनवाज के वकील ने शीर्ष अदालत में कहा कि मेरे मुवक्किल का 30 सालों का सार्वजनिक जीवन है।

टेंशन ख़ल्लास

रेप के केस में
फंस गया भाजपा नेता।
कई बड़े नेताओं का
ये रह चुका चहेता।।

-अर्थ प्रकाश

न्यूज ब्रीफ

दुष्यंत चौटाला आज सड़कों का करेंगे उद्घाटन व शिलान्यास

सोनीपत, (आदेश त्यागी) । हरियाणा के उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला 19 अगस्त को प्रातः 11 बजे लघु सचिवालय में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई सड़कों का उद्घाटन तथा शिलान्यास करेंगे। इसके पश्चात उप-मुख्यमंत्री गांव मटिण्डू में स्थित बैंकेट हॉल में दोपहर 12:30 बजे पर्वतारोही नीतीश दहिया को सम्मानित करने पहुंचेंगे, जिन्होंने माउंट एवरेस्ट व अन्य देशों में स्थित ऊंची पर्वत चोटियों को फतह कर देश का नाम रोशन किया है।

12 नवंबर को होगा चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

सोनीपत, (आदेश त्यागी)। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव रमेश चन्द्र ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रमोद गोयल के नेतृत्व में 12 नवंबर को चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर के अलावा गोहाना, गनौर, खरखौदा न्यायिक परिसर में आपसी सहमति से कसों का निपटारा किया जाएगा। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी रमेश चन्द्र ने बताया कि चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय में लंबित फौजदारी समाधेय, चेक बाउंस केस (धारा 138 एक्ट के मामले), बिजली और पानी के बिल मामले, अन्य दीवानी मामले, ट्रैफिक चालान, मोटर व्हीकल दुर्घटनाग्रस्त मामलों समेत अन्य विभिन्न लंबित वर्गों के मामलों का निपटारा किया जायेगा। जिला एडीआर सेंटर (वैकल्पिक समाधान केंद्र) स्थित स्थायी लोक अदालत के माध्यम से प्री- लिटिगेशन स्टेज पर विभिन्न बैंकों के बैंक लोन केसों, बिजली, पानी बिल, शिक्षा, इत्यादि जन उपयोगी सुविधाओं से सम्बंधित मामलों का निस्तारण किया जायेगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव रमेश चन्द्र ने बताया कि कोई भी व्यक्ति अपने केसों को राष्ट्रीय लोक अदालत में लगवाकर आपसी रजामंदी से केसों को लोक अदालत के माध्यम से निपटारा करवा सकता है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत केसों का निपटान का सरल व प्रभावी तरीका है। लोक अदालत समन्धी या अन्य विधिक जानकारी, कानूनी सलाह या सहयता के लिए के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत में स्वयं आकर यहाँ मौजूद रिटेनर लॉयर्स या पैनल लॉयर्स से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

हर्षोल्लास से मनाया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

नरवाना (अनिल कुमार)। एसडी कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व बेला पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की सभी छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जहां दसवीं कक्षा की छात्रा तमन्ना व अन्नु के, राधा कैसे ना नाचे गाने की प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं पांचवी कक्षा के छात्र द्वारा सुदामा के स्वरूप ने भी सभी को भावविभोर कर दिया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रिंसिपल विशाल गुप्ता एवं सुनीता मोर ने बताया कि इस त्यौहार में जहां भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं के दर्शन होते हैं वही श्रेष्ठ कर्म करने का संदेश भी मिलता है। सुनीता मोर ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने पूरे संसार में अपने जन्म और क्रियाकलाप से आत्मा की अमरता, जीवन के सार और कर्म के महत्व की श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस मौके पर संस्था के प्रधान सुरेश सिंघल, सचिव जियालाल गोयल, उपप्रधान राजकुमार गोयल, ने स्कूल स्टाफ व बच्चों मौजूद रहे।

अनिल त्यागी को एसडीएम सुरेंद्र दून ने प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

सोनीपत (आदेश त्यागी)। गन्नौर समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले जजपा हलका अध्यक्ष अनिल त्यागी को गन्नौर एसडीएम सुरेंद्र दून ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने कहा कि समाजसेवी लोगों के लिए समाज अधूरा है। समाजसेवी लोगों की समाज को जरूरत होती है। गन्नौर में समाज सेवी लोग हर तरह से समाज सेवा के लिए तत्पर रहते है यह बहुत बड़ी बात है। कोरोना महामारी में देखने में आया कि लोग खुद हर तरह से समाज सेवा करने के लिए उनके पास आ रहे थे। कोरोना जैसी महामारी की शुरुआत का दौरा था उस दौर में सबने एकजुटता दिखाई। जजपा हलका अध्यक्ष अनिल त्यागी ने बताया कि उनके जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित है। राजनीति के साथ-साथ जनसेवा करने से उन्हें सुकून मिलता है। कोरोना काल में सेनेटाइजर का छिड़काव करने के साथ मास्क वितरित करना, जरूरतमंदों की मदद की गई। ताकि हर कोई खुद को सुरक्षित महसूस करें। इस दौरान बीडीपीओ अंकित वर्मा भी मौजूद रही।

ग्रीन वैली में हर्षोल्लास से मनाया जन्माष्टमी पर्व

टोहाना (अप्रस)। स्थानीय रतिया रोड पर स्थित ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल टोहाना में जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस पर्व के उपलक्ष में कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के छात्र राधा-कृष्ण की पोशाक में आए। कक्षा छठी से दसवीं तक की छात्राओं के लिए मटकी सजाओ, छात्रों के लिए



बांसुरी सजाओ और कक्षा छठी से बारहवीं तक के छात्रों के लिए अंतर सदन मटकी फोड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्रों ने यमुना के तट पर बासुदेव, राधा-कृष्ण व सुदामा का रोल करके लघुनाटिका प्रस्तुत कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। सभी ने श्री कृष्ण को झूला झूला कर माखन, मिश्री का भोग लगाया। अंतर सदन मटकी फोड़ प्रतियोगिता में छात्रों ने कृष्ण व ग्वालों का रूप धारण कर रही हांडी तोड़कर वातावरण को कृष्णमय कर दिया। इस प्रतियोगिता में यमुना सदन ने प्रथम स्थान, गंगा सदन ने द्वितीय व रावी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन गौरव भूटानी व प्रधानाचार्या महिमा तनेजा ने छात्रों की कला की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया और छात्रों को समझाते हुए कहा कि सभी को श्री कृष्ण के गीता के उपदेशों का अनुसरण करना चाहिए। सकारात्मक सोच के साथ कर्म करते रहना चाहिए। फल की इच्छा नहीं रखनी चाहिए।

राजीव जैन ने कॉमनवैल्थ खेलों में हॉकी में रजत पदक विजेता खिलाड़ी अभिषेक नैन का किया अभिनंदन

भाजपा सरकार की खेल नीति की बदौलत खिलाड़ियों को मिल रहा विशेष प्रोत्साहन: राजीव जैन

- भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के निर्देश पर विजेता खिलाड़ी के घर जाकर दी बधाई
- वर्ल्ड कप के लिए अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए पूर्व मीडिया सलाहकार ने स्मृति चिन्ह किया भेंट

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत, 18 अगस्त। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कॉमनवैल्थ खेलों रजत पदक विजेता भारतीय पुरूष हॉकी टीम के खिलाड़ी अभिषेक नैन के मयूर विहार स्थित आवास में पहुंचकर उनको स्मृति चिन्ह भेंट कर शॉल ओढ़ाकर अभिदंन किया। उन्होंने अभिषेक व उनके परिजनों को बधाई देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अभिषेक ने देश का नाम रोशन कर जिलावासियों को गौरवान्वित होने का अवसर प्रदान किया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के निर्देश पर पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अभिषेक नैन के घर जाकर उनको सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की खेल नीति की बदौलत खेल-खिलाड़ियों को विशेष प्रोत्साहन मिल रहा है। इसके बेहतरीन परिणाम भी प्राप्त हो रहे हैं। हमारे खिलाड़ी लगातार सफल प्रदर्शन कर रहे हैं। ओलंपिक के बाद अब कॉमनवैल्थ खेलों में भी हमारे खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया है।

पूर्व मीडिया सलाहकार जैन ने कहा कि देश ने कॉमनवैल्थ खेलों में करीब 60 पदक जीते हैं, जिनमें से अकेले हरियाणा के खिलाड़ियों ने लगभग 20 पदक अपने नाम किये है। इनमें सोनीपत के खिलाड़ियों का विशेष योगदान रहा है। भारतीय हॉकी टीम में सोनीपत के खिलाड़ी अभिषेक नैन प्रमुख खिलाड़ी के रूप में शामिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभिषेक ने उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रोत्साहन देने का काम किया है। वे एक उदाहरण और प्रेरणा बनकर सामने आये हैं। अन्य खिलाडि?ों को उनसे सीखने को मिलेगा।

पूर्व मीडिया सलाहकार ने कहा कि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ भी हर अवसर पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते रहे हैं। इस मौके पर भी उन्होंने विशेष रूप से अभिषेक के लिए बधाई संदेश भेजा है। इससे खिलाड़ियों को हौंसला मिलता है और वे बेहतर से बेहतर प्रदर्शन को लालायित होते हैं। इसके साथ ही श्री जैन ने अभिषेक को आने वाले हॉकी वर्ल्ड कप में भी जीत के लिए शुभकामनां दी। उन्होंने कहा कि हमारी हॉकी की टीम बेहद मजबूत है, जो लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है। अपनी पुरानी लय में लौट रही हॉकी टीम से वर्ल्ड कप में भी सफल प्रदर्शन की आशाएं हैं। इस मौके पर अनेकों गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने कॉमनवेल्थ में स्वर्ण पदक विजेता को बुलेट बाइक से किया सम्मानित

- देवा सोशल वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक एवं मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के चेयरमैन है देवेन्द्र कादियान

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत 18 अगस्त। देवा सोशल वेल्फेयर सोसाइटी के संस्थापक एवं मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के चेयरमैन देवेन्द्र कादियान ने काम्नवेल्थ खेलों में कुश्ती में स्वर्ण पदक विजेता नवीन मलिक को जीटी रोड़ स्थित मन्नत हवेली पर स्वागत किया। कादियान ने पहलवान को बुलेट मोटरसाइकिल देकर सम्मानित किया। समाज सेवी व मन्नत ग्रुप आफ होटल्स के चेयरमैन देवेन्द्र कादियान ने कहा कि नवीन ने स्वर्ण पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रौशन किया है। इसी के चलते उन्होंने नवीन का हौसला बढ़ाने और क्षेत्र के अन्य खिलाडियों को प्रेरित करने के लिए ये सम्मान पहलवान को दिया है। सैकड़ों खेल प्रमियों ने शिरकत कर नवीन मलिक को बधाई देते हुए ओलंपिक में भी स्वर्ण पदक लाकर देश, प्रदेश व क्षेत्र का नाम रौशन करने की कामना की। ज्ञात रहे कि समाज सेवी देवेन्द्र कादियान ने ओलम्पिक में हाकी खिलाड़ी गन्नौर हलके के गांव कुराड के सुमित को भी बुलेट मोटरसाईकिल देकर सम्मान किया था। उन्होंने कादियान को बधाई दी। सम्मान समारोह में आए पहलवान नवीन ने कहा कि अपने सम्मान पर कादियान का धन्यवाद किया और कहा कि हमें कादियान पर गर्व है कि वो समय समय पर खिलाडियों व छात्रों को ईनाम देकर सम्मानित पहलवान नवीन के पिता धर्मपाल ने कहा कि वे बेटे का बेहतर सम्मान करने पर खुशी व्यक्त करते हुए आभार व्यक्त करते है कि बेटे को इनता सम्मान दिया। पहलवान नवीन ने कहा कि इससे खिलाड़ियों को हौसल्ला बढ़ता है। पहलवान के सम्मान कार्यक्रम में पहलवान नवीन के पिता धर्मपाल, भाई प्रवीन , सुनील मलिक, हरिओम तेवडी, जसबीर, सुनील गुमड, दलबीर, वेदपाल, पूर्व पार्षद अंकित मल्होत्रा, विवेक कादियान, हर्ष, सचिन, चांद राठी आदि मौजूद थे।

ऋग्वेदा इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

टोहाना 18 अगस्त (सुरेश)। ऋग्वेदा इंटरनेशनल स्कूल टोहाना में जन्माष्टमी का त्योहार बड़ी धूम-धाम से मनाया। इस अवसर पर बच्चे पीले वस्त्र पहनकर स्कूल आए। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी बच्चों ने इसका भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर पहली व दूसरी कक्षा के बच्चों ने श्री कृष्ण से संबंधित गीतों पर डांस किया, वहीं चौथी कक्षा के बच्चों ने श्री कृष्ण के गीत गाकर सभी का मन मोह लिया।

अन्य कक्षाओं के लिए भी कई तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी के छात्रों ने बांसुरी डेकोरेशन करके अपने भाव व्यक्त किए और कक्षा सातवीं के छात्रों ने राधा-कृष्ण के पोट्रेट-स्केच बनाकर अपनी कला का परिचय दिया। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन प्रदीप कुमार मड़िया ने बताया कि यह पर्व एक धार्मिक पर्व है।

भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लेकर पृथ्वी को दुष्टों के संहार से बचाया इसलिए हजारों वर्षों से जन्माष्टमी के पर्व को पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है।

स्कूल प्रधानाचार्या कमला पाल ने भी श्री कृष्ण के जीवन से जुड़ी कुछ महत्त्वपूर्ण जानकारियां बच्चों के साथ सांझा की और बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी।

बबली ने थाइलैंड की कंपनी द्वारा लगाए गए पायलेट प्रोजेक्ट का किया निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/सुरेश

टोहाना 18 अगस्त। प्रदेश सरकार तालाबों के नवीनीकरण और उनके सौंदर्यकरण करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। ग्रे वाटर मैनेजमेंट के तहत तालाबों का पानी गांवों के आर्थिक विकास में सहयोग दें, इसके लिए इस पानी को सिंचाई के लिए उपयोग में लाने के लिए तकनीक इस्तेमाल की जा रही है। हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने गांव ढाणी भोजराज के तालाब में ग्रे वाटर मैनेजमेंट स्कीम के तहत थाइलैंड की कंपनी द्वारा लगाए गए पायलेट प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने बताया कि प्रदेश में 18 हजार ऐसे तालाब है, जिनका सौंदर्यकरण और नवीनीकरण किया जाना है। पानी की गुणवत्ता को सुधार कर उसका उपयोग गांव के आर्थिक विकास में हो, इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। पहले फेज में 3500 तालाबों को लिया गया है। इन तालाबों में पानी की गुणवत्ता को ठीक करने के लिए अनेक कंपनियों से बातचीत चल

रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि ढाणी भोजराज गांव के तालाब में थाइलैंड कंपनी द्वारा यह प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है। पानी के सैंपल तकनीकी तौर पर लिए गए है। इनके सभी नियमावली अनुसार मानदंडों को पूरा करते हुए चैकिंग की जाएगी। 15 दिन में इसका रिजल्ट आएगा, सकारात्मक परिणाम आने पर सरकार इस पायलेट प्रोजेक्ट को प्रदेश में आगे लेकर जाएगी।

फोटो 3: ग्रे वाटर मैनेजमेंट के तहत पायलेट प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते मंत्री देवेंद्र सिंह बबली।

ब्रह्मकुमारीज सेवा केंद्र परिसर में बीके अर्चना दीदी ने जन्माष्टमी का किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

गन्नौर, 18 अगस्त। नगर पालिका रोड़ स्थित ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र परिसर में वीरवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरूष धार्मिक समारोह में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाया। इस मौके पर श्रीकृष्ण जन्मकथा तथा नंदोत्सव पर संगीतात्मक झांकी निकाली गयी। साथ ही प्रमात्म प्रदर्शनी भी लगायी गयी। श्री कृष्ण जन्म पे केक भी काटा गया।बाल कलाकारो ने कृष्ण जी गीतों पर नृत्य कर महौला खुशनुमा बना दिया। इस मौके पर बिके अर्चना दीदी ने श्रीकृष्ण के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वे परमपिता परमात्मा शिव से सहज राजयोग की शिक्षा प्राप्त की एवं ईश्वरीय शक्ति से सम्पन्न हुए। तभी से सभी लोग उनका पूरी आस्था व श्रद्धा के साथ गुणगान करने लगे। उन्होंने कहा कि वास्तव में मनुष्य ही दैवी गुण धारण करने के बाद देवता कहलाते है और आसुरी लक्षण के कारण साधारण मनुष्य कहलाते है। उन्होंने कहा कि वहीं दूसरी ओर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय सेवा केंद्र के मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी अर्चना दीदी ने कहा कि श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व निर्विवाद रूप से एक अत्यंत अध्यात्मिक था।

सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्मा कुमारी अर्चना दीदी ने कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए श्री कृष्ण जी की महानता एवं पवित्रता पर प्रकाश डाला दीदी ने बताया कि श्रीकृष्ण जो इतना पावन सतोप्रधान थे कि जिस की भक्ति से मीरा ने लोक लाज का त्याग करके पवित्रता की धारणा की,सूरदास ने संयास ले लिया ,तो श्री कृष्ण भला कैसे किसी का चीरहरण कर सकते हैं, उनके लिए तो गायन है 16 कला संपूर्ण ,संपूर्ण निर्विकारी मर्यादा पुरुषोत्तम अहिंसा परमो धर्म ...,जो स्वयं संपूर्ण निर्विकार एवं मर्यादा पुरुषोत्तम है वह कैसे मर्यादा का उल्लंघन कर सकता है, जरूर इसका कोई अलौकिक रहस्य होगा जिसको हमें समझना अति आवश्यक है। दीदी ने श्री कृष्ण जी की झांकी एवं व्रत का महत्व बताते हुए कहा की व्रत अर्थात संकल्प, जैसे व्रत में भोजन को छोड़ते हैं, ऐसे हमें व्रत लेना है अपनी किसी बुराई को छोड़ने का और सद्गुणों को धारण करने का संकल्प दिलवाया। वे जन्म से ही महान थे। महान दिव्य पुरुष, कृष्ण का आगमन बहुत जल्द ही होगा। साथ ही सुख-शांति की बांसुरी बजेगी। अंत मे सभी को प्रशाद वितेइट किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं एवं पुरूषों ने भाग लिया।

क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS

ज्योतिष

बाबा फरीद बंगाली! काले इल्म वाले महा वशीकरण, महा मुठकरनी , मनचाहा वशीकरण करवाए, मुकदमा, सौतन - दुश्मन छुटकारा, तलाक करवाए, किया - कराया , इंटर - कास्ट मैरिज . सम्पर्क करें 7618138838

F-ADVT

ऑल इंडिया खुला चैलेंज
भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
मात्र 11 घंटों में फोन पर समाधान
बाबा बंगाली
जैसे भूत प्रेत, जादू टोना, किराया कराया कारोबार में रूकावट,सौतन दुश्मन से छुटकारा वशीकरण स्पेशलिस्ट
मेरा किया कोई पंडित, मौलवी काट दे उसे ईनाम
9536542428

AP-3487

फ्री सेवा फ्री सेवा फ्री सेवा
जिसको होगा ज्ञान वही करेगा समस्या का समाधान
गुरू शाहजी बंगाली
मनचाहा प्यार, लवमैरिज किया कराया सौतन दुश्मन से छुटकारा नौकरी कर्ज, कारोबार, ग्रह कलेश, संतान प्राप्ति, तलाक, वशीकरण व मुठकरनी स्पेशलिस्ट
रोहतक
Mb. 98121 54023

ऋण

Tata Capital Finance में पाएं 0 प्रतिशत ब्याज, 40 प्रतिशत छूट पर 24-48 घंटों में पर्सनल, होम, बिजनेस, एग्रीकल्चर, प्रॉपर्टी, मॉर्गेज लोन, टोल फ्री : 18001210478, हेल्पलाइन नं. 8102953964

F-ADVT

आदित्य फाइनेंस
(1 लाख से 50 लाख तक)
राशनकार्ड, आधारकार्ड, पैनकार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, मछलीपालन सभी प्रकार के लोन कम समय 2% ब्याज पर (महिलाओं हेतू विशेष छुट)
9667885501

आवश्यकता

Vacancy for One Sales Woman on Temporary Basis Golden Arrow Tarini Shop Ferozepur Cantt Application form Golden Arrow Tarini Shop Last Date 18 July 2022 Interview 20 July 2022.

F-ADVT

कुवैत और कतर हेतु सिविल फोरमैन, सेफ्टी ऑफिसर, रिंगर, कुक, कंप्यूटर ऑपरेटर, सिक्योरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, कारपेंटर, स्टोर कीपर,पेंटर, जेसीबी ऑपरेटर, ड्राइवर, वेल्डर मेंशन, पाइप फिटर, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन ईमेल- transasiainc92@ gmail. com संपर्क- 8850061490, 8850865072

ADVERTISING REGD कंपनी में SMS JOB करके लड़के-लड़कियां, ग्रहणी, स्टूडेंट, रिटायर्ड, घर बैठे कमाएं 21,400-31,400/-महीना मोबाइल+ सिम+ डाटा मुफ्त। Mob. 9643012536

मेडिकल

गुप्त रोग, कमजोरी ठीक, पाऊडर पहले दिन से ही फायदा, मोटापा घटाए, हर नशा छुड़वाए, आयुर्वेदिक दवाईयां से सेहत बनाए।

मो. 8837701402

AP-2176

सार्वजनिक सूचना

मैं, अनीता पत्नी अमित सैनी वासी मकान नं. 556, सैनी डेरा नजदीक घोगड़ीपुर फाटक महाबीर कोलोनी घोगड़ीपुर करनाल ने अपना नाम बदलकर अनीता सैनी रखा है।

मैं, अमित पुत्र हुकम चंद वासी मकान नं. 556, सैनी डेरा नजदीक घोगड़ीपुर फाटक महाबीर कोलोनी घोगड़ीपुर करनाल ने अपना नाम बदलकर अमित सैनी रखा है।

मैं, Minika भूटानी पत्नी संजय कुमार वासी मकान नं. 500, E-10 सुभाष गेट करनाल ने अपना नाम बदलकर Monika भूटानी रखा है।

मैं, भावना पत्नी रोहित सिंदवाणी वासी 21-ए, वार्ड नं. 11, नील नगर, नीलोखेड़ी, जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर भावना सिंदवाणी रखा है।

मैं, Sangeeta देवी पत्नी सुखपाल सिंह वासी Saga, नीलोखेड़ी, करनाल ने अपना नाम बदलकर Sangita देवी रखा है।

मैं, कुसुम हांडा पत्नी हरीश अरोड़ा वासी 34/9 राम नगर करनाल ने अपना नाम बदलकर कुसुम अरोड़ा रखा है।

मैं, रितू शर्मा पत्नी राजीव शर्मा वासी गांव और डाकघर रावंर जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर रीटा रानी रखा है।

मैं, रूबी बंसल पत्नी गौरव जिंदल वासी जाखल मंडी, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर रूबी जिंदल रखा है।

मैं, मीना देवी पत्नी सतीश कुमार वासी भुना, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर मीना रखा है।

मैं, Ranjit सिंह पुत्र बलबीर सिंह वासी बादलगढ़, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Ranjeet सिंह रखा है।

मैं, हरदीप सिंह पुत्र केवल सिंह वासी Digoh, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर हरदीप सिंह निज्जर रखा है।

मैं, संदीप कौर पत्नी हरदीप सिंह निज्जर वासी Digoh, फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर संदीप कौर निज्जर रखा है।

मैं, मनीष पुत्र जय पाल वासी 45, सुल्तान पुर, अम्बाला ने अपना नाम बदलकर मनीष धीमान रखा है।

मैं, रीना Rawal पत्नी बनारसी दास वासी 101C ओबेरॉय कोलोनी यमुनानगर ने अपना नाम बदलकर रीना रखा है।

AP-2317

I Tanima Sarkar W/o No. 8038358A Rank NK (GD) Nurjaman Sardar R/o Patiram, Uttar Roypur, Balurghat, Dakshin Dinajpur State west Bengal, Pin - 733133 declare that in my husband's Service record my name is erroneously written as Tanima Sarkar Sardar whereas my correct name is Tanima Sarkar.

AP-2316

मैं, गुरमीत नैन पुत्र सत्यवान निवासी सच्चाखेड़ा तह. नरवाना जिला जीन्द अपने हल्फ से ब्यान करता हुँ कि मैने अपना नाम बदलकर गुरमीत नैन से गुरमीत रख लिया है। जो सही व दुरूस्त है।

AP-2323

मैं, Rajinder Mehla पुत्र गुलाब सिंह निवासी गांव मिरजापुर जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर Rajinder Singh रख लिया है।

AP-2320

मैं, मनीषा गोयल पत्नी साहिल गर्ग निवासी मकान नंबर 131 , सैक्टर 19, पार्ट-1, हुडा कैथल, अपना नाम मनीषा गोयल से बदलकर मनीषा गर्ग रखती हूं। नोट करें ।

AP-2335

मैं, अमित कुमार पुत्र सुभाष चन्द निवासी 78, मॉडल टाउन, पिहेवा, कुरुक्षेत्र ने अपने नाबालिग पुत्र सार्थक अरोड़ा का नाम सार्थक उपनाम अरोड़ा रख लिया है।

मैं, गुरजन्ट पुत्र कर्मा गांव कलसा तहसील पिहोवा जिला कुरूक्षेत्र ने अपना नाम गुरजन्ट उपनाम मचल रख लिया है।

मैं, गगन कुमार पुत्र ईश्वर दास गांव हमीरा फार्म, पिहेवा, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम गगन उपनाम कुमार रख लिया है ।

AP-2341

बेदखली सूचना

मैं, कुलवन्त कौर पत्नी स्वर्गीय जीत सिंह निवासी वार्ड नंबर 14 फौजी प्लाट पिहोवा तहसील पिहोवा कुरुक्षेत्र मेरी पुत्रवधू प्रीतम कौर पोत्री सिमरनजीत कौर मेरे कहने सुनने से बाहर होने के कारण अपनी चल अचल संपति से बेदखल करती हूं भविष्य में इनसे लेनदेन से संबंध रखने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा

मैं, सुमन शर्मा पत्नी विजय कुमार निवासी शिवपुरी रोड़ तहसील पिहोवा जिला कुरुक्षेत्र मेरा पुत्र अनमोल शर्मा मेरे कहने सुनने से बाहर होने के कारण अपनी चल अचल संपति से बेदखल करती हूं, भविष्य में इसके द्वारा किये गए अनैतिक कार्य व लेन देन के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा

AP-2341

मैं, सुरिन्द्र पुत्र राम प्रताप निवासी # 2, गांव खंगेसरा पंचकूला मेरा पुत्र दीप चंद मेरे कहने से बाहर है। मैं इसे अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। इससे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

AP-2308

We, Rupesh Sharma s/o Lakpath Raj and smt Bimla Devi w/o Rupesh Sharma r/o #1677/2 sector 30B Chandigarh we debarred/ Disown our son Puneet Sharma from our movable and immovable property because he out of our Control if anybody deal with him he/she will be responsible himself/herself .

AP-2309

हम बलबीर सिंह पुत्र स्वर्गीय कालु राम व मूर्ति देवी पत्नी बलबीर सिंह निवासीगण वार्ड नं. 6 , अराईपुरा रोड घरोंडा तहसील घरोंडा जिला करनाल का छोटा बेटा बिजेन्दर हमारे कहने - सुनने से बाहर है । इसीलिए हम उसे अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करते है जो कोई भी उस से लेन देन करेगा खुद जिम्मेवार होगा।

AP-2314

मैं, सुखदेव पुत्र श्री बिशना राम निवासी गांव हाफिजपुर, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर बयान करता हूं कि मेरा लड़का राहुल मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है और कभी भी हमारा कहना नही मानता, और बार-बार मेरे व मेरे परिवार के साथ झगड़ा करता है। इसलिए मैं अपने लड़के राहुल को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इसके साथ जो कोई भी लेन देन करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा।

AP-2315

मैं, दर्शन लाल पुत्र स्वर्गीय प्रीतम गिरी निवासी प्त 884, काली माता मन्दिर के पास, कालका, हरियाणा घोषणा करता हूं कि मेरा बेटा ऋषि गोस्वामी और उसकी पत्नी वैशाली अचिंत मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं इन्हें अपनी चल-अचल सम्पति से बेदख़ल करता हू। भविष्य में इनसे लेन देन करने वाला संवय जिम्मेवार होंगे

AP-2337

खोया-पाया

मैं, दिलबाग सिंह पुत्र कपूर सिंह, निवासी मकान नं. 827 सेक्टर 19-II, हुडा, कैथल। पिछला रजि. बिक्री विलेख नं. 2402/1 दिनांक 30.6.2010 मेरे द्वारा 2.7.2022 को खो दिया गया है। मैंने पुलिस को सूचित कर दिया है। मैं संपत्ति गिरवी रखना चाहता हूं। यदि किसी को गुम विक्रय विलेख मिलता है या कोई आपत्ति है। कृपया मुझे या शाखा प्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, कैथल को 7 दिनों के भीतर सूचित करें.

AP-2307

आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

मैं, अजय कुमार पुत्र सुखदेव राज निवासी मकान संख्या - 3157 मौली जागरण कॉम्प्लेक्स चंडीगढ़, घोषणा करता हूं कि मेरी SALE DEED (वासिका नं.) 10979 दिनांक 10.10.2011 एवं 13836 दिनांक 25.1.2011, प्लॉट नं.-65 गणेश विहार, गुलाब गढ़ रोड डेरा बस्सी पंजाब, जोकि मौली कॉम्प्लेक्स बूथ मार्केट में दिनांक 2.8.2022 को घुम हो गई है , इस मामले की शिकायत मौली जागरण थाने में दर्ज करवाई गई है जिसकी शिकायत संख्या 2022/025806 दिनांक 18.08.22 है, यदि किसी व्यक्ति को मिले, कृपया 9988224856 पर संपर्क करें।

AP-2318

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि Gagan Chawla S/o Late Madan Lal ,Jitender Kumar, Indu Rani Alias Indu Bala ने जायदाद नं. 4835 /1 रकबा 21.11 Sq. Yard Mochi Mandi अम्बाला छावनी जो कि Madan Lal के नाम गृहकर रिकार्ड में दर्ज है अब वसीयत / मृत्यु प्रमाण पत्र/ शपथ पत्र के आधार पर अपने नाम करवाने बारे नगर परिषद अम्बाला सदर जोन में आवेदन किया है अगर किसी भी व्यक्ति को यह नाम तबदील बारे किसी भी तरह का ऐतराज हो तो 15 दिन के भीतर ऐतराज सहित इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा नियमानुसार नाम बदल दिया जाएगा

सचिव नगर परिषद अम्बाला

AP-2342

बेदखली सूचना

मैं, शेर सिहं पुत्र श्री हरी राम निवासी गांव सुलतानपूर, तहसील निलोखेडी जिला करनाल ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र रविन्द्र, मेरी पुत्री दीपती और मेरी पत्नी अमृत कौर मेरे कहने- सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ, भविष्य में इनके साथ लेन - देन करने वाला स्वंय जिम्मेवार होगा। मेरे परिवार के अन्य सदस्य और रिश्तेदार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

AP-2322

सार्वजनिक सूचना

मैं, सत्यवान पुत्र स्व. श्री रामपाल निवासी म. नं. 641, वार्ड नं. 6, जवाहर नगर, पटियाला चौक, जींद, सूचित करता हूँ कि मैंने अपनी पत्नी सरोज, पुत्र राहुल व पुत्री ऋतु से अपने संबंध विच्छेद कर लिए हैं तथा ऋतु व राहुल को अपनी चल- अचल संपति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति इन तीनों से किसी भी प्रकार का लेनदेन/ व्यवहार आदि करेगा तो स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी, मेरी मां व मेरे परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

AP-2311

सार्वजनिक सूचना

मैं, सुरेन्द्र सिंह पुत्र सतबीर सिंह, निवासी गांव पेगां, जिला जीन्द, सूचित करता हूँ कि मेरी रजिस्ट्री नं. 628 व 629 दिनांक 10-06-2014 हैं जो दिनांक 10-07-2022 को पुराना बस स्टैण्ड, जीन्द पर गुम हो गई हैं जिसकी एफ. आई.आर. न. 32300112201315 दर्ज करवा दी गई है। अगर किसी को मिले तो कृपा करके मेरे मोबाइल नं. 9896551598 पर सूचित करने का कष्ट करें, सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद किसी प्रकार का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।

AP-2311

न्यूज ब्रीफ

श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)। श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर हथीरा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों राधा-कृष्ण की पोशाक पहनकर शानदार कार्यक्रम की प्रस्तुत किया। जिसमें दही, हांडी, नृत्य, गायन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसीपल राजेश शर्मा ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व की बधाई और भगवान श्री कृष्ण की जीवन लीला के बारे विस्तार से बताया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहे।

मिलेनियम स्कूल के छात्रों ने जानी बैंकिंग व्यवस्था

कालांवाली (अप्रस/विनोद अरोड़ा)। ओढां रोड कालांवाली स्थित द मिलेनियम स्कूल के नौवीं कक्षा के छात्रों ने बैंकिंग व्यवस्था को समझने के लिए कालांवाली के स्टेट बैंक मे विचरण किया। उन्होंने बैंक मे होने वाले प्रत्येक कार्य का बारीकी से निरक्षण किया। बहा के सहायक कर्मचारियों ने एक-एक करके बैंक से सम्बन्धित सभी गतिविधियों से अवगत कराया। बैंक के मैनेजर अभिषेक कुमार ने सभी विद्यार्थियों को यह भी समझाया कि हमारे जीवन मे बैंक का क्या महत्व है। जब बैंक नहीं थे तो लोगों को अपनी जमा -राशि को रखने मे कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था परंतु अब लोग बैंक खातों मे जमा राशि को रखकर तथा गहनों के लिए लॉकर की सुविधाएं लेकर अपने आप को सुरक्षित महसूस करते है। इसके अलावा पैसों का आदान -प्रदान भी बैंको के माध्यम से आसान हो गया है। सभी विद्यार्थियों ने इस अवसर को प्रापत करके काफी जानकारी एकत्रित की तथा वे सभी अत्यंत प्रसन्न थे।

आईटीआई में दाखिले के लिए 21 तक करें आवेदन

चंडीगढ़ (अप्रस)। हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा राज्य में स्थित सभी राजकीय तथा प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में वर्ष 2022-23 के दाखिले के लिए अब 21 अगस्त तक विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने आज इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवारों को दाखिले के लिए ऑनलाइन तिथि को 16 अगस्त से बढ़ाकर 21 अगस्त, 2022 कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी आई.टी.आईज. में दाखिले हेतू इच्छुक प्रार्थियों को विवरण पत्रिका डाऊनलोड करनी होगी तथा ऑनलाइन पंजीकरण हेतु www.admissions.itiharyana.gov.in पर लॉगइन करना होगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, फैमिली आईडी, ई-मेल आईडी, मैट्रिक का प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, बैंक की कॉपी लेकर अपना ऑनलाइन दाखिला फार्म भरवा सकते हैं। किसी भी प्रकार की अन्य सहायता के लिए विभागीय वैबसाईट पर व टोल फ्री नम्बर 0172-2586071 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

स्कूल में मनाया कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

पिहोवा (अप्रस/पौल्स्त्य)। शिवशिक्षा निकेतन स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। जिसमें नन्हे नन्हे बच्चो ने भाग लिया। प्रधानाचार्य डा0 सुमित्रा ने कार्यक्रम को शुभारंभ करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण का धरती पर अवतार लेना मानव जाति के लिए वरदान है। पृथ्वी पर अत्याचार करने वाले राक्षसो को संहार करके धर्म की स्थापना की व सभ्यता संस्कृति को बढाया। भगवान श्री कृष्ण का गीता उपदेश मानव को जीने की कला सिखा रहा है। भगवान श्री कृष्ण ने इस पृथ्वी पर सभी सौलह कलाओ से अवतार लिया। इस मौके पर शिक्षक ज्योति प्रेरणा , पूजा , बलवंत पुरी सहित स्कूल स्टाफ व बच्चे मौजूद थे। नन्हे बच्चो ने भगवान री कृष्ण व बाल सखाओ के रूप में आकर मंच पर अपनी प्रस्तुती दी।

मैरीगोल्ड स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम

कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)। मैरीगोल्ड पब्लिक स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में नन्हें नन्हें बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण और राधा जी का स्वरूप धारण करके नृत्य प्रस्तुतियां करते हुए सबका मन मोह लिया। बच्चों ने भगवान कृष्ण के जन्मदिन का केक काटा। इस दौरान जय श्री कृष्णा और जय श्री राधे के जय घोष से पूरा स्कूल प्रांगण कृष्णमय हो गया। स्कूल की प्रिंसिपल सरोज अरोड़ा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम हमारी संस्कृति को महान बनाते हैं। भगवान श्री कृष्ण द्वारा रचित गीता को पढ़कर ही आज पूरा विश्व आगे बढ़ रहा है। स्कूल के संचालक सुरेन्द्र अरोड़ा ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की सभी को बधाइयां दी। इस मौके पर प्रेरणा दुआ, सोनिया चुघ, रेणु मिगलानी, आरती भाटिया, दीपिका वर्मा, साक्षी सहगल, गीता नारंग, रीटा धीमान आदि अध्यापिकाये मौजूद रही।

न्यूटन पब्लिक स्कूल छात्र बने राधा कृष्ण

कैथल (अप्रस)। न्यूटन पब्लिक स्कूल कैथल में जन्माष्टमी का पर्व बड़ी धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवीण प्रजापति ने शिरकत की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या रेखा ने की। जन्माष्टमी पर्व पर स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। इसमें बच्चों ने राधा कृष्ण के भजनों पर नृत्य कर वातावरण कृष्णमय बना दिया। छोटे छोटे बच्चे राधा कृष्ण की वेश भूषा में बहुत ही सुंदर लग रहे थे। मुख्यातिथि प्रवीण प्रजापति ने कहा कि संसार भगवान कृष्ण का 5249वां जन्मोत्सव मना रहा है। उन्होंने बच्चों को भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया कि हमारे देश की संस्कृति बहुत ही गौरवशाली है। भारत में सभी धर्मों के लोग रहते हैं और सभी त्योहार मिल जुलकर मनाते हैं। मंच का संचालन सरोज और साक्षी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सुनीता, मनीषा, निशा, पूजा, कोमल, मंजीत कौर, अमन आदि भी उपस्थित रहे।

थनीकुंड डैम की प्राथमिक रिपोर्ट को मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी, डैम निर्माण का प्रोजेक्ट बढ़ा आगे

हथनीकुंड डैम हरियाणा सरकार का महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट : मनोहर लाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 18 अगस्त। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने गुरुवार को हथनीकुंड डैम की प्राथमिक रिपोर्ट को मंजूरी दे दी। उन्होंने सर्वप्रथम डैम से संबंधित समीक्षा बैठक ली, इसके पश्चात हरियाणा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा तैयार की गई प्राथमिक रिपोर्ट को केंद्रीय जल आयोग के समक्ष भेजने की मंजूरी दी। जल आयोग के अतिरिक्त यह रिपोर्ट पांच राज्यों में भी भेजी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हथनीकुंड डैम हरियाणा सरकार का एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट के निर्माण में यह रिपोर्ट बेहद अहम है।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि पानी धरती का एक अमूल्य तत्व है। हर वर्ष बारिश के दिनों में पानी बर्बाद होता है और यमुना नदी के क्षेत्र में बाढ़ आती है। इसी के चलते हरियाणा सरकार ने हथनीकुंड में डैम बनाने का निर्णय लिया है। इस डैम का कैचमेंट एरिया लगभग 11170 स्कवेयर किलोमीटर होगा। डैम हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के क्षेत्र में बनाया जाना है। इसके बनने से हरियाणा को न केवल बिजली मिलेगी बल्कि पानी की आपूर्ति भी होगी। हथिनीकुंड डैम की वार्षिक बिजली उत्पादन क्षमता 763 एमयू होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय जल आयोग की सैद्धांतिक सहमति प्राप्त करने के लिए प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार करना आवश्यक है। इसी कड़ी में प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की गई है। इस रिपोर्ट को अब केंद्रीय जल आयोग, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली को भेजा जाना है।

इस बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री डीएस ढेसी, मुख्य सचिव श्री संजीव कौशल, हरियाणा सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के एसीएस श्री अपूर्व कुमार सिंह व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

डैम के नजदीक बनेगा पर्यटन केंद्र

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि डैम बिजली और पानी की आपूर्ति तो करेगा ही लेकिन इसे पर्यटन का केंद्र भी बनाया जाएगा। कोई भी डैम पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होता है। यह डैम जिस क्षेत्र में बनने वाला है, वह बेहद हराभरा और प्रकृति के करीब है। इसे पर्यटकों की दृष्टि से भी विकसित किया जाएगा।

डैम के बनने से आपसपास के क्षेत्र में होगी ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग

मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि हथनीकुंड डैम के बनने से आसपास के क्षेत्र में ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग होगी और इससे किसानों को लाभ मिलेगा। इसके अतिरिक्त यमुना नदी के क्षेत्र में हर वर्ष बारिश के दिनों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। इससे किसानों की फसलें खराब हो जाती है। डैम के बनने से बाढ़ की समस्या से निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस डैम के बनने का फायदा रेणुका, किसाऊ और लखवार तीनों डैम को मिलेगा। इन तीनों डैम का बैलेंसिंग रिजरवायर फंक्शन हथनीकुंड डैम को ही बनाया जाएगा।

अब रेशनेलाइजेशन के खिलाफ स्कूल कैडर लेक्चरर्स एसोसिएशन

■ माध्यमिक स्कूलों में खाली हैं 28 हजार पद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 18 अगस्त। स्कूल कैडर लेक्चरर्स एसोसिएशन ने कहा है कि प्रदेश के माध्यमिक स्कूलों में 28 हजार से अधिक पद रिक्त हैं और सरकार गलत रेशनेलाइजेशन करके स्कूलों में पद समाप्त करना चाहती है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष गुरदीप सैनी ने आज पत्रकारों से बातचीत में सरकार की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी तथा रेशनेलाइजेशन पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसी विद्यालय में जिस विषय में पहले से ही विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं उन पदों को कैप्ट किया जा रहा है जो कि गलत है। शिक्षा विभाग ने बिना होमवर्क किए रेशनलाइजेशन सूची जारी की गई है। यह सूची विद्यालय या वेबसाइट पर भी जारी नहीं की गई है।

संगठन के वरिष्ठ उपप्रधान अशोक शर्मा ने बताया कि जिन स्कूल में किसी भी विषय के विद्यार्थी पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं तो ऐसे पदों को कैप्ट न रखा जाए। फाइन आर्ट, गृह विज्ञान मनोविज्ञान,शारारिक शिक्षा, कंप्यूटर आदि विषयों में पद कैप्ट न किए जाए। पीटीआई,डीपी या पीजीटी शारारिक शिक्षा का पद सभी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जरूर दिया जाए।

संगठन के प्रवक्ता अनिल सैनी ने बताया कि सरकार माध्यमिक शिक्षा विभाग में गलत रेशनलाइजेशन करके विभाग में 28 हजार 882 पदों को समाप्त करने जा रही है अधिकतर हाई स्कूलों से पीजीटी के पदों को समाप्त कर दिया गया है इन स्कूलों के विद्यार्थी कैसे शिक्षा प्राप्त करेंगे।

कुछ शिक्षकों द्वारा जोन पांच, छह और सात में दोबारा से स्कूल चयन किया गया था परंतु उनको अब जबरदस्ती ड्राइव में शामिल किया जा रहा है। उपरोक्त सभी समस्याओं का समाधान करने के उपरांत ही योग्य अध्यापकों की सूची जारी करके नई रेशनलाइजेशन सूची जारी करके स्कूल चयन के ऑप्शन उपलब्ध करवाए जाए।

बरोट-बंदराना स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते मेडल

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 18 अगस्त। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरोट बंदराना के बच्चों ने रोहतक में हुई कैडेट एवं जूनियर कुराश चैंपियनशिप में पदक जीत कर विद्यालय और जिला कैथल का नाम रोशन किया।

प्रशिक्षक मनोज कुमार ने बताया कि वर्षा ने 35 किलोग्राम में ब्रोंज, अन्नु ने 52 किलोग्राम में ब्रोंज और सोनू ने 73 किलोग्राम में ब्रोंज मेडल जीता। ये खिलाड़ी रोजाना 2 टाइम अभ्यास कर तैयारी कर रहे हैं। प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार, संजय अध्यापक, राजेश, विवेक, अंजू बाला, गीता आर्य और डीपीई मंजू शर्मा ने फूल मालाओं से खिलाड़ियों और प्रशिक्षक का स्वागत किया और पदक जीतने पर बधाई दी।

प्रेम और भक्त जीवन को श्रेष्ठ बनाते हैं: राधे प्रिया

करनाल (अप्रस)। श्री रघुनाथ मंदिर सभा (ट्रस्ट) द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा उत्सव के आज सप्तम दिन राधे प्रिया ने अपनी मधुर वाणी से कथा सुनाते हुए कहा कि सप्तम दिवस श्रीमद् भागवत कथा में सुदामा जी का पावन चरित्र श्रवण कराया गया। अगर प्रेम और भक्ति जीवन में है तो भगवान अमीरी और गरीबी नहीं देखते उसे अपने हृदय से लगा लेते। सुदामा जी कृष्ण के बचपन के सखा हैं गरीब हैं लेकिन दरिद्र नहीं है जितेंद्रिय हैं। 4 मुट्ठी चावल लेकर द्वारकाधीश से मिलने गए भगवान ने एक मुट्ठी चावल खाया और सुदामा जी को कुबेर का खजाना दे दिया इतने दयालु हैं भगवान। जीवन में कभी किसी दूसरे का हक नहीं खाना चाहिए नहीं तो जीवन में निर्धनता आती है। आज विराम कथा में राजा नृग का चरित्र भक्तों ने श्रवण किया।

भगवान श्री कृष्ण के जीवन का हर पक्ष अनुकरणीय : सुखीजा

श्री सनातन धर्म बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राम नगर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

करनाल, 18 अगस्त। श्री सनातन धर्म बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राम नगर में आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम मनौहारी ढग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के विधायक प्रतिनिध संजय बठला थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता व्यवसायी ओम प्रकाश सुखीजा ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में समाजसेवी श्रीमती रेखा सुखीजा दक्षिण हरियाण बिजली प्रसारण निगम के निदेशक प्रवेश शर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रवीण गुलाटी, प्रबंधक सुरेश पुरी, प्रधानाचार्य धनेश डियरी, अनिल अरोड़ा, प्रवीण बधावन, रामधन शर्मा मॉजूद थे। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यअतिथि नपे दप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मतुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों को श्री कृष्णा के जीवन से प्रेरणा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के लिए बिना स्वार्थ के कर्म करना ही सच्ची राष्ट्र भक्ति हैं। अपने अध्यक्षीय संबोधन में व्यवसायी ओम प्रकाश सुखीजा ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने योग के साथ जीवन के प्रबंधन की सीखर दी। उन्होंने मानवता को श्रीमदभगवत गीता जैसा उपहार दिया। भगवान कृष्ण के जीवन के हर पक्ष से हमे नई सीख मिलती हैं।इस अवसर पर रेखा सुखीजा और प्रबेश शर्मा ने भगवान कृष्ण की लीलाओं के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी बच्चों को बधाई दी। इस अवसर पर बच्चों ने समूह न्य समूह गान तथा अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य धनेश डेयरी ने किया। आभार प्रर्दान प्रवीण गुलाटी ने किया।

लम्पी स्किन से निपटने को प्रदेश सरकार दिखाए गंभीरता : हुड्डा

■ पशुपालकों और गौशालाओं को मिले मुआवजा व अनुदान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 18 अगस्त। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने लंपी बीमारी से निपटने के लिए युद्धस्तर पर काम करने की मांग की है। हुड्डा ने कहा हे कि प्रदेश में हजारों की तादाद में पशु इस खतरनाक बीमारी की चपेट में आ चुके हैं। लगातार पशुओं की जान जा रही है, लेकिन सरकार की तरफ से अभी तक जरूरी सक्रियता नहीं दिखाई गई है।

गुरुवार को चंडीगढ़ में जारी एक बयान में हुड्डा ने कहा कि सरकार को बीमारी के इलाज, सेंपलिंग और टीकाकरण पर जोर देना चाहिए। गांव-गांव में चिकित्सकीय कैंप लगाने और संक्रमित पशुओं को स्वस्थ पशुओं से दूर रखने की व्यवस्था करनी चाहिए। सरकार के साथ पशुपालकों को भी संक्रमण को रोकने के लिए विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है।

हुड्डा ने पशुपालकों और गौशालाओं के लिए विशेष अनुदान और मुआवजे की भी मांग की है। उनका कहना है कि सरकार से उचित अनुदान नहीं मिलने की वजह से मजबूरी में गौशालाओं से बेसहारा पशुओं को बाहर निकाला जा रहा है। उनकी मांग है कि सरकार 50 रुपये प्रति दिन प्रति गोवंश के हिसाब से गौशालाओं को अनुदान दे। अगर सरकार ऐसा करती है तो एक भी बेसहारा पशु सड़क पर नहीं मिलेगा। गौशालाओं की इस मांग को कांग्रेस ने विधानसभा में भी उठाया था। लेकिन सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसका खामियाजा आज बेजुबान मवेशियों को भुगतना पड़ रहा है।

हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान उन्होंने महज 100 रुपये में पशु बीमा योजना की शुरुआत की थी। लेकिन बीजेपी सरकार ने इस योजना को बंद कर दिया। पशुपालकों की इस अनदेखी का खामियाजा सिर्फ उनको नहीं, बल्कि आम लोगों को भी भुगतना पड़ रहा है। क्योंकि, लंपी बीमारी के चलते दूध के उत्पादन में भारी कमी आई है। इसकी वजह से दूध के रेट बढ़ गए हैं। बीमारी के व्यापक असर को ध्यान में रखते हुए सरकार को विशेष रणनीति तैयार करके बीमारी पर पार पाना होगा।

चाईल्ड मैरीज एक्ट मामले में उद्घोषित अपराधी करनाल से गिरफ्तार

कैथल (अप्रस)। पी.ओ. स्टाफ कैथल के एचसी सतीश कुमार की टीम ने चाईल्ड मैरीज एक्ट मामले में उद्घोषित अपराधी गुरमेज निवासी बंदराणा जिला करनाल को गिरफ्तार कर लिया है। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी पर वर्ष 2017 के दौरान एक नाबालिग लड़की के साथ शादी करने का आरोप है। आरोपी गुरमेज मामले में न्यायालय से जमानत हासिल करने उपरांत दोबारा अदालत में हाजिर नही हुआ था, जिस पर आरोपी को न्यायालय ने आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में गत 2 जून को पीओ घोषित कर दिया था। आरोपी गुरमेज को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

आईटीआई में दाखिले के लिए अब 21 तक करें ऑनलाइन आवेदन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 18 अगस्त। हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा राज्य में स्थित सभी राजकीय तथा प्राईवेट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में वर्ष 2022-23 के दाखिले के लिए अब 21 अगस्त तक विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

एक सरकारी प्रवक्ता ने आज इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आईटीआई में प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवारों को दाखिले के लिए ऑनलाइन तिथि को 16 अगस्त से बढ़ाकर 21 अगस्त, 2022 कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी आई.टी.आईज. में दाखिले हेतू इच्छुक प्रार्थियों को विवरण पत्रिका डाऊनलोड करनी होगी तथा ऑनलाइन पंजीकरण हेतु www.admissions.itiharyana.gov.in पर लॉगइन करना होगा।

उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, फैमिली आईडी, ई-मेल आईडी, मैट्रिक का प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, बैंक की कॉपी लेकर अपना ऑनलाइन दाखिला फार्म भरवा सकते हैं। किसी भी प्रकार की अन्य सहायता के लिए विभागीय वैबसाईट पर व टोल फ्री नम्बर 0172-2586071 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

---

25 व 26 अगस्त को मंत्रियों के घरों के बाहर किसान करेंगे पंचायत

अर्थ प्रकाश/पौलस्त्य

पिहोवा, 18 अगस्त। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की प्रदेश स्तरीय बैठक गुरुद्वारा बाऊली साहिब में सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम चढ़ूनी ने की। मीटिंग में देह शामलात व जुमला मालकन भूमि किसानो से छीनने के आए आदेश वापिस करवाने बारे चल रहे आंदोलन को तेज करने बारे रणनीति बनाई गई। व मीटिंग में सर्वसहमति से फ़ैसला लिया गया की 25 व 26 अगस्त को 2 दिन के लिए सरकार के मंत्रियो के घरों के बाहर किसान पंचायत बिठाई जाएगी और इस पंचायत की सारी व्यवस्था व खाने पीने का सारा इंतज़ाम मंत्रियो का होगा । इंतज़ाम ना होने पर किसान सत्यग्रह व भूख हड़ताल करेंगे । गौरतलब है कि देह शामलात व जुमला मालकन भूमि किसानो से छीनने को लेकर 16 अगस्त को प्रदेश के तमाम विधायकों को ज्ञापन सोंपा था । किसानो ने विधायकों को 25 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया था की सरकार 25 अगस्त तक विधानसभा का स्पेशल सत्र बुलाकर उनकी माँग को पूरा करे अन्यथा किसान सरकार के नुमाइंदों के घरों के बाहर डेरा डाल लेंगे और पंचायत करेंगे। भाकियू(चढ़ूनी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम चढ़ूनी ने कहा की मुख्यमंत्री हरियाणा ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कहा है कि किसानो की ज़मीन के इंतक़ाल बदले जाएँगे व मलकियत नहीं बदली जाएगी। जोकी सरासर झूठ है क्योंकि इंतक़ाल ही ज़मीन की मलकियत माना जाता है । अगर इंतक़ाल बदल जाता है तो किसान ना तो ज़मीन को बेच सकता है ना ही आड़ रहन कर सकता है व ना ही बच्चों के नाम ट्रांसफ़र कर सकता है । इस मौक़े पर मीडिया प्रभारी राकेश बैस,कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह मथाना,महिला प्रदेश अध्यक्ष सुमन हुड्डा,सिरसा जिला प्रधान सिकंदर रोड़ी,भिवानी प्रधान राकेश आर्य,प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल,होशियार गिल,कैथल जिला प्रधान महावीर चहल,प्रिंस बडैच ,ममता कादीयान,पूनम रेढ़ू,अनिता सुदकन,रेवाडी ज़िला प्रधान समय सिंह,मलकित सिंह ,नरेंद्र पंचकुला सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे।

लायंस क्लब रोयल के प्रधान बने हन्नु चक्रपाणी

पिहोवा (अप्रस)। देश के उत्थान के लिए आज सभी वर्ग के लोग प्रत्येक क्षेत्र में बढ़-चढ़ कर कार्य कर रहे है तथा समाज में अपना अहम योगदान दे रहे हैं। इसी कड़ी को कायम रखते हुए लायंस क्लब रोयल का शुभारंभ उपमंडल पिहोवा में किया गया। डिस्ट्रिक्ट गर्वनर वीरेंद्र मेहता की अध्यक्षता में लायंस क्लब रोयल का पिहोवा में गठन किया गया। इस मौके पर चेयरमैन रमन गुप्ता, (डीसीएस) जय भगवान गोयल, जोनल चेयरमैन अश्विनी अरोड़ा, दीपक चिब, डा. जेपी केसरी, संदीप मारवा, चमन लाल गुप्ता नगरपालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणि उपस्थित थे। इस मौके पर वीरेंद्र मेहता ने कहा कि लायंस क्लब विश्व का सबसे बड़ा क्लब हैं, जिसके माध्यम से समाज के कमजोर वर्ग तथा असहायी लोगों के उत्थान के लिए समय-समय पर कई सामाजिक कार्य किए जाते हैं। उपमंडल पिहोवा में गठित लायंस क्लब रोयल के प्रधान हनु चक्रपाणि को बनाया गया।

महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ कांग्रेस की 28 को दिल्ली में हल्ला बोल रैली : सुल्तान जडौला

■ कहा- हुड्डा के नेतृत्व में दिल्ली रैली में उमड़ेगा लोगों का जनसैलाब

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

कैथल, 18 अगस्त। कांग्रेस के पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा आगामी 28 अगस्त को भाजपा शासनकाल में दिन प्रतिदिन आसमान छू रही महंगाई व बेरोजगारी के विरोध में दिल्ली के रामलीला मैदान में हल्ला बोल रैली की जाएगी। यह रैली भीड़ के सभी रिकार्ड तोड़ देगी और ऐतिहासिक होगी।

रैली से पहले कांग्रेस पूरे हरियाणा में महंगाई के खिलाफ जनजागरण अभियान के तहत भाजपा की नीतियों की पोल खोल रही है। उन्होंने कहा कि हल्ला बोल रैली में प्रतिपक्ष नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हरियाणा उदयभान के नेतृत्व में हरियाणा भर से रिकार्ड जनसैलाब उमड़ेगा और रैली भाजपा सरकार की जड़े हिला देगी।

रैली की अपार सफलता को लेकर भाजपा सरकार में हडक़ंप मचा हुआ है। कैथल के ढांड नई अनाज मंडी में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए सुल्तान जडौला ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अध्यक्षता में 28 अगस्त को यमुनानगर में आयोजित होने वाला विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रम अब दिल्ली हल्ला बोल रैली के चलते 11 सितंबर को आयोजित होगा। गरीब आदमी को दो वक्त की रोटी के लाले पड़े हुए है। लोगों के रोजगार धंधे ठप्प होकर रह गए है। भाजपा सरकार महंगाई पर काबू पाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। सरकार का जनविरोधी चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो चुका है।

प्रदेश की जागरूक जनता पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा के शासनकाल को याद कर रही है। प्रदेश में सत्ता परितर्वन की लहर चल रही है और जनता हुड्डा के हाथों में प्रदेश की कमान सौंपने का प्रण कर चुकी है। जनता में सरकार के प्रति भारी आक्रोश है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं व आमजन से कांग्रेस की 28 अगस्त को दिल्ली में होने वाली हल्ला बोल रैली में बढ़-चढकर भाग लेने का आह्वान किया।

न्यूज ब्रीफ

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर शोभायात्रा आयोजित

कालका (अप्रस/जग्गी)। श्री कृष्णा सेवादल द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर 19वीं विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। नगर परिषद के चेयरमैन कृष्ण लाल लाम्बा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यतिथि द्वारा पूजा अर्चना करने के बाद नारियल फोड़ शौभा यात्रा को हरी झंडी दिखाई गई। पंजाब की मशहूर राजेश एंड पार्टी द्वारा सुन्दर झाँकिया प्रस्तुत की गई जिसमे अघोरी नृत्य, राधा कृष्ण नृत्य एवं देश भक्ति से ओतप्रोत करने वाली वीर जवानों की नाटिका को लोगो ने खूब सराहा। शोभायात्रा कमेटी चौंक से प्रारम्भ होकर शहर से गुजरती हुई वापिस कमेटी चौंक पर आकर संपन्न हुई। इस अवसर पर डॉ. रवि बिंदल, मंदिर सचिव पृथ्वीराज, चेयरमैन नरेश वर्मा, प्रधान आशु गुलाटी, पूर्व प्रधान नरेश धीमान, संजीव अग्रवाल, संजय लोहट, जमनादास, देवेंद्र साहू, शिव कुमार, साधुराम शर्मा, संजय मारवाड़ी, संजय बंसल, शिव कुमार सहित पार्षद मौजूद रहे।

ग्रामीण पत्रकार संघ मुलाना की बैठक आयोजित

मुलाना (अप्रस/मलिक)। आज ग्रामीण पत्रकार संघ हल्का मुलाना की एक बैठक का आयोजन मुलाना विश्राम गृह में किया गया। गौरतलब है कि ग्रामीण पत्रकार संघ हल्का मुलाना पिछले कई सालों से कार्यरत है । बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें प्रधान नीरज अग्रवाल ,उप प्रधान निशांत शर्मा , विक्रमजीत सिंह ,सचिव बलकार सिंह , रहमदीन ,कोषाध्यक्ष अनिल गेरा ,सह कोषाध्यक्ष उमेश मसोन , संरक्षक सुभाष चौहान, प्रवक्ता जगमोहन चौटानी कोर्डिनेटर सुरेंद्र कोहली व अनिल शर्मा , सलाहकार सुभाष शर्मा व मनीष भारद्वाज ,वित्तीय सलाहकार सचिन मलिक और कार्यकारी सदस्य आशीष शर्मा, रमाकांत अत्री, पवन मदान, सुभाष चावला को चयनित किया गया। बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें एक त्रैमासिक बैठक होनी भी निश्चित हुई है। बैठक में पत्रकारों के हितों को लेकर गहन चर्चा की गई।

लॉर्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल ने मनाई जन्माष्टमी

अम्बाला छावनी (अप्रस)। लॉर्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रुचि शर्मा ने प्रधान वीके जैन एवं समिति के अन्य गणमान्य सदस्यों को पुष्पगुच्छ देकर उनका विद्यालय में स्वागत किया। तत् पश्चात सभी आदरणीय अतिथियों ने वर्धमान सभागार में पदार्पण किया । वहां पर विद्यालय के छात्रों द्वारा सभी अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा हुआ जिसके पश्चात णमोकार मंत्र और श्री गणेश वंदना की गई। इसके बाद मुख्य अतिथि, समिति के अन्य सदस्य गण एवं प्रधानाचार्या द्वारा श्री कृष्ण भगवान की पूजा की गई एवं कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम में छात्रों एवं संगीत विभाग के अध्यापकों द्वारा बहुत ही मनोरम प्रस्तुतियां दी गईं , जिनमें श्याम चूड़ी बेचने आया, मेरे बांके बिहारी लाल ना इतना किया करो श्रृंगार, सजा दो घर को गुलशन सा जैसे भजनों की प्रस्तुति ने संपूर्ण सभागार को कृष्णमय बना दिया । विद्यालय की अध्यापिका एवं छात्रों द्वारा बहुत ही सुंदर नृत्य की प्रस्तुति भी दी गई। संगीत विभाग की अध्यापिका ललिता शर्मा ने सभागार में उपस्थित सभी छात्रों ,अध्यापकों एवं अन्य अतिथिगण को छप्पन भोग की महिमा के बारे में बहुत ही सुंदर व्याख्यान दिया।

पंचायती राज चुनाव के लिए अभेद रणनीति बनाने में जुटी भाजपा

बुलेटप्रूफ होकर चुनावी मैदान में उतरना चाहते हैं प्रदेश अध्यक्ष

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 18 अगस्त। हरियाणा को पहली बार पढ़ी-लिखी पंचायत देने वाली भारतीय जनता पार्टी आगामी पंचायती राज चुनावों को लेकर तैयारियों में जुट गई है। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ अभेद रणनीति के साथ चुनाव मैदान में उतरना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने पंचायती चुनाव को लेकर बैठकों का दौर शुरू कर दिया है। हर घर तिरंगा अभियान से पहले शक्ति केंद्र प्रमुखों की कार्यशालाओं में भी प्रदेश अध्यक्ष का जोर आगामी पंचायत चुनाव पर रहा था और अब विशेष रूप से चुनाव को लेकर ही पार्टी के नेताओं से चर्चा कर रहे हैं।

चुनाव पार्टी चिन्ह पर लड़ा जाए या नहीं इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री व वरिष्ठ नेताओं को कार्यकर्ताओं से सलाह करके रिपोर्ट तैयार करने को कहा है और इस विषय पर 24 अगस्त को एक बैठक भी बुलाई गई है। गुरुग्राम में होने वाली इस बैठक पर सभी की नजर रहेगी।

नगर निकाय चुनाव में मिली शानदार सफलता से गदगद भाजपा अब पंचायत चुनाव में भी बुलेटप्रूफ होकर मैदान उतरना चाहती है, यही कारण है कि प्रदेश अध्यक्ष ने पंचायत चुनाव के निमित प्रदेश के दिग्गज नेताओं की ड्यूटी लगाई है। प्रदेश प्रभारी के रूप में खुद कृषि मंत्री जेपी दलाल को पंचायती राज चुनाव की कमान सौंपी है और सभी जिलों में भी प्रभारियों की नियुक्ति की जा चुकी है। भाजपा सिंबल पर लड़े या ना लड़े लेकिन भाजपा नेताओं का प्रयास अधिकांश पंचायतों से अपने खेमें के लोगों को जीतने का रहेगा और पार्टी इसके लिए पूरा जोर लगाने में अभी से लग गई है। निकाय चुनाव के रिजल्ट से उत्साहित भाजपा नेताओं को अपनी सरकार के कार्यों और अपने संगठन की कार्यशैली पर पूरा विश्वास है और इसी को लेकर पंचायत चुनाव में भी जनता के बीच जाने के लिए कार्यकर्ताओं को कहा जा रहा है। खुद ओम प्रकाश धनखड़ हर बैठक व कार्यशालाओं में यह कहना नहीं भूलते कि कार्यकर्ताओं को सरकारी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा जनता तक पहुंचाने का कार्य करना चाहिए। हरियाणा सरकार के सात साल और केंद्र सरकार के 8 साल पूरे होने पर भाजपा की तरफ से किये गए कामों को जनता के बीच लेकर पहुंचा गया। यहां तक कि कार्यों पर बनाई गई बुकलेट भी 17 लाख लोगों तक पहुंचाई गई। भाजपा नेताओं को यह भी विश्वास है कि प्रदेश की जनता केंद्र व प्रदेश सरकार के कार्यों से खुश है और इसी का लाभ उन्हें निकाय चुनाव में मिला और अब पंचायत व जिलापरिषद के चुनाव में भी पूरा लाभ मिलेगा।

ट्रिपल इंजन सरकार का नारा लेकर चले

प्रदेश अध्यक्ष निकाय चुनाव में ट्रिपल इंजन की सरकार का नारा लेकर चले थे और अब भी ऐसा ही कुछ नारा भाजपा की तरफ से सामने आ सकता है। हालांकि 24 अगस्त को गुरुग्राम में होने वाली बैठक में क्या निकलता है यह देखने वाली बात होगी, लेकिन इतना तय है कि संगठनात्मक दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह विपक्ष पर हावी रहेगी। इसके अलावा भाजपा सरकार के पारदर्शिता से किये गए कार्यों का असर भी जनता पर दिखाई देता है और इसका परिणाम चुनाव में दिखना स्वाभाविक है।

कार्यकर्ताओं को समझाया चुनाव का गणित

मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा ने बताया कि हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ की अगुवाई में 2 अगस्त से 11 अगस्त तक शक्ति केंद्र प्रमुखों की कार्यशालाओं का दौर शुरू हो गया था। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को पंचायत चुनाव कैसे जीता जाए उसका गणित कार्यकर्ताओं को समझा दिया था। सभी बूथों पर 55 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल करने का टारगेट धनखड़ ने कार्यकर्ताओं को दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जानता पाटी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की सोच के साथ चुनाव के मैदान में उतरेगी।

भाजपा के करीब 6 हजार शक्ति केंद्र हैं

शर्मा के मुताबिक सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाने में शक्ति केंद्र अहम कड़ी है। हरियाणा में भाजपा के करीब 6 हजार शक्ति केंद्र हैं जिन्हें सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस को भाजपा का बढ़ता जनाधार हजम नहीं हो रहा। इसलिए वह भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों का विरोध करती है। भाजपा चाहती थी कि पंचायत चुनाव में ओबीसी को आरक्षण दिया जाए, लेकिन कांग्रेस के विरोध के चलते भाजपा को अपने कदम पीछे करने पड़े। भाजपा जनता के हित के लिए सदैव सकारात्मक सोचती है, इसलिए पूरे देश में पहली बार हरियाणा में भाजपा ने पढ़ी लिखी छोटी सरकार प्रदेश को दी।

तीन दिन से नहीं मिल रहा लोगों को पीने का पानी

रादौर (अप्रस)। गांव बापा में जन स्वास्थय अभियांत्रिकी विभाग की गलती का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग ने लाड़वा के गांव खरकाली में स्थित एक स्कूल में उनके गांव की पीने के पानी की पाईप लाईन का कनैक्शन कर दिया। जिस कारण उनके गांव में पानी की किल्लत हो रही है। पिछले तीन दिनों से लोगों को पीने का पानी तक नहीं मिल रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष है। रोष स्वरूप ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया और दूसरे जिले में दिया गया कनैक्शन काटने की मांग की। गांव बापा निवासी बलजीत सिंह, निवर्तमान ब्लाक समिति सदस्य राजेश बापा, कर्ण, सुरती देवी, कमलेश, परमजीत कौर, परमिंद्र कौर, सुखविंद्र सिंह, रणजीत, छिंदा, रोबिन, रामपाल व गौरव इत्यादि ने बताया कि विभाग के कर्मचारियों ने गलत तरीके से उनके गांव की पीने के पानी की पाईप लाईन का कनैक्शन लाड़वा के गांव खरकाली में स्थित एक स्कूल में कर दिया।

किसानों को 3 से 10 हॉर्स पावर के सौर ऊर्जा पम्प पर 75 प्रतिशत अनुदान : मनिता मलिक

- सरल हरियाणा पर 23 अगस्त से कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

अर्थ प्रकाश/हरजीत सिंह जग्गी

कालका, 18 अगस्त। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा किसानों को 3 से 10 हॉर्स पावर (एचपी) तक के सौर ऊर्जा पम्प 75 प्रतिशत अनुदान पर देगा।

इस योजना के तहत पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर लाभार्थियों को सौर ऊर्जा पम्प दिए जाएंगे। जो किसान सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम लगवाना चाहता है वह सरल हरियाणा पर 23 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त मनिता मलिक ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा द्वितीय चरण में 3 एचपी, 5 एचपी, 7.5 एचपी व 10 एचपी के पूरे हरियाणा में लगभग 20 हजार सौर ऊर्जा पंप 75 प्रतिशत अनुदान पर दिए जाएंगे। सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम केवल उन्हीं किसानों को दिए जाएंगे जो किसान सूक्ष्म सिंचाई जैसे टपका सिंचाई या फव्वारा सिंचाई योजना के तहत सिंचाई करते हो और अपने खेत में जमीनी पाईप लाइन दबाकर सिंचाई करते हो। किसान जिस प्रकार का सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम लगवाना चाहता है, उन सभी संबंधित कंपनियों की सूची ऑनलाइन आवेदन में दर्शाई जाएगी, जिसमें किसान जिस कंपनी से सिस्टम लगवाना चाहता है, उस कंपनी का चयन ऑनलाइन आवेदन के समय ही करना होगा।

उन्होंने बताया कि किसान को केवल 25 प्रतिशत हिस्सा जैसे 3 एचपी मोनो ब्लाक डीसी के लिए 45075 रूपए, 5 एचपी मोनो ब्लाक डीसी के लिए 64581 रूपए, 7.5 एचपी मोनो ब्लाक डीसी के लिए 91894 रूपए, 10 एचपी मोनो ब्लाक डीसी के लिए 115507 रूपए, 3 एचपी सबमर्सिबल डीसी के लिए 46658 रूपए, 3 एचपी सबमर्सिबल एसी के लिए 45378 रूपए, 5 एचपी सबमर्सिबल डीसी के लिए 64724 रूपए, एचपी सबमर्सिबल एसी के लिए 64581 रूपए, 7.5 एचपी सबमर्सिबल डीसी के लिए 92007 रूपए, 7.5 एचपी सबमर्सिबल एसी के लिए 92462 रूपए तथा 10 एचपी सबमर्सिबल एसी और डीसी के लिए 113515 रूपए जमा करवाना होगा।

धूमधाम से मनाया जन्माष्टमी उत्सव

रादौर (अप्रस)। पर्ल किंडर गार्टन विंग स्कूल में जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक भी स्कूल पहुंचे और उन्होंने बच्चो के साथ मिलकर श्री कृष्ण को झूला झुलाया। जिसके बाद प्रसाद वितरित भी किया गया। इस दौरान बच्चे राधा कृष्ण के रूप में स्कूल पहुंचे थे। बच्चों ने सुंदर बांसुरिया, मटकिया सजाई। इस दौरान स्कूल में बाल कृष्ण के रूप में बच्चो ने सखियों के साथ नृत्य किया। इस अवसर पर प्रिंड्क्षसपल स्वाति गोयल ने कहा कि श्री कृष्ण का पूर्ण जीवन ही मानव जाति के लिए आदर्श है। उन्होंने गीता का उपदेश देकर मनुष्य की आध्यात्मिक खोज को पूरा किया। वह कभी सखियों संग रास रचाकर रसिया बने तो कभी माखन चोर बन नटखट अदाएं की। उन्होंने कंस का वध कर धर्म की रक्षा की।

गौशालाओं का पशुपालन एव डेयरिंग उप निदेशक ने किया निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/ हरजीत सिंह जग्गी

कालका, 18 अगस्त। पशुपालन विभाग की टीम ने आज उपनिदेशक अनिल बनवाला के नेतृत्व में कालका की कामधेनु गौशाला, राधेश्याम गौशाला, और विराट नगर स्थित ब्रहम्ऋषि बावरा गौशालाओं का दौरा किया और लम्पी स्किन रोग का जायजा लिया।

बनवाला ने बताया कि गौशालाओं में गायों की स्थिति सामान्य है अभी तक किसी गौशाला में किसी गाय की जान हानि नहीं हुई है। गौवंश को इस बीमारी से बचाने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा जरुरी दिशा निर्देश दिये जा चुके है ताकि बीमारी के प्रसार पर रोक लगा सके। उन्होंने बताया कि पशुपालकों को बीमारी के बचाव के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिये जा रहे है। जिन गौशालाओं में दौरा किया गया वहां पर लगभग वैक्सीन का कार्य पूर्ण हो गया है। इस मौके पर डा0 सुरेन्द्र कुमार दुहन, उपमण्डल अधिकारी, कालका, डा0 रुपराम पशु चिकित्सक, पिंजौर तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कालका की अधिकांश स्ट्रीट लाइटें बंद

निवासी अंधकार में रहने को मजबूर

अर्थ प्रकाश/जग्गी

कालका, 18 अगस्त। कालका शहर के अधिकांश हलकों में स्ट्रीट लाइटें बंद होने की वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

शाम ढलते ही अंधेरा पसर जाता है। कराडी मुहल्ले में अधिकांश स्ट्रीट लाईटस पिछले कई दिनों से बुझी पड़ी होने से लोग परेशान हो रहे हैं।

आम लोगों का कहना है कि बिजली बोर्ड के दफतर में अनेकों बार चक्कर लगाने और शिकायत दर्ज करवाये जाने के बावजूद स्ट्रीट लाईटस अभी तक ज्यों की त्यों बंद पडी हुई है।

ऐसी ही स्थिति हाउसिंग बोर्ड कालोनी में भी देखने को मिल रहा है। कालोनी निवासी मुकेश कुमार सोढी का कहना है कि मकान नं 1 से

लेकर मकान नं 22 तक के एरिया में बिल्कुल अंधेरा छाया रहता है। गलियों में खंभों पर लाइटें लगी तो हैं, लेकिन वे केवल शोपीस बन कर रह गई हैं, जलती नहीं हैं। अंधेरा पसरा होने से ऊबड़-खाबड़ जगहों पर दोपहिया वाहन चालक आये दिन दुर्घटना का शिकार होते रहते हैं। रोशनी न होने की वजह से जहां हादसे होने की संभावना रहती है, तो वहीं अपराधियों के चोरी, लूट आदि की वारदातों के अंजाम देने की भी आशंका बनी रहती है। रात के समय अंधेरे में महिलाओं व लड़कियों का निकलना भी मुश्किल बना रहता है। उन्होंने बताया कि कालोनी में चैन स्नैचिंग व लड़कियों के साथ छेड़छाड़ की वारदातें भी कई बार घट चुकी हैं। सोढी ने बताया कि जब भी लाइनमैन से बात की जाती है तो हर बार एक ही जवाब मिलता है कि बिजली का सामान नहीं है। कालोनी वासियों के घरों के बिजली के बिलों में स्ट्रीट लाइट के एवज में पैसे वसूले जाते हैं, बावजूद इसके कालोनीवासी स्टीट लाइटों की सुविधा से वंचित हैं। उन्होने नगर परिषद की कार्यकारी अधिकारी निशा शर्मा, चेयरमैन कृष्ण लाल लाम्बा व सम्बन्धित अधिकारियों से अपील है कि कालोनी वासियों की दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए जनहित में जल्द ही बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दरुस्त करवाया जाए।

किसान महापंचायत रंजीतपुर में 21 को

रादौर (अप्रस)। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने 21 अगस्त को रंजीतपुर में आयोजित होने वाली किसान महापंचायत को लेकर दामला, खुदी, जयपुर, अलाहर, कांजनू, बकाना पलाका, बैंडी, खजूरी, कुंजल, बुबका इत्यादि का दौरा किया। रादौर में साहिल सेतिया के कार्यालय पर पत्रकारों से बाचतीत करते हुए सुभाष गुर्जर ने कहा कि जुमला मालकान तथा देह शामलात जमीन, किसानों की जमीन है। लेकिन सरकार कोर्ट के माध्यम से इस जमीन को छीनना चाहती है। सरकार की नीतियां किसानों को बर्बाद करने वाली है। लेकिन भारतीय किसान यूनियन किसानों कि1 इंच जमीन पर भी किसी का कब्जा नहीं होने देगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष रतनमान 21 अगस्त को सुबह 9 बजे रादौर में साहिल सेतिया नंबरदार कार्यालय पर ब्लाक रादौर की कार्यकारिणी का गठन भी करेंगे।

दो दिवसीय विशेष धार्मिक आयोजन में दी 24 तीर्थंकरों की जानकारी

देश धर्म की संस्कृति के आगे बढ़ने पर होगी हमारे जीवन की सफलता : जैन मुनि

अर्थ प्रकाश/आरके जैन

यमुनानगर, 18 अगस्त। मॉडल टाउन स्थित जैन स्थानक में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। 14 अगस्त को जैन धर्म के 24 तीर्थकरों की महान स्तुति लोगस के पाठ का सामूहिक जाप करवाया गया जिसका लाभ लेने के लिए जनता खींची चली आई। उप प्रवर्तक महाश्रमण श्री आनंद मुनि जी महाराज ने जैन धर्म के 24 तीर्थकर का संक्षिप्त रूप से परिचय रखते हुए कहा कि आज घर-घर में बीमारियों का वातावरण फैलता जा रहा है तो ऐसे माहौल में 24 तीर्थकरों की स्तुति के द्वारा आरोग्य-बोधि की प्रार्थना हम सब की बीमारियों को दूर करने में कारगर सिद्ध होगी। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी

की मुहिम हर-हर तिरंगा घर-घर तिरंगा की तर्ज पर जैन धर्म स्थानक में भी देश की आन बान शान तिरंगा जैन समाज के प्रबुद्ध एवं प्रतिष्ठित गणमान्य लोगों के द्वारा फहराया गया और देश काल परिस्थिति पर व्यापक चिंतन भी किया गया और साथ ही जैन संस्कृति का वाहक जैन ध्वज भी समाज के द्वारा लहराया गया। इस पुनीत अवसर पर उप प्रवर्तक महाश्रमण श्री आनंद मुनि जी महाराज ने अपनी संस्कृति को अपनाने पर बल देते हुए कहा कि हम पाश्चात्य संस्कृति से निकल कर अपने देश धर्म की संस्कृति पर आगे बढ़े उससे हमारे जीवन की सफलता होगी। हम सबको अपने धर्म देश और संस्कृति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है तब ही हमारा स्वतंत्रता दिवस मनाना सार्थक होगा। हमें अपने नैतिक कर्तव्य से विमुख नहीं होना चाहिए अपने सामाजिक सांस्कृतिक दायित्वों को निभाना अवश्य ही चाहिए। इससे पूर्व श्री दीपेश मुनि जी महाराज ने धर्म देश संस्कृति पर जैन शब्द की व्याख्या करते हुए कहा कि जैन कहलाना और जैन होना इन दोनों में फर्क है सही रूप से वह जैन है जो न्याय प्रिय हो मधुर व्यवहार करता हो, ईमानदारी से जीवन जीता हो, और देश के प्रति दायित्वों का निर्वहन करता हो वह जैन है। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति दी गई। आगम, सम्यक, रिद्धिमा, केशव, जिनाया, आयान, सीएल, विधि, धानवी, तनिष्का, साबिया जैन तथा उत्तराखंड ऋषिकेश से खुशी, पारखी, अर्हम और प्रेक्षा जैन ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सबको मंत्रमुग्ध कर लिया। इस अवसर पर दिल्ली, हरियाणा, पंजाब व उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लोग गुरु दर्शन व स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए उपस्थित हुये।

खेल

यूपी सेंट्रल जोन ताईक्वांडो चैंपियनशिप आज से

अर्थ प्रकाश संवाददाता

लखनऊ, 18 अगस्त। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 19 से 21 अगस्त के बीच खेली जाने वाली प्रथम यूपी सेंट्रल जोन ताइक्वाण्डो चैंपियनशिप में 18 जिलों के करीब 700 खिलाड़ी पदकों पर दावेदारी करने के लिए प्रतिस्पर्धा में उतरेंगे।

उत्तर प्रदेश ताइक्वाण्डो संघ के तत्वावधान में लखनऊ जिला ताइक्वाण्डो संघ चौक स्टेडियम में चैंपियनशिप का आयोजन करेगा। यूपी ताइक्वाण्डो संघ के अध्यक्ष सलिल सिंह टीटू ने बताया कि चैंपियनशिप में क्यूरगी व पूमसे के विभिन्न वर्गो में मुकाबले होंगे जिसमें सीनियर, कैडेट, सब जूनियर व जूनियर आयु वर्ग में क्यूरगी व पूमसे वर्ग में दांव पर लगे 89 स्वर्ण, 89 रजत व 178 कांस्य पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी।

चैंपियनशिप का औपचारिक उद्घाटन 20 अगस्त को किया जाएगा जबकि 19 अगस्त को टीम रजिस्ट्रेशन व खिलाड़ियों का भार होगा। प्रदेश ताइक्वाण्डो संघ के सचिव व लखनऊ जिला ताइक्वाण्डो संघ के अध्यक्ष चंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि चैंपियनाशिप में बालक व बालिकाओं में कैडेट आयु वर्ग में 10-10, जूनियर वर्ग में 10-10, सब जूनियर वर्ग के 12-12 और सीनियर वर्ग के 8-8 भार वर्गो सहित 80 भार वर्ग और पूमसे में नौ वर्गो के मुकाबले होंगे।

लखनऊ जिला ताइक्वाण्डो संघ के सचिव व आयोजन सचिव सुभाष मौर्या ने बताया कि चैंपियनशिप में सेंट्रल जोन के अंतर्गत आने वाले 18 जिलों जैसे रायबरेली, लखनऊ, कानपुर, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, बाराबंकी, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, फर्रुखाबाद, कन्नौज, अयोध्या, लखीमपुर खीरी, बरेली, सुल्तानपुर, फतेहपुर, बलरामपुर के लगभग 700 खिलाड़ी व अधिकारी भाग लेंगे।

गोकुलम एफसी ने ताशकंद में फंसी महिला टीम के लिये प्रधानमंत्री कार्यालय से मदद मांगी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

नई दिल्ली, 18 अगस्त। श्री गोकुलम केरल एफसी ने उज़्बेकिस्तान के ताशकंद प्रांत में फंसी 23 सदस्यीय महिला फुटबॉल टीम की मदद के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है।

श्री गोकुलम केरल एफसी की महिला टीम एएफसी महिला क्लब चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिये उज़्बेकिस्तान पहुंची थी, लेकिन फीफा द्वारा अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के निलंबन के बाद उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

केरल के फुटबॉल क्लब ने बुधवार को ट्वीट किया, हमारी टीम 16 अगस्त 2022 की तड़के कोझीकोड से ताशकंद, उज्बेकिस्तान पहुंची। आगमन पर हमने विभिन्न मीडिया आउटलेट्स के माध्यम से सुना कि फीफा ने एआईएफएफ (अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ) पर प्रतिबंध लगा दिया है और क्लब अब अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में निलंबन हटाए जाने तक भाग लेने के हकदार नहीं हैं।

क्लब ने इस साल आई-लीग और भारतीय महिला लीग में जीत हासिल करके 23 अगस्त से शुरू होने वाली महिला क्लब चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था।

23 खिलाड़ियों की टीम को 26 अगस्त को बम खातून एफसी से खेलना था, लेकिन वह प्रतिबंध के बाद प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाएगी।

गोकुलम एफसी ने कहा, एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने 16 अगस्त, 2022 को अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ को एक पत्र भेजा जिसमें कहा गया था कि हमारा क्लब अब एएफसी महिला क्लब प्रतियोगिता 2022 में भाग लेने के योग्य नहीं है। एआईएफएफ ने यह अनुमान लगाते हुए कि फीफा द्वारा एक दो दिनों के भीतर प्रतिबंध हटा लिया जाएगा, हमारे क्लब को कोई मेल या पत्र नहीं भेजा है।

बड़े फेरबदल में कोरिक ने नडाल को दी शिकस्त

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

मेसन, 18 अगस्त। क्रोएशिया के बोर्ना कोरिक ने बड़ा फेरबदल करते हुए स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल को सिनसिनाटी ओपन के शीर्ष-32 राउंड में गुरुवार को मात दी।

विंबलडन सेमीफाइल से चोट के कारण नाम वापस लेने वाले नडाल करीब 40 दिन बाद कोर्ट पर वापसी कर रहे थे, जहां उन्हें क्रोएशियाई प्रतिद्वंदी के हाथों 7-6 (9-7) 4-6 6-3 से हार मिली।

नडाल को विंबलडन क्वार्टरफाइनल के दौरान पेट में चोट आयी थी, जिससे उभरने में उन्हें छह हफ्ते का समय लगा। इस हार से उनकी यूएस ओपन की तैयारियों को झटका लगा है।

नडाल ने हार के बाद कहा, ÷न्यूयॉर्क की बात करूं तो वह एक

ग्रैंड स्लैम आयोजन है। वह एक अलग तरह का टूर्नामेंट है। मैं पिछले 40 दिनों में इस मैच से पहले सिर्फ दो सेट ही खेल पाया हूं। मैं जानता हूं कि लय हासिल करने के लिये मुझे कोर्ट पर प्रतिद्वंदियों के साथ समय बिताने की आवश्यकता है।

नडाल इससे पहले 2010, 2013, 2017 और 2019 में यूएस ओपन जीत चुके हैं। साल का आखिरी ग्रैंड स्लैम आयोजन 29 अगस्त से शुरू होगा।

इसी बीच, अमेरिका के टेलर फ्रिट्स ने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंदी निक किर्गियोस को 6-3, 6-2 के सीधे सेटों में हराकर शीर्ष-16 में जगह बनायी। दूसरी ओर यूनान के चौथी सीड स्टेफानोस सितसिपास ने सर्बिया के फिलिप क्राजिनोविक को 6-3, 6-4 के सीधे सेटों में मात दी।

न्यूज ब्रीफ

800 ग्राम अफीम समेत आरोपी गिरफ्तार

डेराबस्सी (चौहान)। डेराबस्सी पुलिस ने बस स्टैंड पर नाकेबंदी के दौरान पैदल जा रहे एक युवक से 800 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है. पुलिस ने आरोपी बीर पाल (22) पुत्र परमेश्वरी निवासी ग्राम मुसरकपुर जिला बरेली उत्तर प्रदेश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए जांच अधिकारी एसआई नरिंदर कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त व्यक्ति डेराबस्सी के गांवों में अफीम बेच रहा है। आज भी वह अंबाला की ओर से डेराबस्सी में अपने ग्राहकों को अफीम बेचने के लिए पैदल आ रहा था, जो बस स्टैंड पर नाकेबंदी देखकर घबरा गया और पीछे मुड़ने लगा। पुलिस ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया और उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 800 ग्राम अफीम बरामद हुई।

अवैध रूप से शराब सप्लाई करने वाला 5 पेटियों के साथ काबू

चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)। यूटी पुलिस के डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल ने अवैध रूप से शराब की सप्लाई करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मलोया कॉलोनी के रहने वाले 31 वर्षीय बंटी के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि बुधवार को पुलिस एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस मलोया स्थित पिछली साइड रोड के पहुंची तो पुलिस ने शक के आधार पर एक युवक को रोककर तलाशी ली तो पुलिस को 5 अवैध रूप से शराब की पेटियां बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में एक्साइज एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

बर्ड पार्क के बाड़े में 11 और नवजात पक्षियों को छोड़ा गया

चंडीगढ़ (साजन शर्मा)। गृह सचिव नितिन कुमार यादव द्वारा चंडीगढ़ बर्ड पार्क के मुख्य बाड़े में 11 नवजात बुडगेरीगारों को छोड़ा गया। उन्होंने नवजात चूजों को बाड़े में छोड़ने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि चंडीगढ़ बर्ड पार्क में विदेशी पक्षी लगातार प्रजनन कर रहे हैं जो पक्षियों के लिए बनाए गए स्वस्थ वातावरण को दर्शाता है। इस अवसर पर चंडीगढ़ के मुख्य वन संरक्षक देवेंद्र दलाई ने बताया कि बुडगेरीगर ऑस्ट्रेलियाई मूल के हैं और भारतीय परिस्थितियों में अच्छी तरह से जीवित रहते हैं। चंडीगढ़ बर्ड पार्क में पक्षियों के सफल प्रजनन के लिए अच्छा प्रयास किया जा रहा है। प्रशासक के सलाहकार धर्मपाल ने 12 अगस्त को चार न्यू न्यूबॉर्न वुड डक को छोड़ा था।

सेक्टर 46 स्थित में धूमधाम से मनाई कृष्ण जन्माष्टमी

चंडीगढ़ (अप्रस)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व वीरवार को यहां सेक्टर 46 स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। इस मौके मंदिर परिसर में आज सुबह हवन यज्ञ किया गया और उसके बाद शाम को किये गए विशेष आयोजनों में नन्हे बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण जी के जीवन से सबंधित %रास लीला% की प्रस्तुति दी। इसके बाद रात्रि नौ बजे से बारह बजे तक विख्यात भजन गायक श्री भगवान भया जी महाराज वृन्दावन वालों द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन संध्या के दौरान वहां उपस्थित श्री कृष्ण भक्त झूमने पर मजबूर हो गए। इसके बाद जैसे ही बारह बजे भगवान श्री कृष्ण जी के जन्म का समय हुआ, पूरा मंदिर परिसर श्री कृष्ण के जयकारों के गूंज उठा। मंदिर सभा के प्रधान जतिंदर भाटिया ने बताया कि श्री कृष्ण जी के जन्म के बाद 12 बजे से 1 बजे तक श्री कृष्ण अभिषेक, पूजा और आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टी को लेकर पुरे मंदरी परिसर को बड़े ही खूबसूरत ढंग से सजाया गया है। आज दिन भर मंदिर में श्री कृष्ण भवन की पूजा करने वालों का तांता लगा रहा।

चंडीगढ़ नगर निगम पर लगा तिरंगे के अपमान का आरोप

- झंडा फहराने को लेकर हुआ विवाद, एडवाइजर को निगम कर्मियों की शिकायत
- निगम कर्मियों पर फहराये तिरंगे को गैर विधिवत तरीके से उतारने का आरोप, पोल भी उखाड़ा

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़, 18 अगस्त। सेक्टर-21 की सिटीजंस एसोसिएशन ने चंडीगढ़ नगर निगम के खिलाफ एडवाइजर धर्मपाल को लिखित शिकायत दी है। आरोप लगाया है कि निगम कर्मियों ने 16 अगस्त को जबरन झंडा उतारा और लोगों की भावनाओं से खेलते हुए पोल भी उखाड़ दिया। एसोसिएशन के प्रेसिडेंट बलजिंदर सिंह बिट्टू ने शिकायत में कहा है कि नगर निगम ने राष्ट्रीय झंडे का अपमान किया है लिहाजा ऐसा करने वाले कर्मियों पर तुरंत उचित कार्रवाई करनी चाहिए। बिट्टू ने कहा कि इस घटना से उनकी व अन्य लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आजादी के अमृत महोत्सव को मनाने की अपील कर रहे हैं जिनसे प्रभावित होकर एसोसिएशन की एग्जिक्यूटिव बॉडी ने 15 अगस्त को सेक्टर-21 ए के पार्क में स्वतंत्रता दिवस मनाने का प्रस्ताव पारित किया था। पार्क को खुद एसोसिएशन मेंटेन करती है और निगम मेंटेनेंस चार्ज देता है। एसोसिएशन ने 9 फीट लंबे और 6 फीट चौड़े खादी के तिरंगे के साथ 45 फीट का पोल खरीदा था। निगम कमिश्नर अनंदिता मित्रा को मुख्यतिथि के रुप में कार्यक्रम में बुलाया गया था। 13 अगस्त को एक कार्यक्रम के दौरान कमिश्नर ने इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपनी मौखिक सहमति दी थी। इस सबके बावजूद निगम ने राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया। बलजिंदर बिट्टू ने कहा कि वह झंडे के सम्मान व उचित कार्रवाई के लिए हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक जा सकते हैं।

नहीं आई कमिश्नर

एडवाइजर को जो पत्र लिखा है उसमें कहा गया है कि 14 अगस्त को एसोसिएशन के प्रेसिडेंट ने कमिश्नर को मैसेज भेज उनका पहुंचना सुनिश्चित करना चाहा, लेकिन कमिश्नर का जवाब आया कि सेक्टर-21 के नगर निगम पार्क में झंडा फहराने की कोई मंजूरी नहीं ली गई लिहाजा इन परिस्थितियों में नहीं आ पाएंगी। इसके बाद 7 से 8 निगम कर्मी आए, जिनके साथ जूनियर इंजीनियर थे। वह झंडे वाले पोल को उखाड़ने आए थे। इस पर कमिश्नर को फिर से एक मैसेज करके इस राष्ट्रीय दिवस को मनाए दिए जाने और कमिश्नर को चीफ गेस्ट के रूप में पहुंचने का अनुरोध किया गया। एक घंटे बाद चीफ इंजीनियर ने कहा कि वह कार्यक्रम कर सकते हैं लेकिन वह खुद नहीं आ पाएंगी क्योंकि कार्यक्रम की मंजूरी नहीं है। इसके बाद 15 अगस्त को कार्यक्रम में लगभग 200 निवासी पार्क में आए थे। देशभक्ति के गीत गाकर शहीदों को याद किया जा रहा था। झंडा भी लोगों ने पूरे सम्मान से फहराया। 16 अगस्त को कुछ निगम कर्मी वहां पहुंचे और गलत तरीके से तिरंगे को उतारने लगे। उन्होंने जल्दबाजी में पोल को भी उखाड़ दिया। जूनियर इंजीनियर से जब इस बाबत पूछा गया तो कहा गया कि गैरकानूनी तरीके से राष्ट्रीय झंडा फहराया गया।

एचवीएसी बसों का टेंडर रद्द करने पर ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन ने ली राहत की सांस, टंडन का आभार जताया

चंडीगढ़, 18 अगस्त (अप्रस)। चंडीगढ़ गर्वमेंट ट्रांसपोर्ट वर्कर्स यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा दिग्गज नेता संजय टंडन से मिला और सीटीयू विभाग में किलोमीटर स्कीम के अंतर्गत आ रही बीस हीटिंग वैंटिलेशन एंड ऐयर कंडीशंड (एचवीएसी) बसों का टेंडर रद्द होने के चलते उनका आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे यूनियन के अध्यक्ष जसवंत सिंह जस्सा ने बताया कि यह बसें प्राईवेट किलोमीटर स्कीम के लाई जा रही थी परन्तु अब संजय टंडन के प्रयासों से अब इनकी जगह चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा नई बसें खरीदी जा रही हैं। प्रतिनिधिमंडल में यूनियन के महासचिव सतिंदर सिंह, कोषाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह पिनाचा, हरदेव सिंह और पार्टी प्रधान सुरेन्द्र सिंह शामिल थे।

पंजाब के राज्यपाल से अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डॉ. सलिल कुमार जैन ने की भेंट

- जैन महापर्व संवत्सरी पर पंजाब और चंडीगढ़ में बुचरखाने, नॉन वेज की बिक्री पर पाबंदी लगाने के लिए महामहिम को दिया पत्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ, 18 अगस्त। पंजाब राज्यपाल एवं चंडीगढ प्रशासक श्री बनवारी लाल पुरोहित से राज भवन में पंजाब अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य डा सलिल कुमार जैन एवम डा तेजिंदर कुमार ने शिष्टाचार भेंट की। जैन महापर्व संवत्सरी और अनंत चतुर्दशी पर पंजाब और चंडीगढ़ में बुचरखाने, नॉन वेज की विक्री पर पाबंदी लगाने के लिए पत्र दिया। महामहिम ने आश्वासन देते हुए कहा कि जब से मैंने पंजाब के राज्यपाल का कार्यभार संभाला हैं तब से पंजाब राज भवन भी नॉन वेज से मुक्त है। डा तेजिंदर ने आचार्य महाश्रमण जी के 2026 के बाद पंजाब की धरा पर पधारने की बात भी महामहिम के सामने रखी, महामहिम ने कहा यह संपूर्ण पंजाब के लिए एक खुशी का मौका है। डॉ जैन ने पंजाबी यूनिवर्सिटी में भगवान महावीर चेयर की वर्तमान स्थिति से अवगत करवाया और महामहिम ने उसकी स्थिति जल्दी सुधारने के लिए आश्वाशन दिया है।

डॉ. सलिल ने सरहिंद में स्थित दानवीर दीवान टोडर मल जैन की जहाज हवेली को भी हेरिटेज बनाने के लिए भी महामहिम से विस्तार से चर्चा की और महामहिम को बताया कि सुनाम का जैन समाज पंजाबी यूनिवर्सिटी में दानवीर दीवान टोडर मल जैन स्कॉलरशिप आप के मार्गदर्शन में शुरू करना चाहता है तो महामहिम ने इस पर समाज को शुभकामनाएं दी। डॉ. जैन ने महामहिम को बताया कि गुरु सुदर्शन जी महाराज की जन्म शताब्दी उत्तर भारत में बड़े उल्लास से मनाई जा रही है और पंजाब राज्य अल्पसंख्यक आयोग की गतिविधियों पर भी चर्चा हुई।

दवाइयों के दो शोरूमों से लाखों की नकदी चोरी

चंडीगढ़ (रंजीत शम्मी)। थाना 11 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत शातिर चोरों ने दो अलग-अलग दवाइयों के शोरूम को अपना निशाना बनाते हुए लाखों की नगदी लेकर फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता एससीओ नंबर 20 सेक्टर 11 के महेश शर्मा ने पुलिस को बताया कि उनका दवाइयों का शोरूम है। बुधवार को सुबह करीब 8.30 बजे आकर देखा कि उनके दवाइयों के शोरूम में किसी अज्ञात शातिर ने कैश काउंटर से एक प्लास्टिक के डिब्बे में रखें एक लाख 80 हज़ार रुपए की नगदी और उनकी फर्म की एक्सिस बैंक की चेक बुक चोरी कर ले गया। शिकायतकर्ता के दवाइयों के शोरूम की सेकंड फ्लोर के ऊपर की विंडो खुली थी। और शोरूम के बाहर लगे ताले बिल्कुल सुरक्षित लगे हुए थे। इसी तरह एससीओ नंबर 6 सेक्टर 11 स्थित दवाइयों के शोरूम के मालिक अजय गुप्ता ने बताया कि उनके कैश काउंटर से कोई अज्ञात रात को 60 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ले गया। उनके शोरूम के सेकंड फ्लोर पर लगे लोहे के जंगले का ताला टूटा हुआ मिला। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को उक्त मामलों में वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोर की सीसीटीवी फुटेज भी कब्जे में ले ली है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि शातिर पुलिस की पकड़ से बाहर है।

सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के मामले में 6 के खिलाफ कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

चंडीगढ़, 18 अगस्त। चंडीगढ़ पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर शराब पीने के मामलों में लगातार अभियान चला रखा है। पुलिस आए दिन सर्वजनिक स्थलों पर शराब पीने वालों पर कार्रवाई कर रही है। वहीं थाना 11 पुलिस ने अलग-अलग 6 मामलों में सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के चलते 6 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है।

जानकारी के मुताबिक पता चला है कि सेक्टर 24 पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी बुधवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रहे थे। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस रैली ग्राउंड सेक्टर 25 के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक युवक सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत मामले में पंजाब पुलिस एक्ट 2007 और 510 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया पकड़े गए आरोपी की पहचान सेक्टर 25 के रहने वाले 32 वर्षीय अजय के रूप में हुई है।

दूसरे मामले मूं थाना 11 पुलिस बुधवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सेक्टर 11 स्थित बस स्टैंड की पिछली साइड पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक युवक सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान मोहाली के रहने वाले 34 वर्षीय अमित के रूप में हुई है।

जबकि तीसरे मामले में थाना 11 पुलिस बुधवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस डीएवी कॉलेज के नजदीक सेक्टर 15 पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक युवक सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत मामले में युवक के खिलाफ कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया। जिसकी पहचान सेक्टर 27 के रहने वाले 27 वर्ष के हरप्रीत के रूप में हुई है। इसी प्रकार चौथे मामले में थाना 11 पुलिस ने सर्वजनिक स्थल पर शराब पीने के मामले में एक युवक के खिलाफ कार्रवाई की है। जिसकी पहचान नयागांव मोहाली के रहने वाले 36 वर्षीय उमेश के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि थाना पुलिस बुधवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस नयागांव से खुड्डा अली शेर रोड के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक युवक सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया।

पांचवें मामले में सेक्टर 24 पुलिस चौकी ने सार्वजनिक स्थल पर शराब पीने के मामले में एक युवक के खिलाफ कार्रवाई की है। जिसकी पहचान सेक्टर 24 के रहने वाले 30 वर्षीय अभिषेक के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि सेक्टर 24 पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी बुधवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रहे थे। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस सेक्टर 24 एसडी स्कूल के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक युवक सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया।

जबकि छठें मामले में थाना 11 पुलिस बुधवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस पीजीआई स्थित गोल मार्केट के पास पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर शराब पी रहा है। पुलिस ने तुरंत मामले में कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। जिसकी पहचान पंजाब के फतेहगढ़ साहब के रहने वाले 40 वर्षीय कुलविंदर सिंह के रूप में हुई है। चंडीगढ़ पुलिस का शहर में अभियान लगातार जारी है।



सम्पादकीय

चुनावी रेवड़ियों का मुद्दा जटिल

सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर इसकी जरूरत पर बल दिया है कि देश में जनता के पैसे खर्च करने के सही तरीके को लेकर बहस होनी चाहिए। वास्तव में चुनावी रेवड़ियों पर जारी यह बहस किसी नतीजे पर पहुंचनी जरूरी है। माननीय अदालत का कहना है कि संवैधानिक जनादेश को पूरा करने के लिए हम राजनीतिक दलों को वादे करने से नहीं रोक सकते। सवाल यही है कि सही वादे क्या हैं, क्या मुफ्त शिक्षा के वादे को मुफ्त रेवडियां कहा जा सकता है?

यह वास्तव में ही पेचीदा विषय है कि शिक्षा, स्वास्थ्य आदि जनकल्याण पर होने वाले खर्च को मुफ्त रेवड़ी माना जाए या नहीं? हालांकि जिन राजनीतिक दलों की ओर से ऐसी मुफ्त घोषणाएं की जा रही हैं, उनके दावे जनकल्याण की आड़ में कुछ भी बांट देने के हैं। ऐसा उनकी ओर से क्यों किया जाता है, यह सभी जानते हैं। आज जनता भी आदर्शवाद भूल चुकी है और उसके समक्ष वही सबसे बड़ा कल्याणकारी है, जोकि उसे मुफ्त कुछ बांटता है। पंजाब में एक राजनीतिक दल की बड़ी जीत के पीछे वजह उन घोषणाओं का भी हाथ रहा है, जोकि यहां बढ़-चढ़ की गई हैं। जाहिर है, यह सब विवाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस भाषण के बाद ज्यादा प्रबल होकर उभरा है, जिसमें उन्होंने चुनावों में मुफ्त घोषणाओं को रेवड़ी का नाम देकर इस बहस को छेड़ा। अब केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल अगर यह कहते हैं कि अगर समाज कल्याण के बारे में हमारी समझ हर चीज को मुफ्त बांटना है तो यह अपरिपक्व समझ है। वास्तव में यह सरकार का अदालत के सामने अपना रूख है, अब यही चिंतन का विषय है।

सर्वोच्च अदालत में जारी तर्क और वितर्कों के बावजूद देश में इस पर मंथन होना जरूरी है कि क्या मुफ्त बांटने की घोषणाओं को पैसा बर्बाद करना कहा जाए या फिर इसे जनकल्याण कहा जाए। यह तो पूरी तरह साबित है कि जनता के हित में सोचने से सरकार को रोका नहीं जा सकता। लेकिन फिर सवाल यह है कि जनता में हर कोई टैक्स अदा नहीं करता, राजनीतिक दल जिन घोषणाओं को करके अपने लिए वोट जुटाते हैं, उनका फायदा ज्यादातर गैर टैक्स अदाकर्ताओं को होता है

अगर सभी कार्यों को रेवड़ी की संज्ञा दी जाए तो यह विकासशील समाज से मजाक होगा। हालांकि समय के साथ राजनीति में प्रलोभन संस्कृति विकसित होती गई है, अब चुनाव के वक्त ऐसे प्रलोभन दिए जाते हैं, जिनका एकमात्र मकसद यह होता है कि हमें वोट दो, हम तुम्हें मुफ्त बांटेंगे। यही प्रलोभन संस्कृति अब देश पर भारी पड़ने लगी है, राज्यों में राजनीतिक दल अपने दावों में जिन बातों का जिक्र करते हैं, वे हकीकत में पूरा करने में बहुत मशक्कत करनी पड़ती है, लेकिन अगर उन्हें पूरा कर भी दिया जाए तो फिर राज्य पर ऐसा आर्थिक दबाव बनता है, जिसकी भरपाई आने वाली सरकारें नहीं कर पाती। अब यह विचार का विषय है कि देश में ऐसी प्रलोभन संस्कृति पर रोक लगाई जाए।

प्रधानमंत्री की ओर से मुफ्त बांटने की राजनीतिक दलों की कवायद पर जो तंज कसा गया है, उसने आम आदमी पार्टी को विचलित कर दिया है। यही वजह है कि एक राजनीतिक बयान के मायने निकालते हुए पार्टी ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर दी। अब आम संयोजक अरविंद केजरीवाल का कहना है कि देश आजादी की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। 75वें साल में शिक्षा का ऐसा सिस्टम बन जाना चाहिए था कि पूरे देश में बच्चों को अच्छी और मुफ्त शिक्षा मिलती। इस वक्त हमें प्लानिंग करनी चाहिए थी कि 5 साल में पूरे देश में शानदार सरकारी स्कूल बनाकर बच्चों को अच्छी शिक्षा देंगे। तभी सही मायने में आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाई जाती। अदालत भी अब इसी बात पर ध्यान दे रही है कि आप में से कुछ ने सही बिंदु उठाया है कि संविधान का अनुच्छेद 38(2) कहता है कि राज्य न सिर्फ व्यक्तियों अपितु लोगों के समूहों की आय में असमानता कम करने के लिए काम करेंगे और स्तर, सुविधाओं व अवसरों में असमानताएं खत्म करने का प्रयास करेंगे। यानी सरकारों का यह कर्तव्य है कि वे जनता के कल्याण के लिए काम करेंगी। इसके तहत राजनीतिक दलों की ओर से ऐसी घोषणाएं की जा सकती हैं, जिससे जनता को फायदा हो।

वास्तव में आप का यह वक्तव्य एकतरफा नजर आता है। बेशक, एक कल्याणकारी सरकार का कार्य जनता की ज्यादा से ज्यादा सेवा करना और उसके लिए योजनाएं बनाना है। इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सेवाओं को भी निःशुल्क दिया जा सकता है, लेकिन फिर यह भी पूछा जाना चाहिए कि आखिर हायर एजुकेशन को दिल्ली की आप सरकार निःशुल्क क्यों नहीं बना पा रही। अगर ऐसा हो जाए तो फिर विभिन्न एंट्रेंस टेस्ट के लिए कोचिंग के नाम पर जो लाखों रुपये की फीस प्राइवेट इंस्टीट्यूट बटोर रहे हैं, उस पर भी नियंत्रण होगा। यह भी समझने की बात है कि मतदाताओं को लुभाने के लिए चुनावी रेवड़ियों पर रोक लगाने की मांग करने वाले याचिकाकर्ता ने सर्वोच्च न्यायालय में कहा है कि मुफ्त के उपहार की घोषणा से पहले उसके आर्थिक प्रभाव का आकलन आवश्यक है।

वास्तव में सर्वोच्च अदालत में जारी तर्क और वितर्कों के बावजूद देश में इस पर मंथन होना जरूरी है कि क्या मुफ्त बांटने की घोषणाओं को पैसा बर्बाद करना कहा जाए या फिर इसे जनकल्याण कहा जाए। यह तो पूरी तरह साबित है कि जनता के हित में सोचने से सरकार को रोका नहीं जा सकता। लेकिन फिर सवाल यह है कि जनता में हर कोई टैक्स अदा नहीं करता, राजनीतिक दल जिन घोषणाओं को करके अपने लिए वोट जुटाते हैं, उनका फायदा ज्यादातर गैर टैक्स अदाकर्ताओं को होता है। तब एक राजनीतिक दल को यह बताना चाहिए कि आखिर वह टैक्स अदा करने वालों को क्या सुविधा देगा। जो टैक्स अदा करते हैं, वे अपने वोट भी गहरी सोच के साथ देते हैं, लेकिन सामान्य नागरिक राजनीतिक दलों की बातों में आकर अपना वोट उन्हें देकर आ जाते हैं। यह वोट का खेल है, जिसे जनकल्याण की आड़ में खेला जाता है। होना तो यह चाहिए कि जनकल्याण हो लेकिन मुफ्त बांटकर नहीं। एक पार्टी ऐसी घोषणाएं करने से पहले यह बताए कि वह रेवड़ियों के लिए पैसा कहां से लाएगी। आखिर उसकी नजर टैक्स अदाकर्ताओं पर क्यों होती है?

चीन और भारत की नोंक-झोंक



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

चीन ने पाकिस्तानी आतंकवादियों को बचाने का यह दुष्कर्म पहली बार नहीं किया है। लगभग दो माह पहले उसने लश्करे-तय्यबा के अब्दुल रहमान मक्की के नाम पर भी रोक लगवा दी थी

दैनिक अर्थ प्रकाश

आजकल भारत और चीन के बीच काफी नरम-गरम नोंक-झोंक चलती नजर आती है। गलवान घाटी विवाद ने तो तूल पकड़ा ही था लेकिन उसके बावजूद पिछले दो साल में भारत-चीन व्यापार में अपूर्व वृद्धि हुई है। भारत-चीन वायुसेवा आजकल बंद है लेकिन इसी हफ्ते भारतीय व्यापारियों का विशेष जहाज चीन पहुंचा है। गलवान घाटी विवाद से जन्मी कटुता के बावजूद दोनों देशों के सैन्य अधिकारी बार-बार बैठकर आपसी संवाद कर रहे हैं। कुछ अंतरराष्ट्रीय बैठकों में भारतीय और चीनी विदेश मंत्री भी आपस में मिले हैं। इसी का नतीजा है कि विदेशी मामलों पर काफी खुलकर बोलनेवाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के विरुद्ध लगभग मौन दिखाई पड़ते रहे।

यही बात हमने तब देखी, जब अमेरिकी संसद की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की ताइवान-यात्रा पर जबर्दस्त हंगामा हुआ। पेलोसी की ताइवान-यात्रा के समर्थन या विरोध में हमारे प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की चुप्पी आश्चर्यजनक थी लेकिन यह चुप्पी अब टूटी है। क्यों टूटी है? क्योंकि चीन ने इधर दो बड़े गलत काम किए हैं। एक तो उसने सुरक्षा परिषद में पाकिस्तानी नागरिक अब्दुल रउफ अज़हर को आतंकवादी घोषित करने के प्रस्ताव का विरोध कर दिया है और दूसरा उसने श्रीलंका के हंबनतोता बंदरगाह पर अपना जासूसी जहाज ठहराने की घोषणा कर दी थी। ये दोनों चीनी कदम शुद्ध भारतविरोधी हैं। अजहर को अमेरिका और भारत, दोनों ने आतंकवादी घोषित किया हुआ है।

चीन ने पाकिस्तानी आतंकवादियों को बचाने का यह दुष्कर्म पहली बार नहीं किया है। लगभग दो माह पहले उसने लश्करे-तय्यबा के अब्दुल रहमान मक्की के नाम पर भी रोक लगवा दी थी। इसी प्रकार जैश-ए-मुहम्मद के सरगना मसूद को आतंकवादी घोषित करने के मार्ग में भी चीन ने चार बार अडंगा लगाया था। अब्दुल रउफ अजहर पर आरोप है कि उसने 1998 में भारतीय जहाज के अपहरण, 2001 में भारतीय संसद पर हमले, 2014 में कठुआ के सैन्य-शिविर पर आक्रमण और 2016 में पठानकोट के वायुसेना पर हमले आयोजित किए थे। चीन इन पाकिस्तानी आतंकवादियों को संरक्षण दे रहा है लेकिन उसने अपने लाखों उइगर मुसलमानों को यातना-शिविरों में झोंक रहा है। ये पाकिस्तानी आतंकवादी उन्हें भी उकसाने में लगे रहते हैं। यह मैंने स्वयं चीन के शिन-च्यांग प्रांत में जाकर देखा है। इसीलिए इस चीनी कदम की भारतीय आलोचना सटीक है। जहां तक ताइवान का प्रश्न है, भारत की ओर से की गई नरम आलोचना भी समयानुकूल है। वह चीन-अमेरिका विवाद में खुद को किसी भी तरफ क्यों फिसलने दे?

(लेखक, भारतीय विदेश नीति परिषद के अध्यक्ष हैं)

बोल ब्यूटीफुल

मिन्हाज मर्चेंट : जैसे सुप्रीम कोर्ट की विनोद राय के नेतृत्व में बनी प्रशासकों की समिति यानी सीओए बीसीसीआई में भाई-भतीजावाद पर विराम लगाने और सुधारों संबंधी लोढ़ा समिति की अनुशंसाओं को लागू करने में नाकाम रही, उसी प्रकार भारतीय फुटबाल की दशा सुधारने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित सीओए भी इतनी असफल रही कि उसके चलते फीफा जैसी भ्रष्ट संस्था को भारतीय फुटबाल को निशाना बनाने का मौका मिल गया।

मिलिंद खांडेकर : भाजपा संसदीय बोर्ड से नितिन गडकरी और शिवराज सिंह चौहान को हटा दिया गया है। वहीं 79 साल के बीएस येदियूरप्पा को जगह मिली है। उन पर 75 साल में रिटायर होने का नियम लागू नहीं हुआ। योगी आदित्यनाथ को भी जगह नहीं मिली है, जबकि उनके नाम की भी चर्चा थी।

प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से प्रेरित होकर टीडीबी-डीएसटी ने अपनी पहली एक्वाकल्चर परियोजना का समर्थन किया

दैनिक अर्थ प्रकाश

मत्स्य पालन प्राथमिक उत्पादक क्षेत्रों में एक सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्षेत्र है। यह क्षेत्र देश के आर्थिक और समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसे 'सूर्योदय क्षेत्र' भी कहा जाता है। यह एक समान और समावेशी विकास के माध्यम से अपार संभावना लाने वाला क्षेत्र है। इस क्षेत्र को 14.5 मिलियन लोगों को रोजगार प्रदान करने और देश के 28 मिलियन मछुआरा समुदाय के लिए सतत् आजीविका प्रदान करने के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में मान्यता प्राप्त है। इस प्रकार, यह क्षेत्र देश के युवा उद्यमियों से यह अनुरोध करता है कि वे आगे आएं और अपने तकनीकी उपायों और नवाचारी समाधानों के माध्यम से जमीनी चुनौतियों को हल करें।

इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल देश में मत्स्य पालन क्षेत्र के सतत और जिम्मेदार विकास के लिए 'नीली क्रांति' लाने हेतु 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई)' के साथ आगे आया। इस योजना का लक्ष्य नौ प्रतिशत औसत वार्षिक वृद्धि दर के साथ 2024-25 तक मछली उत्पादन बढ़ाकर 220 लाख मीट्रिक टन करने का है। महत्वाकांक्षी योजना का लक्ष्य निर्यात आय को दोगुना करके 1,00,000 करोड़ रुपये करना और अगले पांच वर्षों की अवधि में मत्स्य क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 55 लाख रोजगार के अवसर पैदा करना है।

मत्स्य पालन क्षेत्र की क्षमता को अनुभव करते हुए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तहत प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड एक सांविधिक निकाय है। इसने इजराइली प्रौद्योगिकी के साथ उन्नत, गहन, 'ऑल मेल तिलपिया एक्वाकल्चर प्रोजेक्ट' के लिए मेसर्स फाउंटेनहेड एग्रो फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड, नवी मुंबई, महाराष्ट्र का समर्थन किया है। बोर्ड ने इस कंपनी को 29.78 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत में से 8.42 करोड़ रुपये की ऋण सहायता प्रदान करने के लिए एक आपसी समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।

'तिलपिया' दुनिया में सबसे अधिक उत्पादक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापार की जाने वाली खाद्य मछली के रूप में उभरकर सामने आई है। तिलपिया का उत्पादन दुनिया के कई हिस्सों में व्यावसायिक रूप से लोकप्रिय हो गया है और मत्स्य विशेषज्ञों ने तिलपिया को इसकी तेजी से वृद्धि होने और कम रखरखाव वाले उत्पादन के कारण 'जलीय चिकन' की उपाधि दी है। आज अगर कोई मछली वैश्विक मछली के रूप में जानी जाती है तो उसका तिलपिया से बेहतर कोई नाम नहीं हो सकता।

भारत में तिलपिया संस्कृति को एक जिम्मेदार तरीके से अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए मैसर्स फाउंटेनहेड एग्रो फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड ने मुधोल (कर्नाटक) में एक पूर्ण उत्पादन लाइन (प्रजनन से लेकर पूरी मछली बनने तक) स्थापित करने की परिकल्पना की है। इस कंपनी का उद्देश्य 500 टन तिलपिया का उत्पादन करना है। इसे नीर डेविड फिश ब्रीडिंग फार्म, इज़राइल से आयातित मूल ब्रूडस्टॉक 'हेर्मोन' से विकसित किया जाएगा। हेर्मोन तिलपिया के दो चयनित स्ट्रेन्स (उपभेदों) की हाइब्रिड है जिनके नाम है- ओरियोक्रोमिस निलोटिकस (नर) और ओरियोक्रोमिस ऑरियस (मादा) जिन्हें कुछ विशेषताओं के लिए जाना जाता है, जिनमें उच्च वृद्धिदर, कम तापमान का प्रतिरोध, हल्का आकर्षक रंग, केवल नर मछली की सभी हाइब्रिड फ्राई संतान और हार्मोन के उपयोग की पारम्परिक प्रणाली का अभाव शामिल हैं।

कंपनी ने नदियों के मौसमी पानी की आपूर्ति के साथ शुष्क क्षेत्र के लिए क्लोज लूप फार्मिंग के माध्यम से लैंड लॉक स्थानों के लिए 'एक्वाकल्चर प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी लिमिटेड (एपीटीआईएल), इज़राइल (अक्टूबर, 2020 में हस्ताक्षर किए गए प्रौद्योगिकी सेवा समझौते के तहत) की उन्नत इज़राइली प्रौद्योगिकी को अपनाया है। इसे उचित जल संसाधनों के साथ विविध शुष्क भूमि लैंड लॉक स्थलों में दोहराया जा सकता है। भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल होने के लिए सुविधा को साइट की स्थिति की जरूरतों के अनुसार समायोजित किया जाता है। जिनमें भूमि उपलब्धता, पानी की उपलब्धता, मौसम की स्थिति, आसपास के संसाधनों की उपलब्धता, मिट्टी की स्थिति और टपाग्राफी (स्थलाकृति) शामिल हैं।

राजेश कुमार पाठक, आईपी एंड टीएएफएस, सचिव, टीडीबी ने कहा कि भारत सरकार ने देश में 'नीली क्रांति' के माध्यम से मछुआरा समुदाय के आर्थिक उत्थान के लिए मत्स्य पालन क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिया है। वैश्विक बाजार में इसकी भारी मांग को देखते हुए इस क्षेत्र में 'तिलपिया मछली' के व्यापार की अपार संभावनाएं हैं। इसके साथ ही आयातित प्रोद्योगिकी विशिष्ट होने से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएसवाई) के लिए बहुत मददगार साबित होगी, प्रधानमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य मत्स्य पालन क्षेत्र से निर्यात आय को दोगुना करके 1,00,000 करोड़ रुपये तक पहुंचाना है।

राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के पास कोविड-19 टीके की उपलब्धता

केंद्र सरकार देशभर में कोविड-19 टीकाकरण का दायरा विस्तृत करने और लोगों को टीके लगाने की गति को तेज करने के लिये प्रतिबद्ध है। राष्ट्रव्यापी कोविड 19 टीकाकरण अभियान 16 जनवरी,2021 को प्रारंभ हुआ था। कोविड-19 के टीके को सभी के लिए उपलब्ध कराने के लिए नया चरण 21 जून 2021 से शुरू किया गया था। टीकाकरण अभियान की रफ्तार को अधिक से अधिक टीके की उपलब्धता के जरिये बढ़ाया गया है। इसके तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को टीके की उपलब्धता के बारे में पूर्व सूचना प्रदान की जाती है, ताकि वे बेहतर योजना के साथ टीके लगाने का बंदोबस्त कर सकें और टीके की आपूर्ति श्रृंखला को दुरुस्त किया जा सके।

टीके की खुराकें	**(18 अगस्त, 2022 तक)**
अब तक हुई आपूर्ति	**1,99,41,29,995**
शेष टीके	**6,75,31,140**

देशव्यापी टीकाकरण अभियान के हिस्से के रूप में केंद्र सरकार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निःशुल्क कोविड टीके प्रदान करके उन्हें पूर्ण सहयोग दे रही है। टीके की सर्व-उपलब्धता के नये चरण में, केंद्र सरकार टीका निर्माताओं से 75 प्रतिशत टीके खरीदकर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निःशुल्क प्रदान करेगी।

केंद्र सरकार द्वारा अब तक निःशुल्क और सीधे राज्य सरकार खरीद माध्यमों से टीके की लगभग 199.41 करोड़ (1,99,41,29,995) खुराकें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को उपलब्ध कराई गई हैं। अभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पास कोविड-19 टीके की 6.75 करोड़ (6,75,31,140) से अधिक अतिरिक्त और बिना इस्तेमाल हुई खुराकें उपलब्ध है, जिन्हें लगाया जाना है।

अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

पंजाब में 3 दहशत गर्द समेत 9 मारे गए

चंडीगढ़। पंजाब में पिछले 24 घंटों के दौरान अलग-अलग घटनाओं के दौरान 3 दहशतगर्द, 2 सुरक्षा कर्मियों के अलावा 5 लोग और मारे गये। एक घटना के दौरान अमृतसर जिले में एक मुठभेड़ में 3 दहशत गर्द और 2 सुरक्षा कर्मी मारे गये एक और घटना में सुलतान विंड रोड पर 2 को मार गिराया कदींया के पास एक दुकानदार की हत्या कर दी गई, जिला फरीदकोट में 2 होमगार्ड के सिपाही और 2 अन्य को घायल कर दिया और 2 सुरक्षा कर्मियों का पला नहीं चल रहा और एक घटना में जिला मोरिंडा के पास एक कांग्रेसी नेता की हत्या कर दी।

आरक्षण विरोधी लहर की निंदा

चंडीगढ़। श्री सुभाष तमौली प्रधान ब्लाक युवा कांग्रेस (ई) ने आरक्षण विरोधी लहर को चलाने वालों की सख्त निंदा करते हुए कहा है कि आरक्षण पिछड़े वर्ग के आधार पर नहीं बल्कि काम के आधार पर दिया जा रहा है। अनुसूचित जाति में वाल्मिकि जाति के लोग सबसे गंदा (मल-मूत्र सफाई का) काम करते हैं। किसी भिखारी को 100 रुपये देकर घर के मल-मूत्र की सफाई के लिए कहो तो वो भी इस काम को नहीं करेगा। जबकि देश में एक ही वर्ग वाल्मीकि जाति के लोग इस काम को करते हैं। श्री सुभाष तमौली ने आरक्षण विरोधी लहर के नेताओं से यह अपील की है कि वो इस लहर को बंद करके एक सभ्य नागरिक का सबूत दें।

राजीव का जन्म दिन धूमधाम से मनाया

चंडीगढ़। यहां पर पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस प्रधान श्री राजीव गांधी का जन्म दिवस प्रदेश कांग्रेस भवन पर साम्प्रदायिक सद्भाव के रूप में मनाया गया। और एक सभा का आयोजन भी किया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश प्रधान श्री विनोद शर्मा ने की, इसके बाद सेक्टर 31 की लेबर कालोनी में भी इंटक की तरफ से एक सभा का आयोजन किया गया जिसको इंटर के प्रधान रामपाल शर्मा और प्रदेश प्रधान श्री विनोद के अलावा और भी कई नेताओं ने संबोधित किया।

विविध

अजब दुनिया-गजब खबरें

इस तस्वीर में छिपे हैं तीन जीव, पहचानों तो जानें!

ऑप्टिकल इल्यूजन वाली तस्वीरों से सोशल मीडिया पर भरा पड़ा है। इस तरह की तस्वीरों को देखने के बाद लोग कन्फ्यूज हो जाते हैं। ऑप्टिकल इल्यूजन फोटोज का मतलब होता है आखों को धोखा देने वाली तस्वीरें। इन तस्वीरों को देखने के बाद ज्यादातर लोगों का दिमाग घूम जाता है। लेकिन इसके बावजूद लोग ऐसी तस्वीरों को पसंद करते हैं और इसको लेकर मिले चैलेंज को पूरा करने में लोगों को मजा आता है। हालांकि ऑप्टिकल इल्यूजन तस्वीरों को लेकर मिले चैलेंज को 99 फीसदी लोग पूरा नहीं कर पाते हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर आंखों को धोखा देने वाली एक और तस्वीर सामने आई हैं।

सोशल मीडिया पर वायरल इस तस्वीर में तीन जीव छिपे हैं जिन्हें आपको खोजना है। आप इस वायरल तस्वीर को ध्यान से देखिए और खोजिए इसमें तीनों जीव कहां पर छिपे है। तेज दिमाग वाले लोग भी इस वायरल तस्वीर को देखने के बाद कन्फ्यूज हो जाएंगे और शायद ही तीनों जीवों को खोज पाएंगे।

इन ऑप्टिकल इल्यूजन तस्वीरों में कोई न कोई चीज छिपी होती है। ये चीजें हमारी आंखों के सामने ही होती हैं, लेकिन हमें दिखाई नहीं देती हैं। कई तस्वीरें हमारे पर्सनैलिटी के बारे में भी बताती है। इस तस्वीर को ऑप्टिकल इल्यूजन का बिल्कुल सटीक उदाहरण माना जा सकता है।

इस वायरल तस्वीर में भी तीनों जीव हमारी आंखों के सामने ही हैं, लेकिन नजर नहीं आ रहे हैं। तस्वीर में जीवों को इस तरह छिपाया गया है जिसे खोजना बेहद मुश्किल है। अगर आप किसी का आईक्यू लेवल टेस्ट लेना चाहते है, तो उसके लिए भी ये तस्वीर बिल्कुल परफेक्ट है।

इंटरनेट पर वायरल इस ऑप्टिकल इल्यूजन तस्वीर ने लोगों के दिमाग को कन्फ्यूज कर दिया है, क्योंकि इस तस्वीर में लोगों को एक भी जीव नहीं दिख रहे हैं। इस तस्वीरों को देखकर सही जवाब खोजना लोगों के लिए बेहद मुश्किल लग रहा है।

बताया जा रहा है कि यह पनामा के एक जंगल की तस्वीर है। इस तस्वीर में जमीन पर फैले पत्ते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में छिपे जीवों का रंग भी पत्ते के रंग से मिलता जुलता है जिसकी वजह आंखों को धोखा हो रहा है। इस तस्वीर में बेहद चालाकी से तीन मेढक छिपे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर आप इन छिपे हुए मेढक को 10 सेकेंड में खोज लेंगे, तो रिकॉर्ड बन जाएगा। अगर आपको तस्वीर में मेढक दिख जाते हैं, तो आपकी आंखें बाज की मानी जाएंगी।

इतिहास के झरोखे में आज का दिन

1600- मुगल बादशाह अकबर ने अहमद नगर पर कब्जा किया।
1666- शिवाजी आगरा में फलों की टोकरी में छिपकर औरंगजेब की कैद से फरार।
1909- इंडियानापोलिस मोटर स्पीडवे में पहली ऑटोमोबाइल दौड़ शुरु हुई।
1918- भारत के नौवें राष्टपति शंकरदयाल शर्मा का जन्म ।
1919- अफगानिस्तान देश को ब्रिटेन से पूर्ण आजादी मिली।
1934- जर्मन जनमत संग्रह 1934 में फुलर के शीर्षक के साथ राज्य के प्रमुख के रूप में हिटलर की नियुक्ति को मंजूरी दे दी गई।
1949- भुवनेश्वर ओडिशा की राजधानी बना।
1960- स्पूतनिक 5 अंतरिक्ष यान से दो कुत्ते और तीन चूहे अंतरिक्ष में भेजे गए।
1964- संचार उपग्रह सिनकोम 3 का प्रक्षेपण।
1944- भारत से जापान की अंतिम सैन्य टुकडी को खदेडा गया।
1955- अमेरिका ने साइकिल पर आयात शुल्को 50 फीसदी बढाया।
1964- पहला भूगर्भीय संचार उपग्रह सिनकॉम 3 लॉन्च किया।
1966- तुर्की में भूकंप से 2400 लोगों की मौत।
1973- फ्रांस ने परमाणु परीक्षण किया।
1977- सोवियत रूस ने परमाणु परीक्षण किया।
1978- ईरान के सिनेमा रेक्स में आग लगने से 400 से अधिक मौत।
2006- इजरायल ने फिलीस्तीन उपप्रधानमंत्री को गिरफ़्तार किया।
2009- इराक की राजधानी बगदाद श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोटों में 101 की मौत।
2013- बिहार में धामरा घाट ट्रेन दुर्घटना कम से कम 37 लोगों की मौत।
2013- भाषा विज्ञानी, अनुवादक और हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध इतिहासकार रोनाल्ड स्टुअर्ट मेक्ग्रेगॉर का निधन।

'ऐसा क्यों?'

Ç. ब्मेनड श्डड थ्डफ भि द्वडॅड फ्र्फ ख्नि षच्ड्र्म थ्ड ख्रड ऋ?हू ो षङ तेड ऋष ङ थ डड्डो षझै ऋथ्ड स्डिो भि न्ङ्क थ डड श्ङ्कफ्छ थ्ड डलख्री ड डि फ्ष इख्रड ऋषर्झे न्ङ्कऋ फ्षझे थ्ष ङ भ्ल ख्रड षइडॅश्डन्ङ्क, थ्षझ ऋडिोषइडॅ ोन्भ्ऋन्ड भि ब्मेनड भि ो थ्ड ख्रड ऋ?हू षच्ड्र्म षङ ड्ख्र थ सृ फ्षइख्रड न्ङ्क फ्षङ डि थ्ड डलख्री ो भ डि षझ फ्त्रिफ्र ऋषइडख्र षर्झेडि न्ङ्क उथ्षइड ख्रड स्थि न्ङ्क?


आचार्य 108 डा. श्री प्रणामसागर जी

वर्तमान समय में जन्म पत्रिका में सबसे ज्यादा कालसर्प योग क्यों हो रहा है?

वर्तमान में युवा परोपकार की भावना को भूलता जा रहा है। अपने स्वार्थ के लिए जन्म भूमि और बड़े-बुजुर्गों के साथ छोड़कर कर्म करने के लिए शहर की ओर चला जाता है लेकिन हमारे पूर्वज बच्चों के मोह के साथ-साथ मकान, जमीन, जायदाद, धन-सम्पत्ति से इतने जुड़ जाते हैं कि उनके मन में धार्मिक भावना को स्थान ही नहीं मिल पाता और फिर वे अंतिम समय में परिग्रह की चिंता से व्याकुल होकर नरक तिर्यंच गति की ओर गमन कर जाते हैं। लेकिन ध्यान रखना- शारीरिक कष्ट से छुटकारा पाना आसान है लेकिन मानसिक विकल्प भव-भव में पूर्व के संग्रहित विचारों का अनुभव कराता रहता है। इस वजह से हमारे पूर्वज सर्प बनकर धन की सुरक्षा में जिंदगीभर कुंडली मारकर बैठ जाते हैं। सोचने वाली बात है- जब तक बड़े बुजुर्ग जीवित रहते हैं तब तक कोई भी उस पर ध्यान नहीं रखता लेकिन जैसे ही उनका देहांत हो जाता है, उसी समय घर जाने-अनजाने रिश्तेदार पहचान वाले बनकर उनकी जमीन-जायदाद, धन-सम्पत्ति पर अपना

अधिकार जमाने की पहल करते हैं। और उसे अपने अधिग्रहण में लेकर ऐशो-आराम की जिंदगी बसर करने की उम्मीद में निकल जाते हैं लेकिन उस समय वे युवा धन की आसक्ति में यह विचार नहीं कर पाते कि जिसे हमने अंतिम समय में साथ नहीं दिया उसका जमा किया हुआ धन हमारा क्या साथ दे सकता है? लेकिन हमारी आसक्ति पूर्वजों की जमीन-जायदाद, धन-सम्पत्ति का उपयोग करना प्रारंभ कर देती हैं। इस वजह से धन में कुंडली मारकर बैठने वाला सर्प तुम्हारे जीवन की कुंडली में राहु-केतु से ग्रसित कालसर्प बनकर बैठ जाता है जो तुम्हारी जिंदगी को हर समय के लिए कष्टप्रद बना देता है।

हम इसके समाधान के लिए कई बार पूजा विधान करा लेते हैं फिर भी उस परेशानी से निजात नहीं पाते? ध्यान रखना- कालसर्प का समाधान पूजा-पाठ के अलावा पूर्वजों की जमीन-जायदाद, धन-सम्पत्ति का धार्मिक कार्यों में सदुपयोग करने से ही हो सकता है क्योंकि जब उनका धन धार्मिक कार्यों में संलग्न हो जाएगा, उसी समय उनके परिणामों में धार्मिक भावना का बीजारोपण हो सकता है और कालांतर में यही धरणेंद्र पद्मावती की तरह तुम्हारे परिवार के सुरक्षा कवच हो सकते हैं। इसलिए वर्तमान में कालसर्प योग से बचाव के लिए पूर्वजों की सम्पत्ति का उपयोग न करके धार्मिक कार्यों में लगा देना जिससे तुम्हारा सारा जीवन सुख-शांति के साथ व्यतीत हो सके।

महानता तो तभी है जब इंसान अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शांत रहे

सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज | निरंकारी बाबा हरदेव सिंह जी

इन्सान का यह भ्रम है कि मैं यदि जंगलों वीरानों में जाकर डेरे लगा लूं, परिवार से नाता तोड़ लूं, तो सबसे छुटकारा प्राप्त करके, मैं शान्त हो जाऊंगा। यहां तो मुझे क्रोध भी आता है, यहां तो लालच भी आ जाता है, चहां तो और कइ विकार भी हावी हो जाती हैं, तो वहां सभी से छुटकारा मिल जाएगा। लेकिन यह ठीक नहीं। क्योंकि किसी महात्मा ने गृह त्याग का मार्ग नहीं बतलाया। हां गृहस्थ में रहते हुए भी आसक्ति का त्याग जरुर होना चाहिए।

गुरु साहिब अपने प्रचार यात्रा करते हुए जंगलों से गुजर रहे थे। वहां एक इंसान आंखे बन्द करके समाधि लगाए बैठा हुआ था। महात्मा उसके पास गये। जब वह समाधि से बाहर आया, आंखें खोली तो उससे पूछा कि 'आप यहां पर क्या कर रहे हैं?' वह कहने लगा कि 'मैं यहां प्रभु प्राप्ति के लिए सभी बंधनों को छोड़कर आया हूँ। जब मैं परिवार में था, तो सब विकार मुझे सताते थे। अब न मुझे लालच है, न क्रोध है। कुछ भी तो नहीं, अब मैं बहुत शांत हूँ'। महापुरुष ने समझया कि 'यह कोई महानता नहीं। महानता तो तभी है जब इंसान अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शांत रहे। यह तो कोई भक्ति नहीं, बहादुरी नहीं।' वह कहने लगा कि नहीं, मैंने अपना सही अनुभव बतलाया है। इतनी देर से उसने फिर आँखें बन्द कर लीं, समाधि में चला गया। जो महात्मा उसे समझा रहे थे, उन्होंने उसके आगे से लोटा उठाकर थोड़ी दूर पेड़ के नीचे रख दिया। जब वह समाधि से बाहर आया, आँखें खोली तो क्या देखा कि सामने जो लोटा था, वह नहीं। उसी वक्त गाली-गलोच शुरु हो गई। कहने लगा कि जिसने मेरा लोटा चुराया है, उसका सर्वनाश हो जाए, उसका कुछ न रहे। जितना कह सकता था, कह दिया। तब महात्मा ने मुस्कुरा कर कहा कि अभी थोड़ी देर पहले तू कह रहा थाकि मेरा क्रोध समाप्त हो गया है, लेकिन एक लोटा ही आंखों से ओझल होने पर तुझे इतना क्रोध आ गया है। तू निरलेप कहां हुआ है? वास्तव में महानता उसी की है, जो सभी कर्मों को निभाता हुआ, निरलेप अवस्था में रहता है। जैसे कमल का फूल पानी में रहता है, जल में रहता है।

पंचांग

शुक्रवार, 19 अगस्त, 2022, सूर्योदयः 05:51 ए एम, सूर्यास्तः 07:01 पी एम, चन्द्रोदयः 11:37 पी एम, चन्द्रास्तः 01:05 पी एम, शक सम्वतः 1944 शुभकृत, विक्रम सम्वतः 2079 राक्षस, गुजराती सम्वतः 2078 प्रमादी, अमान्त महीनाः श्रावण, पूर्णिमान्त महीनाः भाद्रपद, वारः शुक्रवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः अष्टमी - 10:59 पी एम तक, नक्षत्रः कृत्तिका - 01:53 ए एम, अगस्त 20 तक, योगः ध्रुव - 09:00 पी एम तक, करणः बालव - 10:05 ए एम तक, द्वितीय करणः कौलव - 10:59 पी एम तक, सूर्य राशिः सिंह, चन्द्र राशिः मेष - 06:07 ए एम तक, राहुकालः 10:48 ए एम से 12:26 पी एम, गुलिक कालः 07:30 ए एम से 09:09 ए एम, यमगण्डः 03:44 पी एम से 05:22 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 12:00 पी एम से 12:53 पी एम, दुर्मुहूर्तः 08:29 ए एम से 09:22 ए एम, दुर्मुहूर्तः 12:53 पी एम से 01:45 पी एम, अमृत कालः 11:16 पी एम से 01:01 ए एम, अगस्त 20, वर्ज्यः 12:44 पी एम से 02:30 पी एम

भविष्य फल



मेषः परिवारिक सामंजस्य बना रहेगा। आज भाग्य आपका पूरा साथ देगा।आप अपने बचपन के दोस्त के साथ किसी लंबे टूर पर जा सकते हैं।

वृषः कार्यक्षेत्र में वरिष्ठों का दबाव और घर में अनबन के चलते आपको तनाव का सामना करना पड़ सकता है- जो काम में आपकी एकाग्रता को भंग करेगा।

मिथुनः आज यात्रा से थकावट महसूस करोगे। अपने रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए आपने बहुत मेहनत की है और आपकी मेहनत रंग लाई है।

कर्कः किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे।

सिंहः खास लोग ऐसी किसी भी योजना में रुपये लगाने के लिए तैयार होंगे, जिसमें संभावना न?र आए और विशेष हो। जो भी बोलें, सोच-समझकर बोलें।

कन्याः आज अनेक रूप से लाभ होने के कारण आपके हर्षोल्लास में दुगुनी वृद्धि होगी। लेन-देन में सावधानी बरतें। कानूनी मसले हल होंगे।

तुलाः आपके मन में नए-नए विचार आएंगे, कारोबार में काफी फायदा होगा। ऑफिस में किसी जरूरी काम को पूरा करने के लिये आज पिछली कंपनी का अनुभव आपके काम आएगा।

वृश्चिकः आपको अपना अतिरिक्त समय अपने शौक पूरे करने या उन कामों को करने में लगाना चाहिए। अचानक आए खर्चे आर्थिक बोझ बढ़ा सकते हैं।

धनु : आज आप नया कार्य प्रारंभ कर सकते हैं। घर व दोस्तों के बीच अपनी स्थिति सुधारने के बारे में सोचें।

मकरः कॉलेज से मिले प्रोजेक्ट को आज सीनियर्स की मदद से पूरा करेंगे। पेरेंट्स को अपने बच्चों के खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है।

कुंभः घरेलू चीजों को लापरवाही से इस्तेमाल करना आपके लिए परेशानी का सबब बन सकता है। महत्वपूर्ण लोगों के साथ बातचीत करते वक्त अपने शब्दों को गौर से चुनें।

मीनः कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं, ध्यान रखें।

पंडित शशि पाल डोगरा वशिष्ठ ज्योतिष सदन शिमला।

जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण को जरूर चढ़ाएं यह चीजें, दूर हो जाएगा दुर्भाग्य

धर्म ग्रंथों के अनुसार कृष्ण जन्माष्टमी भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि यह पर्व मनाया जाता है। पंचांग भेद के कारण इस बार ये पर्व 18 और 19 अगस्त को मनाया जाने वाला है। जन्माष्टमी के दिन श्रीकृष्ण की पूजा विशेष रूप से की जाती है। कृष्ण मंदिरों में भक्तों की काफी भीड़ उमड़ती है और विशेष आयोजन भी किए जाते हैं। धर्म ग्रंथों और ज्योतिष के अनुसार जन्माष्टमी पर यदि भगवान कृष्ण को कुछ खास चीजें अर्पित कर दी जाए तो आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। साथ ही इन उपायों से आपका दुर्भाग्य भी दूर हो जाता है।

दक्षिणावर्ती शंखः बता दें कि शंख को देवी लक्ष्मी का सहोदर कहा गया है जिसका अर्थ भाई होता है। वहीं भगवान श्री कृष्ण की पूजा में भी शंख का उपयोग किया जाता है। साथ ही ये शंख अगर दक्षिणावर्ती हो तो बहुत ही शुभ रहता है। जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण को दक्षिणावर्ती शंख अर्पित करें और उन्हीं के साथ रखकर रोज उसकी पूजा करें।

रक्षा सूत्रः भगवान कृष्ण की पूजा में रक्षा सूत्र भी जरूर चढ़ाना चाहिए। रक्षासूत्र चढ़ाने से भगवान और भक्त के बीच एक आत्मीय रिश्ता बनता है। जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण को रक्षा सूत्र चढ़ाने से आपकी हर परेशानी दूर हो सकती है।

धनिए की पंजीरीः हमारे देश में कई तरह की पंजीरी बनाई जाती है लेकिन भगवान कृष्ण को धनिए की पंजीरी का भोग लगाया जाता है। इसमें सूखे धनिए को पीसकर उसमें शक्कर का बूरा मिलाया जाता है। साथ ही इसमें सूखे मेवे जैसे काजू, बादाम आदि भी डाले जाते हैं।

बांसुरीः बिना बांसुरी के भगवान कृष्ण के स्वरूप की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर भगवान कृष्ण को बांसुरी जरूर भेंट करें। बांसुरी को हमेशा उनकी मूर्ति या तस्वीर के निकट ही रहने दें। वास्तु शास्त्र के अनुसार बांसुरी से निकलने वाली पॉजिटिव एनर्जी घर के दोष को दूर कर देती है।

पीले फलः जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण को पीले फल जैसे केला, आम आदि का भोग लगाने से भी भक्त की सभी मनोकामनाएं पूरी होती है। पीला रंग गुरु ग्रह का बताया जाता है।

मोरपंखः भगवान श्रीकृष्ण को मोर मुकुटधारी भी कहते हैं। यानी मोर मुकुट धारण करने वाला। जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण को मोरपंख भी अर्पित करना चाहिए। इसके बाद इस मोर पंख को अपनी तिजोरी में रख लेना चाहिए। इससे धन लाभ के योग बनते हैं। साथ ही आर्थिक परेशानी भी दूर हो जाती है।

पंचामृतः भगवान कृष्ण की पूजा में पंचामृत विशेष रूप से चढ़ाया जाता है। इसे गाय के दूध, दही, घी, शहद व शक्कर मिलाकर तैयार किया जाता है। आयुर्वेद में भी पंचामृत को फायदेमंद बताया गया है। इसका सेवन करने से कई तरह की बीमारियां दूर हो जाती है।

तुलसीः धर्मग्रंथों के अनुसार भगवान कृष्ण को तुलसी काफी प्रिय है। जन्माष्टमी पर जिस भी चीज का भोग लगाएं उसमें तुलसी के पत्ते जरूर रखें। किसी कारणवश भोग न भी लग पाएं तो सिर्फ तुलसी के पत्ते चढ़ाने से भी कृष्ण की कृपा बनी रहती है।

माखन मिश्रीः भगवान कृष्ण को कई तरह का भोग लगाया जाता है। लेकिन मुख्य रूप से माखन मिश्री जरूर अर्पित की जाती है। धर्म ग्रंथो में भी यह बताया गया है कि भगवान को ताजा माखन मिश्री काफी प्रिय है। जन्माष्टमी पूजन में भी आप भगवान को माखन मिश्री का भोग जरूर लगाएं।

पीले वस्त्रः भगवान कृष्ण का एक नाम पीतांबरधारी भी है। इसका अर्थ पीले वस्त्र पहनने वाला होता है। जन्माष्टमी के खास मौके पर कृष्ण को पीले वस्त्र जरूर अर्पित करें और फिर बाद में इसे किसी योग्य ब्राह्मण को दे दें। ऐसा करने से हर काम में सफलता मिलती है।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर विशेष

लड्डू गोपाल की सेवा से होती है हर मनोकामना पूर्ण

हर वर्ष भाद्रपद की कृष्ण अष्टमी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया जाता हैं। आज सोमवार को यह त्योहार मनाया जाएगा। हम सभी भगवान श्रीकृष्ण को मनमोहन, केशव, श्याम, गोपाल, कान्हा, श्रीकृष्णा, घनश्याम, बाल मुकुंद, गोपी मनोहर, गोविंद, मुरारी, मुरलीधर जाने कितने सुहाने नामों से पुकारते हैं। यह खूबसूरत देव दिल के बेहद करीब लगते हैं। इनकी पूजा का ढंग भी उनकी तरह ही निराला है। भगवान कृष्ण के पूजन के लिए 30 अगस्त की रात्रि 11.59 मिनट से देर रात्रि 12.44 मिनट तक रहेगा। यानी कुल अवधि 45 मिनट रहेगी। पंचांग के अनुसार, भाद्रपद कृष्ण अष्टमी 29 अगस्त, रविवार को रात्रि 11.25 मिनट से शुरू होगी और सोमवार, 30 अगस्त को देर रात्रि 1.59 मिनट पर यह तिथि समाप्त होगी।

भागवत पुराण के अनुसार द्वापर युग में मथुरा नगरी पर कंस नाम का एक अत्याचारी राजा शासन करता था। अपने पिता राजा उग्रसेन को गद्दी से हटाकर वो स्वयं राजा बन गया था। मथुरा की प्रजा उसके शासन में बहुत दुखी थी। लेकिन वो अपनी बहन देवकी को बहुत प्यार करता था। उसने देवकी का विवाह अपने मित्र वासुदेव से कराया। जब वो देवकी और वासुदेव को उनके राज्य ले कर जा रहा था तभी एक आकाशवाणी हुई - हे कंस! जिस बहन को तू उसके ससुराल छोड़ने जा रहा है, उसके गर्भ से पैदा होने वाली आठवीं संतान तेरी मौत का कारण बनेगी। आकाशवाणी सुनकर कंस क्रोधित हो उठा और वसुदेव को मारने बढ़ा। तब देवकी ने अपने पति के प्राणों की रक्षा के लिए कहा कि उनकी जो भी संतान जन्म लेगी, उसे वो कंस को सौंप देगी। कंस ने बहन की बात मान कर दोनों को कारागार में डाल दिया।

कारागार में देवकी ने एक-एक करके सात बच्चों को जन्म दिया, लेकिन कंस ने उन सभी का वध कर दिया। हालांकि सातवीं सन्तान के रूप में जन्में शेषावतार बलराम को योग माया ने संकर्षित कर माता रोहणी के गर्भ में पहुचां दिया था, इसलिए ही बलराम को संकर्षण भी कहा जाता है। आकाशवाणी के अनुसार माता देवकी की आठवीं संतान रूप में स्वयं भगवान विष्णु कृष्णावतार के रूप में पृथ्वी पर जन्मे थे। उसी समय माता यशोदा ने एक पुत्री को जन्म दिया। इस बीच कारागार में अचानक प्रकाश हुआ और भगवान श्रीहरि विष्णु प्रकट हुए। उन्होंने वसुदेव से कहा कि आप इस बालक को अपने मित्र नंद जी के यहां ले जाओ और वहां से उनकी कन्या को यहां लाओ।

भगवान विष्णु के आदेश से वसुदेव जी भगवान कृष्ण को सूप में अपने सिर पर रखकर नंद जी के घर की ओर चल दिए। भगवान विष्णु की माया से सभी पहरेदार सो गए, कारागार के दरवाजे खुल गए, यमुना ने भी शांत होकर वसुदेव जी के जाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया। वसुदेव भगवान कृष्ण को लेकर नंद जी के यहां सकुशल पहुंच गए और वहां से उनकी नवजात कन्या को लेकर वापस आ गए। जब कंस को देवकी की आठवीं संतान के जन्म की सूचना मिली। वह तत्काल कारागार में आया और उस कन्या को छीनकर पृथ्वी पर पटकना चाहा। लेकिन वह कन्या उसके हाथ से निकल कर आसमान में चली गई। फिर कन्या ने कहा- हे मूर्ख कंस! तूझे मारने वाला जन्म ले चुका है और वह वृंदावन पहुंच गया है। अब तुझे जल्द ही तेरे पापों का दंड मिलेगा। वह कन्या कोई और नहीं, स्वयं योग माया थीं।

कैसे करें श्रीकृष्ण का पूजन

* चौकी पर लाल कपड़ा बिछा लीजिए।
* भगवान् कृष्ण की मूर्ति चौकी पर एक पात्र में रखिए।
* अब दीपक जलाएं और साथ ही धूपबत्ती भी जला लीजिए।
* भगवान् कृष्ण से प्रार्थना करें कि, 'हे भगवान् कृष्ण ! कृपया पधारिए और पूजा ग्रहण कीजिए।
* श्री कृष्ण को पंचामृत से स्नान कराएं।
*. फिर गंगाजल से स्नान कराएं।
* अब श्री कृष्ण को वस्त्र पहनाएं और श्रृंगार कीजिए।
* भगवान् कृष्ण को दीप दिखाएं।
* इसके बाद धूप दिखाएं।
* अष्टगंध चन्दन या रोली का तिलक लगाएं और साथ ही अक्षत (चावल) भी तिलक पर लगाएं।
* माखन मिश्री और अन्य भोग सामग्री अर्पण कीजिए और तुलसी का पत्ता विशेष रूप से अर्पण कीजिए. साथ ही पीने के लिए गंगाजल रखें।
* अब श्री कृष्ण का इस प्रकार ध्यान कीजिएः श्री कृष्ण बच्चे के रूप में पीपल के पत्ते पर लेटे हैं।
* उनके शरीर में अनंत ब्रह्माण्ड हैं और वे अंगूठा चूस रहे हैं।
* इसके साथ ही श्री कृष्ण के नाम का अर्थ सहित बार बार चिंतन कीजिए।
* कृष् का अर्थ है आकर्षित करना और ण का अर्थ है परमानंद या पूर्ण मोक्ष।
* इस प्रकार कृष्ण का अर्थ है, वह जो परमानंद या पूर्ण मोक्ष की ओर आकर्षित करता है, वही कृष्ण है।
* मैं उन श्री कृष्ण को प्रणाम करता/करती हूं।
* वे मुझे अपने चरणों में अनन्य भक्ति प्रदान करें।
* विसर्जन के लिए हाथ में फूल और चावल लेकर चौकी पर छोड़ें और कहें- हे भगवान् कृष्णा! पूजा में पधारने के लिए धन्यवाद।
* कृपया मेरी पूजा और जप ग्रहण कीजिए और पुनः अपने दिव्य धाम को पधारिए।

सतरंगी पर्दा

'लाल सिंह चड्ढा' भी नहीं चली और पिट गई 'रक्षा बंधन' भी!

पिट गई 'लाल सिंह चड्ढा'

अभिनेता आमिर खान की फिल्म 'लाल सिंह चड्ढा' फ्लॉप हो गई है। फिल्म के रिलीज होते ही पंजाब में इसका विरोध शुरु हो गया था। हिंदू संगठनों, जिनमें शिव सेना समाज वादी, शिवसेना बाल ठाकरे, शिव सेना हिंद, बजरंग दल सहित अन्य संगठनों के कार्यकर्ता शामिल हैं, ने जालंधर में एमबीडी मॉल के बाहर प्रदर्शन किया। विरोध के बाद फिल्म को सिनेमा हॉल से हटा दिया गया। हालांकि, विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पहले ही माल के बाहर सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस फोर्स बढ़ा दी गई थी।

आमिर की फिल्म का शो देखने के लिए कम ही दर्शक पहुंचे थे। हिंदू संगठनों ने सिनेमा हॉल में घुस कर इन दर्शकों को बाहर निकाल दिया। इस मौके पर पुलिस से हिंदुओं और सिखों की भावनाएं आहत करने के लिए आमिर खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की भी मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि अगर मामला दर्ज नहीं किया गया तो पुलिस कमिश्नर के दफ्तर के बाहर धरना दिया जाएगा।

शिवसेना हिंद के प्रधान इशांत शर्मा ने कहा कि आमिर अपनी फिल्म में हिंदू देवी देवताओं का मजाक उड़ाते हैं और वे सोची-समझी के तहत ऐसा करते हैं। आमिर ने फिल्म पीके में भी देवी देवताओं का अपमान किया था, ऐसे में उनकी फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं चलने दिया जाएगात्र गौरतलब है कि आमिर ने इस फिल्म की ज्यादातर शूटिंग पंजाब और चंडीगढ़ में की थी।

चली नहीं 'रक्षा बंधन' भी



पंजाबी पुत्त बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार एक साल में कई फिल्में करने के लिए जाने जाते हैं और उनकी फिल्में खूब पसंद भी की जाती हैं, लेकिन मौजूदा समय में वह बॉक्स ऑफिस पर नाकाम साबित हो रहे हैं। 11 अगस्त को रिलीज हुई अक्षय कुमार की फिल्म 'रक्षा बंधन' भी नहीं चली है। इसके अच्छे प्रदर्शन की उम्मीदें भी नहीं हैं। त्योहार के समय पर रिलीज करने के बावजूद भी इस फिल्म को दर्शकों का ठंडा रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म का कोई खास कमाल नहीं दिखा पाना अक्षय के साथ ही निर्माता के लिए भी निराशाजनक रहा है।

इससे पहले रिलीज हुई अक्षय कुमार की दो फिल्में 'बच्चन पांडे और 'सम्राट पृथ्वी राज चौहान' भी बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप रही थीं और अब 'रक्षा बंधन' की कमाई को देख कर लग रहा है कि अभिनेता अक्षय कुमार की यह फिल्म भ सिमट रही है। यहां तक कि दर्शक न मिल पाने की के कारण फिल्म के शोज तक कैंसिल करने पड़ रहे हैं. एक ही साल में अक्षय कुमार की फ्लॉप की हैट्रिक होगी, जो उनके करियर और ब्रांड बेल्यू के लिए ठीक नहीं है। 'रक्षा बंधन' की कमाई में जिस तरह से हर रोज गिरावट देखने को मिल रही है, उससे तो यही लग रहा है कि जैसे अक्षय का चार्म अब कम हो गया है.

अनन्या पांडे की 'लाइगर'

फिल्म अभिनेत्री अनन्या पांडे को उम्मीद है कि उनकी फिल्म 'लाइगर' के गाने 'कोका' को पूरे देश में प्यार मिलेगा। यह गाना यहां चंडीगढ़ में लांच किया गया है। फिल्म 25 अगस्त को रिलीज़ होगी। अपनी इस फिल्म के प्रमोशन के लिए चंडीगढ़ आई अनन्या पांडे ने कहा कि यह गाना उनके दिल के बेहद करीब है। इसमें पंजाबी तड़का लगने से यह और भी खूबसूरत हो गया है। उन्हें यह भी खबर है कि चंडीगढ़ में भी इस गाने को अच्छा रेसपोंस मिल रहा है।

अनन्या पांडे ने कहा कि 'लाइगर' फिल्म के अब तक तीन गाने रिलीज किए जा चुके हैं। पंजाबी तड़के वाला 'कोका' चौथा गाना है, जो चंडीगढ़ में जारी किया गया है। इस गाने में फिल्म के नायक साउथ के सुपर स्टार विजय देवरकोंडा भी पंजाबी अंदाज में दिखाई देंगे।

क्या बोले विजय देवरकोंडा ?

'पगड़ी पहन कर कर मैंने खुद के लिए स्पेशल फील किया। जब-जब मैंने पगडी पहनी, हमेशा मुझे ऐसा ही महसूस हुआ है।' यह कहना है फिल्म 'लाइगर' के अभिनेता विजय देवरकोंडा का। देवरकोंडा अपनी 25 अगस्त को रिलीज़ होने वाली फिल्म 'लाइगर' के प्रमोशन के लिए चंडीगढ़ आए हुए थे। इस मौके पर उनकी आने वाली फिल्म का एक गाना 'कोका' भी जारी किया गया। 'कोका' पंजाबी अंदाज का गाना है।

इस गाने की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि किसी गाने पर डांस करना मुश्किल नहीं है, लेकिन पंजाबी स्वैग पर डांस करना मेरे लिए इतना आसान भी नहीं था।

देवरकोंडा ने कहा कि 'लाइगर' में वे एक बाक्सर की भूमिका में हैं। इस भूमिका में फिट होने के लिए मुझे अपनी फिजिक पर बड़ी मेहनत करनी पड़ी है।' उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि 'लाइगर' को देशभर के प्रशंसकों का प्यार मिलेगा।

कंगना की 'एमरजेंसी'

हिमाचली क्वीन अभिनेत्री कंगना रनौत 'एमरजेंसी' को लेकर फिल्म बना रही हैं। फिल्म में हिमाचली अनुपम खेर भी हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने यह फिल्म बनाने के लिए कंगना को पत्र लिख कर बधाई दी है। स्वतंत्र भारत के शानदार और उज्ज्वल इतिहास में 'एमरजेंसी' को एक बदनाम और काला अध्याय करार देते हुए शांता कुमार ने कहा है कि अगली पीढ़ियों तक इसे याद रखा जाएगा। उन्होंने लिखा है कि 47 साल के बाद इतिहास की इस गलती को फिल्म के जरिए सामने लाने का काम कंगना रनौत कर रही हैं और इस फिल्म का निर्माण उनके जीवन में मील का पत्थर साबित होगा।

हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार का यह भी कहना है कि 1975 में इंदिरा गांधी ने अपनी कुर्सी बचाने के लिए एमरजेंसी लगा दी थी और पूरे देश को जेल खाना बना दिया था। देश के हजारों नेता 19 महीनों तक जेल में रहे थे। इस शर्मनाक घटना को बीते 47 साल हो गए हैं, लेकिन किसी ने भी इस पर फिल्म बनाने के बारे में नहीं सोचा।

शांता कुमार ने कहा है कि भारतीय इतिहास का यह सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण काम हिमाचल प्रदेश की बेटी कंगना रनौत कर रही हैं। कंगना को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि सभी देश भक्त शक्तियों को इस मामले में कंगना को मदद करनी चाहिए।

चले गए 'रुंडा'

हरियाणवी सुपरहिट फिल्म 'चंद्रावल' के हास्य अभिनेता 'रुंडा' का निधन हो गया. वे 65 साल के थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे।

'रुंडा' का असली नाम नसीब सिंह कुंडू था, लेकिन 'चंद्रावल' फिल्म में निभाई उनकी भूमिका के बाद लोग उन्हें 'रुंडा' के नाम से ही बुलाते थे. 'चंद्रावल' हरियाणा की अब तक की सबसे लोकप्रिय फिल्म मानी जाती है।

रोहतक के रहने वाले नसीब सिंह ने 'लाडो बसंती' और 'जरूर, जोरू और जमीन' सहित कई अन्य हरियाणवी फिल्मों में भी काम किया था, लेकिन 'चंद्रावल' के बाद घर-घर में 'रूंडा-खूंडा' की चर्चा होने लगी थी। 'खूंडा' की भूमिका निभाने वाले दरियाव सिंह मलिक का भी हाल ही में निधन हो गया था।

प्रस्तुतिः सुमित्रा

न्यूज ब्रीफ

ओएसिस फाउंडेशन ने वितरित किए 75 हजार राष्ट्रीय ध्वज

चंडीगढ़ (साजन शर्मा)। ओएसिस फाउंडेशन की ओर से अपनी सीएसआर गतिविधि के तहत चलाया गया 'हर घर तिरंगा' एवं 'आजादी का अमृत महोत्सव' अभियान संपन्न हो गया। इस अभियान के तहत ओएसिस फाउंडेशन की ओर से आनंदपुर साहिब, खरड़, मोरिंडा तथा मोहाली के सभी छोटे कस्बों में करीब 75 हजार राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए। फाउंडेशन के अध्यक्ष ज्ञान चंद गर्ग ने बताया कि ओएसिस फाउंडेशन का यह अभियान 10 अगस्त को शुरू हुआ था और लगभग एक सप्ताह तक चले इस अभियान के दौरान विभिन्न स्थानों पर 75 हजार तिरंगा वितरित किए गए। फाउंडेशन ने तिरंगा वितरित करने का जो लक्ष्य रखा था उसे हासिल किया और सरकार के इस अभियान में अपना सहयोग दिया। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन की ओर से समय समय पर विभिन्न सीएसआर गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

सनातन धर्म मंदिर में धूमधाम से मनाई कृष्ण जन्माष्टमी

जीरकपुर (मनिंदर मनौली)। जीरकपुर के आसपास विभिन्न स्थानों पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़ी श्रद्धा और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिरों में विशेष अनुष्ठान किए गए और भक्तों ने भक्ति के साथ मंदिरों में माथा टेका। इस अवसर पर पूर्व विधायक एनके शर्मा ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों में शिरकत करते हुए सभी लोगों को जन्माष्टमी के पावन पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक ग्रंथ हमें सिखाते है कि हमें हमेशा अच्छे कर्म करते हुए अच्छाई और ईमानदारी के मार्ग पर चलना चाहिए। वर्तमान समय में हमें नशा, कन्या भ्रूण हत्या और भ्रष्टाचार जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लामबंद होना चाहिए और धार्मिक गतिविधियों में अधिक भाग लेना चाहिए। एनके शर्मा ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ सनातन धर्म मंदिर लोहगढ़ में भगवान की आरती और सेवा में भाग लिया। इस अवसर पर भगवान कृष्ण के जन्म से संबंधित झांकियां भी प्रस्तुत की गई और भजन मंडली ने भजनों के माध्यम से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर आए श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया।

पे नाउ, पे लेटर से तीन दिन तक विदेशी मुद्रा को कर सकते है बुक

चंडीगढ़ (करमजीत परवाना)। विदेशी मुद्रा में निवेश करने वालों लोगों को अब अपने मन चाहे रेट में निवेश करने के अपने ग्राहकों के लिए बुक माय फोरेक्स डॉट-कॉम बुक लेकर पे नाउ, पे लेटर का विकल्प दे रही है। यह कहना है बुक माय फोरेक्स डॉट-कॉम के संस्थापक एवं सीईओ सुदर्शन मोटवानी का । सुदर्शन मोटवानी इस विकल्प को लांच करने के चंडीगढ़ विशेष रूप पहुंचे। मोटवानी ने आगे बताया कि बुक माय फोरेक्स डॉट कॉम ने अपने ग्राहकों को जल्दी और सुविधाजनक अनुभव प्रदान करने के लिए 24×7 मनी ट्रांसफर सर्विस (रेमिटेंस सर्विस) शुरू की है। ग्राहक 'बुक नाउ, पे लेटर' के अंतर्गत 3 दिनों तक विदेशी मुद्रा दरों को लॉक इन कर सकेंगे। ग्राहकों के पास 'बुक नाउ एंड पे लेटर' विकल्प के तहत 2 फीसदी वापसी योग्य अग्रीम भुगतान (रिफंडेबल एडवांस) करके पूरा भुगतान करने या रेट लॉक इन करने का विकल्प उपलब्ध है।

संपदा विभाग ने सेक्टर 15 में हटाया अवैध कब्जा

■ अस्पताल से सटे प्लॉट पर अस्थाई रूप से बनाए गए थे शेड

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़, 18 अगस्त। शहर में सरकारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई करते हुए संपदा कार्यालय की प्रवर्तन शाखा ने धर्म अस्पताल से सटे प्लॉट नंबर 2041 सेक्टर-15 पर से अतिक्रमण हटा दिया। इस प्लॉट पर अस्थाई रूप से शेड बनाए गए थे, जिसमें धर्म अस्पताल के कर्मचारी ठहरे हुए थे। अतिक्रमण की सूचना मिलने पर संपदा कार्यालय के प्रवर्तन अधिकारियों की टीम ने इन अस्थायी शेडों को खाली कराकर तोड़फोड़ की। सरकारी जमीनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शहर में इस तरह के अतिक्रमण विरोधी अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे। कल एडवाइजर धर्मपाल ने चंडीगढ़-पंचकूला बार्डर का दौरा किया था जहां उन्होंने कई जगह अतिक्रमण देखा जिसके बाद एक कमेटी गठित कर इन्हें हटाने के आदेश जारी किये। साथ ही सख्त चेतावनी दी कि इस तरह का कोई भी अतिक्रमण चाहे अस्थाई हो या स्थाई सरकारी जमीन पर नहीं दिखना चाहिए।

कन्हैया मित्तल ने इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का किया दौरा

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़ 18अगस्त। स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर कन्हैया मित्तल और रेडियो पंजाब, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के आरजे गीत ने सैक्टर 17 में अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का दौरा किया। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में निगम कमिश्नर अनिंदिता मित्रा की अगुवाई में इस यात्रा का आयोजन किया गया था। शहर की स्मार्ट सिटी की आईसीसीसी परियोजना के तहत किए जा रहे ई-गवर्नेंस सिस्टम, डेटा इंटीग्रेशन, चालान सिस्टम और अन्य सेवाओं को देखकर मेहमानों ने ब्रेन ऑफ सिटी को काम करते देखा और काफी प्रभावित हुए। इस दौरान चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) विशेषज्ञ ने आईसीसीसी में वीडियो वॉल पर शासन, सीवरेज, बिजली और स्मार्ट लाइटिंग,यातायात प्रबंधन, सॉलिड वेस्ट मैनेजेमेंट, सार्वजनिक बाइक साझाकरण, बुद्धिमान यातायात प्रबंधन प्रणाली, अनुकूली यातायात नियंत्रण प्रणाली, ई-गवर्नेंस जैसी आईसीसीसी सक्षम नागरिक केंद्रित सेवाओं के कामकाज को लाइव दिखाया। स्मार्ट सिटी लिमिटेड की सीईओ निगम कमिश्नर ने कहा कि आईसीसीसी सीसीटीवी निगरानी कैमरों जैसे स्मार्ट फील्ड तत्वों की निगरानी कर रहा है, जिसमें 1000 से अधिक कैमरे ट्रैफिक जंक्शनों और चंडीगढ़ के अन्य महत्वपूर्ण स्थानों जैसे जल कार्यों, पार्कों, सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक केंद्रों पार्किंग स्थानों, स्कूलों की वास्तविक समय निगरानी के लिए स्थापित किए गए हैं। लगभग 285 स्थानों पर यह कैमरे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आधार पर काम कर रहे हैं। यह उन्नत वीडियो एनालिटिक्स का उपयोग कर रहे हैं और स्वचालित इवेंट अलर्ट उत्पन्न कर रहे हैं। सीसीटीवी निगरानी कैमरों ने वाहन चोरी, गैर-जिम्मेदाराना ड्राइविंग, आवारागर्दी, अवैध पार्किंग, अतिक्रमण जैसी घटनाओं को कम किया है।

उन्होंने आगे कहा कि हम नागरिकों को कुशल सेवा वितरण, एक सुरक्षित और सुरक्षित वातावरण और जीवन की बेहतर गुणवत्ता प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं।

सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

अर्थ प्रकाश/चौहान

डेराबस्सी, 18 अगस्त। नगर कौंसिल वर्कर्स यूनियन (एटक) डेराबस्सी ने लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि वह कई बार कार्यकारी अधिकारी व परिषद अध्यक्ष को उनकी मांगों को लेकर रिमाइंडर देते रहे हैं, लेकिन आज तक उनकी मांगों की ओर ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले पूरे पंजाब में कच्चे सफाई कर्मचारियों को स्थायी कर दिया गया था।

हालांकि डेराबस्सी नगर परिषद में अभी भी 32 सफाई कर्मियों को नियुक्ति पत्र जारी नहीं किए गए हैं, जिन्हें बिना किसी शर्त के नियुक्ति पत्र दिए जाएं, इसके अलावा प्रति सफाई कर्मचारी 10 लाख रुपये का बीमा किया जाए। सफाई कर्मचारी सुरिंदर सिंह की मौत के बाद उनकी पत्नी को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दी जाए और सभी सफाई कर्मचारियों को 10 दिन का शेष वेतन दिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि सात दिन के भीतर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो यूनियन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली जाएगी।

'कुमार बंधुओं' के कान्हा भजनों के साथ मनायी जन्माष्टमी

■ 'बाजे रे मुरलिया बाजे'

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 18 अगस्त। प्राचीन कला केंद्र व मोहाली सीनियर सिटीजन एसोसिएशन चैप्टर 3 की ओर से जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर प्राचीन कला केंद्र मोहाली के डा.शोभा कौसर आडिटोरियम में 'एक शाम कान्हा के नाम' से एक जन्माष्टमी उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्षेत्र के जाने माने भजन व सूफी गायक जोड़ी कुमार बंधुओं, अनूप कुमार व हेमंत कुमार ने इस उत्सव में वरिष्ठ नागरिकों की मौजूदगी में कान्हा के भजनों से खूब रंग जमाया। मोहाली इंडस्टरीज एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संजीव वशिष्ट इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे।

मोहाली सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के प्रेजीडेंट ब्रिगेडियर जेएस जगदेव व चैप्टर हैड प्रिंसीपल एस चौधरी ने कार्यक्रम से पूर्व कुमार बंधुओं व सभी कलाकारों का सम्मान करते हुए अभिनंदन किया।

कुमार बंधुओं ने कार्यक्रम का आगाज मीरा बाई की रचना 'मैं तो सांवरे के रंग राची' राग चारुकेसी में किया। उसके बाद सुप्रसिद्ध भजन 'बाजे रे मुरलिया बाजे' तथा 'नटवर नागर नंदा' राग कलावती में पेश किया। कान्हा के कुछ लोकप्रिय भजन 'ऐसी लागी लगन मीरा हो गई मगन', 'जग में सुंदर हैं नाम', 'वो काला एक बांसुरी वाला' भी कुमार बंधुओं ने श्रोताओं की नजर किए। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए कुमार बंधुओं ने 'बसो मोर नैणन में नंदलाल' राग मल्हार में सुनाया। इसके बाद 'मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है', 'बड़ी देर भई नंदलाला' तथा 'लागी रे लगन धुन श्याम की' पर सभी वरिष्ठ नागरिकों व अन्य श्रोताओं को खूब निहाल किया। हारमोनियम पर इनके साथ खूबसूरत संगत की सरबजीत शीबू ने, तबले पर जयमल सिंह, ढोलक पर मास्टर धर्मपाल, आक्टोपैड पर करमचंद केसी तथा बांसुरी पर थे श्याम थापा।

विश्व फोटोग्राफी दिवस पर फोटो आर्ट सोसाइटी 'दृष्टि' प्रदर्शनी व कार्यशाला आयोजित करेगी

चंडीगढ़, 18 अगस्त (अप्रस)। ट्राइसिटी फोटो आर्ट सोसाइटी (तपस) चंडीगढ़ ललित कला अकैडमी के सौजन्य से इस बार विश्व फोटोग्राफी दिवस पर 7वीं वार्षिक फोटो प्रदर्शनी दृष्टि- 2022 का आयोजन करेगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन ट्राइसिटी के वरिष्ठ आर्टिस्ट व छायाकार दीवान मन्ना 19 अगस्त को दिन में 11. 30 बजे एकैडमी की ऑफिस गैलरी, रानी लक्ष्मीबाई भवन, सेक्टर 39, चंडीगढ़ में करेंगी। यह जानकारी एक संयुक्त वक्तव्य में तपस की प्रधान नीतू कटियाल व एकेडमी के चेयरमैन भीम मल्होत्रा ने दी।

तपस 2015 से निरंतर संस्था के सदस्यों की वार्षिक फोटो प्रदर्शनी 'दृष्टि' का आयोजन करती आ रहे हैं। गत वर्ष करोना के चलते भी संस्था द्वारा इस प्रदर्शनी का आयोजन ऑनलाइन किया गया था।

इस बार प्रदर्शनी में 26 कलाकारों की 47 तस्वीरें लगाई गई है। प्रदर्शनी में प्रदर्शित तस्वीरों से कला प्रेमी क्रिएटिव फोटोग्राफी, फोटोजर्नलिज्म, नेचर फोटोग्राफी, पोट्रेट्स,बर्डस, कला-संस्कृति अत्यादी विषयों से रूबरू हो सकेंगे।

गत वर्षो की भांति इस बार भी प्रदर्शनी के दौरान 19 अगस्त से 23 अगस्त तक फोटोग्राफी के विभिन्न विषयों पर पांच निशुल्क कार्याशालाएं आयोजित की जाएंगी। इस दौरान प्रसिद्ध छायाकार दीप भाटिया द्वारा 19 अगस्त को क्रिएटिव व सूरल फोटोग्राफी पर, 20 अगस्त को अनुज जैन की बर्ड फोटोग्राफी विषय पर, 21 अगस्त को विनोद चौहान द्वारा स्लाइड शो, चरण छोह.. पंजाब, 22 अगस्त को नीतू कटियाल की पोट्रेट्स फोटोग्राफी पर जबकि 23 अगस्त को प्रवीण जग्गी की पोस्ट प्रोसेसिंग विषय से संबंधित विषयों पर विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। यह प्रदर्शनी 23 अगस्त तक चलेगी।

भाई बहन को मारपीट मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

चंडीगढ़ (अप्रस)। थाना-36 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत रहने वाले भाई बहन को मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक गांव कजहेड़ी के रहने वाले शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार देर रात को घर के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी करने गया था। इसी दौरान दो आरोपी भी घर के पास ही मौजूद थे। शिकायतकर्ता ने आरोपियों को बोला कि वह अपना मोटरसाइकिल साइड पर खड़ा कर दें। क्योंकि उसके भाई ने सुबह जल्दी उठकर जाना होता है। इसी बात को लेकर आरोपी गुस्से में आ गए। इतनी सी बात को लेकर आरोपियों ने पीड़ित को बोला कि वह अपना मोटरसाइकिल पीछे नहीं उठाते जो करना कर लो। इसी दौरान आरोपियों ने अपने दो अन्य साथियों को और बुला लिया। इसी दौरान शिकायतकर्ता की बहन भी आ गई।और आरोपियों पर शिकायतकर्ता और उसकी बहन पर मारपीट करने का आरोप लगा है। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तैयारी ट्राईसिटी के 'भवनों' के पदाधिकारियों ने बनाया संगठन

एकजुट होकर उठाएंगे प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं

■ अन्य वर्गों का सहयोग करने का लिया संकल्प

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 17 अगस्त। ट्राईसिटी के चंडीगढ़, मोहाली और पंचकुला स्थित समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा बनाए गए 'भवनों' के पदाधिकारियों की चंडीगढ़ में एक संयुक्त बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता रामगढिया भवन, चंडीगढ़ के अध्यक्ष डॉ. हरचरण सिंह रनौता ने की। बैठक में विभिन्न 'भवनों' के प्रधान व महासचिवों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर बैठक में ट्राईसिटी के 'भवनों' का एक संगठन बनाने, एकजुट होकर प्रशासन के समक्ष 'भवनों' की समस्याएं उठाने तथा इन 'भवनों' के माध्यम से ट्राईसिटी में रहने वाले समाज के अन्य वर्गों का सहयोग करने का भी संकल्प लिया गया।

जाट भवन सैक्टर-27 के प्रधान एवं हरियाणा पुलिस के पूर्व डीजीपी श्री एम. एस मलिक, आईपीएस (सेवानिवृत्त) ने बैठक में 'भवनों' की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि ट्राईसिटी के हर 'भवन' में आमतौर पर एक जैसी ही समस्याएं होती है। उन्होंने बताया कि वे 'भवनों' में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों, इनके लिए आवश्यक रूप से प्राप्त की जाने वाली एनओसी समेत अन्य मामलों के समाधान के लिए 'भवनों' के पदाधिकारी कई बार प्रशासन से मिल चुके हैं। श्री मलिक ने सुझाव दिया कि डॉ. हरचरण सिंह रनौता की अध्यक्षता में सभी 'भवनों' का एक संयुक्त संगठन बनाया जाना चाहिए। इससे जहां एकजुटता प्रदर्शित होगी वहीं सामुहिक समस्याओं का समाधान करवाने में भी आसानी होगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने डॉ. हरचरण सिंह रनौता को अधिकृत किया कि वे 'भवनों' के संयुक्त संगठन के लिए उचित निर्णय ले सकते हैं।

डॉ. हरचरण सिंह रनौता ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सभी 'भवनों' के पदाधिकारियों को विभिन्न समुदायों के कल्याण के लिए माह में कम से कम एक बार बैठक करनी चाहिए और सभी भवनों की गतिविधियों के संबंध में एक साप्ताहिक या मासिक समाचार पत्र प्रकाशित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें उन समाजों की भी मदद करनी चाहिए जिनके अपने भवन स्थल नहीं हैं और ऐसी सोसायटीज को 'भवनों' के संगठन की मुख्य धारा में शामिल किया जाना चाहिए।

ये रहे बैठक में मौजूद

इस अवसर पर बैठक में रामगढिया सभा, मोहाली के अध्यक्ष करम सिंह बाबरा, बलविंदर सिंह मुल्तानी, प्रजापति भवन से डी.एन. भोपला,बंग भवन से अनींदू दास, नामदेव भवन से जसविंदर सिंह, भगवान परशुराम भवन से यशपाल तिवारी, गुर्जर भवन से नरिंदर मीलू, कश्यप राजपूत भवन से एन.आर. मेहरा समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने बदली प्रदेश की तकदीर : जयराम

■ मुख्यमंत्री ने इंदौरा में हिमाचल प्रदेश के अस्तित्व के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में जनसभा को किया संबोधित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कांगड़ा, 18 अगस्त। मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में लगभग 50 प्रतिशत सड़कें महत्वकांक्षी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित की गई हैं और इसका पूर्ण श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को जाता है जिनका हिमाचल प्रदेश के प्रति सदैव स्नेहपूर्ण भाव रहा। वर्तमान में प्रदेश में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों सहित 39 हजार किलोमीटर सड़कें लोगों को सड़क सम्पर्क सुविधा प्रदान कर रही हैं।

मुख्यमंत्री ने वीरवार को कांगड़ा जिला के इंदौरा में हिमाचल प्रदेश के अस्तित्व के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयोजित प्रगतिशील हिमाचलः स्थापना के 75 वर्ष के कार्यक्रम के अवसर पर एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यह जिला कांगड़ा में प्रगतिशील हिमाचल स्थापना के 75 वर्ष श्रृंखला के अन्तर्गत आयोजित पहला कार्यक्रम है।

उन्होंने कहा कि विभिन्न चुनौतियों और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद इस पहाड़ी राज्य ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल हमें प्रदेश के अस्तित्व के गौवरशाली इतिहास से अवगत करवाते हैं बल्कि प्रदेश को विकास के पथ पर अग्रसर करने के लिए समर्पण और मेहनत से कार्य करने की प्रेरणा भी प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने हमेशा जरूरतमंद लोगों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए व्यय किए गए 400 करोड़ रुपये की तुलना में वर्तमान प्रदेश सरकार ने इसे बढ़ाकर 1300 करोड़ रुपये किया है। प्रदेश सरकार ने मंत्रिमंडल की पहली ही बैठक में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की पात्रता आयु सीमा को घटाकर 80 से 70 वर्ष किया और अब इसे 60 वर्ष किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल विद्युत क्षमता के कारण हिमाचल प्रदेश, देश में ऊर्जा सरप्लस राज्य बनकर उभरा है परन्तु प्रदेश के लोग इससे लाभान्वित नहीं हो पा रहे थे, वर्तमान प्रदेश सरकार ने इस मामले को गंभीरता से देखते हुए प्रदेश के 15 लाख ऊर्जा उपभोक्ताओं को लाभान्वित करने के उद्देश्य से घरेलू ऊर्जा खपत पर जीरों बिल का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अन्तर्गत आर्थिक सहायता राशि को 31000 रुपये से बढ़ाकर 51000 रुपये किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने गंभीर बीमारियों से पीड़ित 20 हजार लोगों को चिन्हित किया और इनकी मदद के लिए 'सहारा' योजना आरंभ की। सहारा योजना के माध्यम से अब इन्हें प्रतिमाह 3000 रुपये प्रदान किए जा रहे हैं।

कोरोना संकट की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वैश्विक महामारी की चुनौतियों के बावजूद प्रदेश सरकार ने राज्य का विकास बिलकुल भी प्रभावित नहीं होने दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इंदौरा विधानसभा क्षेत्र में सात-सात पंचायतों के सात समूहों के लिए एक-एक व्यायामशाला स्थापित करने के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने की घोषणा भी की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'हिमाचल तब और अब' विषय पर आधारित विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं अवलोकन किया।

ये रहे कार्यक्रम में मौजूद

कार्यक्रम के दौरान सांसद किशन कपूर, विधायक अर्जुन ठाकुर और राजेश ठाकुर, सामान्य उद्योग विकास निगम के उपाध्यक्ष मनोहर धीमान, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलवान सिंह, उपायुक्त डॉ. निपुण जिंदल, पुलिस अधीक्षक खुशाल शर्मा, पंचायत समिति के अध्यक्ष सहदेव ठाकुर और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

गांव के श्मशान को विकसित करने के लिए किया जा रहा भरान

■ निराधार निकली किशनपुरा नदी में राख फेंकने की बात

■ पूर्व प्रधान के कहने पर किया जा रहा था सामाजिक कार्य

■ अब आगे से अपनी स्वीकृत साईट पर फेंकी जाएगी राख

अर्थ प्रकाश संवाददाता

बददी, 18 अगस्त। ग्राम पंचायत किशनपुरा के तहत चुनडी गांव के साथ लगती नदी में काली राख डालने की बात निराधार व आधारहीन निकली है। राख जिस स्थान पर फेंकी जा रही थी वो स्थान नदी के बहुत ही दूर है और वहां तक पहुंचने का कोई सवाल ही नहीं है। पडताल में पता चला है कि यह राख पूर्व पंचायत प्रधान ने चुनडी के शमशानघाट में डालने का आग्रह किया था जहां भारी मात्र में खनन हुआ था। इस अवैध खनन के कारण शमशानघाट का स्वरुप बदल गया था और वहां पर बरसात में भरान डालना बहुत जरुरी थी ताकि शवों का निस्तारण सही ढंग से किया जा सके। यह एक सामाजिक कार्य था जो कि पूर्व प्रधान के कहने पर कांट्रेक्टर द्वारा जनहित में निशुल्क किया जा रहा था जबकि चुनडी नदी वास्तव में वहां कोसों दूर थी। नदी में फेंकने की बात निर्मूल साबित हुई। इस बात को कुछ लोग बिना वजह राजनीतिक रंगत दे रहे हैं क्योंकि गांव का शमशानघाट खनन का शिकार हो चुका था जो कि लगभग तीन बीघा है और न ही वहां पर आबादी है और न ही नदी। कुछ मीडीया रिपोर्टस ने मौके पर जाने की बजाय घर बैठे की समाचार दे दिया कि यहां नदी है जो तथ्य सही नहीं पाए। पूर्व प्रधान ईश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि यह सामाजिक कार्य के लिए मैने ही कहा था इसका नदी से कोई लेना देना नहीं है। शमशान के नाम पर किसी को झूठ नहीं बोलना चाहिए। वहीं दूसरी ओर एसडीएम कार्यालय में हुई बैठक में प्रशासन ने साफ किया कि कोई भी पंचायत को अगर डंगे व अन्य भरान की जरुरत है तो वो उनसे संपर्क करें और राख नहीं डलवाएगा जो कि नियमों के विरुद्व है।

उन्होंने कांट्रेक्टर को आदेश दिए कि वो अपनी निर्धारित अप्रूव साईटों पर ही फलाई ऐश का निष्पादन करे और किसी के भी कहने पर चाहे वो सामाजिक या धार्मिक काम हो वहां ने दे इससे गलत संदेश जाता है। प्रशासन ने कहा कि अगर कोई सामाजिक कार्य के पहले कोई राख डली है तो उस पर मिटटी डाली जाएगी और अब समस्त राख निर्धारित साईटों पर ही जानी चाहिए अन्यथा कार्यवाही होगी। वहीं दूसरी ओर फलाई ऐश कंपनी के प्रबंधन अजय कुमार ने बताया कि यह बातें भी गलत निकली कि उनके पास वैध साईट लायसेंस नहीं जबकि हकीकत यह है कि उनके पास सरकार द्वारा प्रदत्त लायसेंस की अवधि 31 मार्च 2024 तक है। जिस जगह शमशान में राख गिरी है उस पर प्रशासन के आदेश पर मिटटी इस हफते डाल दी जाएगी।

क्षेत्रीय महंत जयनारायण ने कहा कि शमशान के कार्य में बाधा डालना बहुत ही गलत है और यह पाप के समान है और लोगों को मिल बैठकर इस काम को निबटाना चाहिए था। यह कोई निजी कार्य नहीं था न ही नदी थी तो हम सबने मरकर यहीं आना है और यही सबका अंतिम ठिकाना है तो इस मुददे को राजनीति से दूर रखना चाहिए।

न्यूज ब्रीफ

शिविर में लोगों को बताई डिजिटल ट्रांजैक्शन की खूबियां

गोहर (अप्रस)। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के सौजन्य से आज ग्राम पंचायत जंजैहली के दुसाधी ओर ढीम में वितीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे में विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाओं सहित लगभग 60 सदस्यों ने भाग लिया। बैंक से कार्यालय सहायक निकराम चौहान, जीवन सिंह और भागमल ने भाग लिया जिसमे लोगों को बैंक द्वारा चलाई जा रही भीं ऋण योजनाओं, बचत योजनाओं और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई जिसमे के सी सी, आर डी, एफ डी आर, पी एम जे जे वाई, पी एम एस वी वाई अटल पैंशन योजना इत्यादि के बारे में लोगों को विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बैंक प्रबंधन द्वारा लोगों को डिजिटल ट्रांजैक्शन के बारे में भी जागरूक किया गया कैसे एटीएम द्वारा पैसे का लेन देन ऑनलाइन बैंकिंग दुसरे लोगों से ओटीपी और पिन शेयर ना करना आदि के बारे में ग्रामीण परिवेश के लोगों को जागरूक किया गया।

वैदिक यज्ञों के माध्यम से किया गया वेदों का प्रचार प्रसार

बददी (अप्रस)। आर्यसमाज बददी ने वेद प्रचार एवं भजन का कार्यक्रम बददी के हिलव्यू अपार्टमेंट मे किया। जिसमे अनेक वैदिक विद्वानो ने इस अवसर पर क्रान्तिकारियों के योगदान को याद किया। पूर्व ड्रग ड्रग कंट्रोलर और वैदिक विद्वान नरेंद्र कुमार आहूजा ने शहीदों के योगदान और उनसे हमें क्या प्रेरणा लेनी चाहिए पर बडे विस्तार से बताया। अशोक डागर ने बहुत ओजस्वी भाषण दिया। आचार्य देवव्रत ने बताया कि देश कि आजादी मे आर्यसमाज के 80 प्रतिशत लोगो का योगदान रहा। जिसमे भगत सिंह, पंडित राम प्रशाद बिस्मिल और लाला लाजपतराय मुख्य रूप से अग्रणी रहे। बहन संगीता आर्य ने भजनों के माध्यम से देश भक्ति के बहुत सुंदर भजन प्रस्तुत किए। आर्य समाज बददी के सभी पदाधिकारी प्रधान कुलबीर आर्य , उपप्रधान दीप आर्य, महामंत्री हर्ष आर्य, कोषाध्यक्ष रोहित आर्य ,उप मंत्री कपिल भाटी और सभी सदस्यों ने बहुत अच्छी व्यवस्था कि हुई थी। कार्यक्रम के बाद 600 लोगो ने सामूहिक भोजन किया। इस अवसर पर आर्य प्रतिनिधि सभा हिमाचल प्रदेश के प्रधान पी सी सूद विशेष अथिति के रूप मे उपस्थित हुए। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा बददी के अध्यक्ष राजेश जिंदल उपस्थित रहे। मंच कि अध्यक्षता अखिल मोहन अग्रवाल ने कि और मंच का श्रेष्ठ संचालन आर्य समाज बददी के अध्यक्ष कुलबीर आर्य ने किया।

पशुओं में लम्पी चमड़ी रोग की रोकथाम के लिए विभाग सक्रिय : वीरेंद्र कंवर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला, 18 अगस्त। ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, पशु पालन एवं मत्स्य पालन मंत्री वीरेंद्र कंवर ने आज यहां बताया कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में गौवंश में लम्पी चमड़ी रोग फैलने की आशंका को कम करने तथा इसे नियंत्रित करने के लिए प्रदेश सरकार ने पशु पालन विभाग के माध्यम से त्वरित कदम उठाए हैं।

पशु पालन मंत्री ने बताया कि सभी प्रभावित जिलों में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमें बनाई गई हैं। प्रभावित क्षेत्रों के पांच किलोमीटर के दायरे में पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है और अभी तक 27,831 गायों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। यह प्रक्रिया निरंतर जारी है और पशुपालकों को जागरुक भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी जिलों में रोगी पशुओं के उपचार के लिए पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध हैं। वैक्सीन खरीदने के लिए 12 लाख रुपये की अतिरिक्त धनराशि भी जारी की गई है। विभाग के रोगव्यापिकी विंग के उपनिदेशक डॉ. अरुण सरकैक (मोबाइल नंबर 94180-44545) को राज्य स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

वीरेंद्र कंवर ने बताया कि प्रदेश स्तर पर और सभी जिलों के उपनिदेशकों से लम्पी चमड़ी रोग की ताजा स्थिति की जानकारी ली जा रही है। बुधवार को उपनिदेशकों से बैठक के दौरान प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार प्रदेश के आठ जिलों में कुल 4544 पशु लम्पी चमड़ी रोग से ग्रसित पाए गए हैं और 134 गौवंश की मौत हुई है।

योजनाओं को पारदर्शिता के साथ समयबद्ध पूरा करें अधिकारी : रमेश ठाकुर

■ जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक आयोजित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सोलन, 18 अगस्त। ज़िला परिषद सोलन के अध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि अधिकारी कल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शिता के साथ समयबद्ध पूरा करना सुनिश्चित करें ताकि इन योजनाओं का लाभ आम आदमी तक पहुंच सके। रमेश ठाकुर आज यहां जिला परिषद की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने ज़िला परिषद सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह किया कि विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के लिए आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें ताकि लम्बित पड़े विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला के सभी खण्ड विकास अधिकारी जिला परिषद सदस्यों को सम्बन्धित विकास खण्डों में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी उपलब्ध करवाएं तथा बैठक में सभी मदों को निर्धारित लक्ष्य में पूर्ण करें। जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि चुने हुए जनप्रतिनिधि विभिन्न समस्याओं को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर शीघ्र सुलझा सकते हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों का यह प्रयास रहता है कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सकारात्मक सहयोग से जनता की समस्याओं का शीघ्र निवारण किया जा सके। रमेश ठाकुर ने कहा कि जिला परिषद जिला का सबसे बड़ा सदन है जिसमें जिला परिषद सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों का सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में शीघ्र निवारण सुनिश्चित किया जाता हैं।

उन्होंने हिमाचल पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबन्धक को ग्राम पंचायत जंगशु में मसूलखाना से वाया ठारुगढ़-चन्द्रणी-परवाणू बस सेवा शीघ्र चलवाने को कहा।

जिला परिषद अध्यक्ष ने गम्भर खड्ड से जो उठाऊ पेयजल योजना बनी है, योजना में जल शक्ति विभाग अर्की से डुमहर गांव को जोड़ने का अनुरोध किया ताकि ग्रामीणों के पीने के पानी की समस्या का शीघ्र निवारण हो सकें। उन्होंने ग्राम पंचायत गांगुडी के ग्राम बागी में आधा इंच पीने के पानी की पाइप लाइन जो पुरानी हो चुकी है, उसे बदलनक को कहा। उन्होंने ग्राम पंचायत नंड घाबर मोड़ से लूनस के बीच टूटे रोड़ को ठीक करने को कहा। बैठक में जिला परिषद सोलन की 18 मई, 2022 से 17 अगस्त, 2022 तक की लगभग 05.38 करोड़ रुपए की आय-व्यय को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

अतिरिक्त उपायुक्त ज़फ़र इकबाल ने विश्वास दिलाया कि जिला प्रशासन चुने हुए प्रतिनिधियों के समन्वय स्थापित कर, जन समस्याओं के निवारण के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जनहित के मामलों पर शीघ्रता से कार्यवाही आमजन का अधिकार है तथा सभी अधिकारियों को इस दिशा में गम्भीर प्रयास करने चाहिएं। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि विकासात्मक कार्यों में गुणवत्ता के साथ-साथ गतिशीलता लाएं।

बैठक में अधिकांश पेयजल, सड़क, रास्ते तथा भवन निर्माण सहित अन्य समस्याओं पर सारगर्भित चर्चा की गई। जिला पंचायत अधिकारी रमेश मिन्हास ने बैठक की कार्यवाही का संचालन किया। बैठक में जिला परिषद सोलन के सदस्यगण, सीएमओ सोलन, पीओ डीआरडीए खण्ड विकास अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।

दूसरी बार शूलिनी विवि कार्यन्वयन के लिए उत्कृष्ट कार्यस्थल के रूप में प्रमाणित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सोलन, 18 अगस्त। सोलन स्थित शूलिनी विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क संगठन द्वारा ग्रेट प्लेस टू वर्क के रूप में प्रमाणित किया गया है। 2009 में अपनी स्थापना के बाद से बड़ी प्रगति करने वाले शूलिनी विश्वविद्यालय ने लगातार दूसरी बार वैश्विक संगठन द्वारा 'कार्य करने के लिए उत्तम कार्यस्थल में स्थान पाया है। जारी सूची में भारत से सिर्फ दो विश्वविद्यालय हैं। चयन संगठन द्वारा संबंधित संगठन के स्टाफ सदस्यों के लिए एक विस्तृत प्रश्नावली के माध्यम से किए गए एक कठोर और गोपनीय सर्वेक्षण के बाद किया जाता है।

चांसलर प्रो. पी के खोसला ने कहा कि प्रमाण पत्र प्राप्त करना सम्मान की बात है। 'यह जानना हमेशा एक सम्मान की बात है कि आपके कर्मचारी आपके द्वारा उनके लिए विकसित की गई नीतियों से संतुष्ट हैं और उन्हें उनका काम पसंद है।'

प्रो चांसलर विशाल आनंद ने कहा, 'मुझे यह जानकर बहुत प्रसन्नता हो रही है कि विश्वविद्यालय को काम करने के लिए शीर्ष महान स्थान के रूप में स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी हम विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए काम के अनुकूल माहौल मुहैया कराएंगे।

इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो अतुल खोसला ने कहा, ÷मैं खुश और उत्साहित हूं। यह एक बड़ी उपलब्धि है और विश्वविद्यालय और हमारे लोगों के प्रति हमारी सभी प्रतिबद्धताओं को प्रदर्शित करता है।'

सर्टिफिकेशन ग्रेट प्लेस टू वर्क संगठन द्वारा किए गए एक व्यापक, स्वतंत्र और अत्यधिक गोपनीय सर्वेक्षण के बाद प्रदान किया जाता है, जो संबंधित संस्था या कॉर्पोरेट से जुड़े किसी भी व्यक्ति के लिए सुलभ नहीं है।

सर्वेक्षण में संगठन के अपने कर्मचारियों के साथ व्यवहार करने के तरीके, पेशेवर विकास के अवसर, अच्छे काम के लिए प्रोत्साहन और मुआवजे, विश्वसनीयता, मानव संसाधन नीतियों और मौद्रिक मुआवजे पर सवाल शामिल थे।

ग्रेट प्लेस टू वर्क कार्यस्थलों पर उच्च-विश्वास, उच्च-प्रदर्शन संस्कृति के निर्माण, उसे बनाए रखने और पहचानने पर वैश्विक प्राधिकरण है।

वे सभी छह महाद्वीपों में 60 से अधिक देशों में व्यवसायों, गैर-लाभकारी और सरकारी एजेंसियों की सेवा करते हैं, मिशन हर साल 10,000 से अधिक संगठनों को छूता है। ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट ने 30 से अधिक वर्षों से महान कार्यस्थलों की विशेषताओं पर अग्रणी शोध किया है।

डॉ. संजय ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

शिमला, 18 अगस्त। मुख्य सचिव आर.डी. धीमान ने वीरवार को हिमाचल प्रदेश सचिवालय में आयोजित एक समारोह में डॉ. संजय ठाकुर को हिमाचल प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग (एचपीएसएससी) के अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई।

शहरी विकास मंत्री सुरेश भारद्वाज, हिमाचल प्रदेश राज्य हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम के उपाध्यक्ष संजीव कटवाल, एचपीएसएससी के सदस्य आरपी वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, विशेष सचिव अमरजीत सिंह, एचपीएसएससी के सचिव डॉ. जितेंद्र कंवर, हिमाचल प्रदेश राज्य रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव संजीव और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

18वें वरिष्ठ वुंशू चैंपियनशिप का एसपी ने किया आगाज

■ दो दिवसीय प्रतियोगिता का कल होगा समापन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

बददी, 18 अगस्त। दो दिवसीय राज्य स्तरीय सीनीयर वुंशू (मार्शल आटर्स) महिलां एवं पुरुष प्रतियोगिता का आगाज एस.पी बददी मोहित चावला ने किया। यह प्रतियोगिता हिमाचल प्रदेश वुंशू एसोसिएशन जिला सोलन खेल एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता नव आदर्श पब्लिक स्कूल कडूआना (गुल्लरवाला) में आयोजित की जा रही है। एसोसिएशन के प्रदेश सचिव पीएन आजाद ने बताया कि दो दिवसीय चैंपियनशिप तालू एवं वंशू का परिणाम शुक्रवार को निकलेगा। एस.पी मोहित चावला ने अपने संबोधन में आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलों से ही हमारा मानसिक व सामाजिक विकास होता है। खेलों को खेल भावना से ही खेलना चाहिए।

खेलों से हमारे बच्चों व युवाओं के बीच नेतृत्व की क्षमता का ईजाद होता है और मिलकर हम कोई भी बडे से बडा काम कर सकता है।

इस अवसर पर प्रदेश सचिव आंनद ठाकुर, श्याम लाल ठाकुर, उपप्रधान जितेंद्र राणा, कोषाध्यक्ष हरदेव सैणी, संयुक्त सचिव रणवीर राणा, वर्किंग महासचिव रमेश चौधरी, संयुक्त सचिव खेम सिंह, लुतर चंद संयुक्त सचिव कुल्लू, संगठन सचिव विकास शर्मा बिलासपुर, मोती राम चौहान मंडी सहित रोड सेफटी क्लब बददी प्रधान सुरेंद्र शर्मा सहित कई पदाधिकारी व खिलाडी उपस्थित थे। कल दोपहर को समस्त प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

क्षति | नहीं रहे नगर व्यापार मंडल बददी के अध्यक्ष प्रवीण कौशल

खामोश हो गई बद्दी के व्यापारियों की बुलंद आवाज

■ व्यापार जगत में शोक की लहर बद्दी शहर में

अर्थ प्रकाश/राजेंद्र चौधरी

बददी, 18 अगस्त। बददी के व्यापारियों की लंबे समय से बुलंद आवाज सदा के लिए खामोश हो गई। बुधवार को नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रवीण कौशल का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनकी अपने पैतृक घर वार्ड 2 में अचानक तबीयत खराब हुई मानो कोई हल्का सा हार्ट अटैक आया हो, जिस पर तुरंत उनको बददी अस्पताल जो सौ मीटर पर है पर ले जाने की कोशिश की गई लेकिन अस्पताल में पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई और उन्होने अंतिम सांस ली। उनके परिवार दो भाई टेकचंद कौशल जो कि दवा व्यापारी हैं और सतीश कौशल काका जो कि मोबाईल का काम करते हैं शामिल है।

इसके अलावा प्रवीण कौशल के परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं और एक बेटे की शादी हो चुकी है। वो लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे और हर हफते उनका डायलसिस पंचकूला में होता था। नगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रवीण कौशल का अंतिम संस्कार दोपहर बाद बददी शीतलपुर मोक्ष धाम में किया गया।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों उपप्रधान भाग सिंह कुंडलस ने बताया कि प्रवीण कौशल एक ऐसे श स से जो ईमानदारी से काम करते थे और ताउम्र व्यापारियों के लिए लडते रहे। अपने व्यापार घर बार को छोडकर वो हमेशा व्यापारियों के हितों के लिए पहुंच जाते थे। जब भी किसी व्यापारी पर कोई विपदा आपदा आती थी तो वह स्वयं ही पहले ही पहुंच जाते थे और पुलिस प्रशासन में उनकी बात का एक मान होता था। वो मन वचन व कर्म से व्यापारियों के फैसले निबटा देते थे और शासन से कोई दिक्कत है तो उसको भी बेबाक बता देते थे।

व्यापारियों ने कहा कि ऐसे व्यापारी नेता के जाने का घाटा कभी भी पूरा नहीं हो सकता। सभी ने कौशल परिवार के प्रति संवेदना जताई है और दुख की इस कडी में प्रभु से यह उनको सबल देने की कामना की है। जिला व्यापार मंडल के प्रधान संजीव कौशल ने बताया कि शाम को पांच बजे उनका अंतिम संस्कार बददी शीतलपुर मोक्ष धाम में किया गया।

व्यापारियों ने इसे अपूरणीय क्षति बताया

व्यापारी सुशील कौशल, बेअंत ठाकुर, जसविंद्र भारद्वाज, मनोज कौशल, सुरेंद्र शर्मा, मुकेश मल्होत्रा, राहुल अग्रवाल, संजीव कौशल, जसवीर सिंह, सुनील गर्ग, टेक गोयल, रवि कंसल, रॉयल राजपूत, सचिन बैंसल, शैरी गुजर, अश्विनी बंसल, दिनेश, चिंटू गोयल, मुकेश गर्ग, मोहन लाल, नितीश तायल, दीपक गर्ग, अनूप कुमार, प्रवीण, गुरमीत सिंह, सुभाष गर्ग, राजेंद्र कुमार, रमन कौशल, भजन लाल, भाग सिंह कुंडलस उपाध्यक्ष, मान सिंह कुंडलास, मुस्ताक मोह मद, बृज मोहन कंसल, विक्रम कौशल, राजेश रमीत, सुमित वर्मा, हनी धुन्ना, सुनील कंसल, दिनेश कौशल, कपिल इलैक्ट्रानिकस, भंवर सिंह, हरीश भुटानी, बबलू भंडारी, नरेंद्र वर्मा, प्रदीप भुटानी, सतीश जैन, अरुण पांडे, विनोद कुमार, सतीश जैन, सत्य शुक्ला, राजीव कंसल, धीरज कपूर, राजेश कुमार, रोहित बंसल, अमित वर्मा, आदिश जैन, रमन गुप्ता, उद्यमी अनिल मलिक, फेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्री राज्य प्रधान चिरंजीव ठाकुर, अनिल कौशल आदि व्यापारियों ने इस हादसे को व्यापार जगत के लिए अपूर्णीय क्षति करार दिया है।

न्यूज ब्रीफ

गोविंद बिहार कॉलोनी में गंदे पानी की निकासी न होने से लोग परेशान

नयागांव (जे के बत्ता)। गांव कांसल की गोविंद बिहार कॉलोनी में गंदे पानी की निकासी न होने के कारण यहां के निवासियों को बहुत परेशानी का सामना पड़ रहा है। इस बारे में प्रमोद कपूर और रघुबीर सिंह ने बताया की यह पानी हमारे लिए जी का जंजाल बन चुका है गंदे पानी की बदबू की वजह से हम अपने घर में बैठ कर खाना भी नहीं सकते। दूसरा इस पानी की वजह से एरिया में गंभीर बीमारी फैलने का भी डर है। हम नगर काउंसिल से बिनती करते हैं की हमे इस से छुटकारा दिलाया जाए। जो कि हमे फंड्स ना होने का कारण बता कर टाल मटोल किए जा रहे हैं। क्योंकि अब दो बार नगर काउंसिल की हाउस की मिटींग में को कोई भी प्रस्ताव विरोधी दलों ने पास नही होने दिया।

स्वतंत्रता दिवस पर सपना सोवत प्रशासन ने किया सम्मानित

नयागांव (जे के बत्ता)। आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत की स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर श्रीमति सपना सोवत को चंडीगढ नगर निगम द्वारा चंडीगढ की माननीय मेयर श्रीमति सरबजीत कौर ढिल्लों ,आईएएस अन्नदिता मिऋनगर आयुक्त ,दलीप शर्मा,वरिष्ठ उप महापौर एंव एंव अनूप गुप्ता उप महापौर आदी द्वारा चण्डीगढ स्टेट अर्वाड ङ्कराजकिय सम्मान से सम्मनित किया गया । सपना सोवत को उनके द्वारा पिछले कई सालों से समाज सेवा करने ,वृध्द महिलाओं को योगा आसन करवाने तथा करोना काल में मुफत में पी जी आई तथा सैक्टर-16 में मरिजो के अभिभावको सुबह शाम लंगर बांटने की उपलब्धियो पर सम्मानित किया गया। श्रीमति सपना सोवत द्वारा इस सम्मान के लिये माननिय मेयर मैडम तथा चण्डीगढ प्रशासन का हृदय से आभार तथा धन्यवाद किया है। सपना सोवत को सभी लोगो द्वारा मुबारकवाद दी गई है।

ज्योति सरूप साहिब बिबन गढ़ साहिब, हंसाली साहिब के करवाएं दर्शन

नयागांव (जे के बत्ता)। संत ईशर सिंह संत किशन सिंह चैरिटेबल ट्रस्ट मुल्लांपुर

न्यू चंडीगढ़ द्वारा संगतों को गुरु धाम गुरुद्वारा करमसर, रारा साहिब ,सोमा सर साहिब ,मंजी साहिब ,चोला साहिब, निमसर साहिब ,भरोला साहिब ,फतेहगढ़ साहिब ,ज्योति सरूप साहिब ,बिबन गढ़ साहिब ,हंसाली साहिब और रारा साहिब खुशी साहिब में बाबा रणजीत सिंह ने संगतो को दर्शन करवायें। रतवाडा साहिब के लोगों ने कहा कि इस अवसर पर संत बाबा गुरमीत सिंह जी और डाबरजी ने संगत का स्वागत किया, जिसमें संत बाबा वरियम सिंह जी, संत माता बीजी रंजीत कौर जी, संत बाबा मलकीत सिंह जी के बच्चे और गुरमती संगीत अकादमी के बच्चे भी शामिल थे उन्होंने शब्दों को पढ़ा गया।

हादसे में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत

डेराबस्सी(नितिन जिंदल)। डेराबस्सी अंबाला चंडीगढ़ हाईवे होटल पारस के

पास सड़क पार कर रहे एक युवक जो ट्रक की टक्कर में घायल हो गया था की पीजीआई में इलाज के दौरान मौत हो गई जिसकी पहचान 27 वर्षीय धर्मपाल पुत्र देवीदीन जिला बांदा के ग्राम मिलाथू यूपी के रूप में हुई है, जो पान बीड़ी का खोखा लगाता था। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जानकारी देते हुए जांच अधिकारी हवलदार हरप्रीत सिंह ने बताया कि धर्मपाल अपने एक अन्य साथी के साथ पारस होटल के पास पान बीड़ी की दुकान चलाने वाले अपने चचेरे भाई सूर्यकांत के पास पहुंचा था। रात करीब 10.30 बजे वापस जीरकपुर जाने के लिए सड़क पार करने लगे तो इसी बीच उसके साथी सड़क पार कर गए, जबकि धर्मपाल को डेराबस्सी की ओर से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर के दौरान वह सड़क से काफी दूर गिर गया। जिन्हें काफी चोटें आई । उसे तुरंत सिविल अस्पताल डेराबस्सी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सेक्टर 32 चंडीगढ़ रेफर कर दिया। बाद में धर्मपाल को पीजीआई रेफर कर दिया गया जहां इलाज दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने चचेरे भाई के बयान के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है व शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद वारिसों के हवाले कर दिया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में तीसरे वर्ग के प्रतिनिधियों को हिस्सा बनाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

फतेहगढ़ साहिब 18 अगस्त। निर्भाओ सिंह गिल, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फतेहगढ़ साहिब ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, फतेहगढ़ साहिब और पंजाब विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आज जिला फतेहगढ़ साहिब और उप -मंडल स्तर की अदालतों में बड़े पैमाने पर एक लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 11 लोक अदालतें थीं. जिसमें सभी प्रकार के संबंधित मामले जैसे संज्ञेय आपराधिक मामले, चेक बाउंस मामले, मोटर दुर्घटना मामले, वैवाहिक और पारिवारिक विवाद मामले, श्रम मामले, किराए से संबंधित दीवानी मामले, बैंक वसूली, राजस्व मामले, बिजली और पानी चलाने और पहले से लंबित मामले निर्णय के लिए रखा गया था, इस बार चेक बाउंस के मामले बड़ी संख्या में रखे गए थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फतेहगढ़ साहिब के अध्यक्ष श्री निर्भाओ सिंह गिल ने कहा कि प्राधिकरण ने आज की लोक अदालत में समाज के तीसरे वर्ग को लोक अदालत की पीठ का हिस्सा बनाने का अनूठा प्रयास किया है और समाज एक है. इस खंड के लिए अच्छा है एक शांत संदेश देने का प्रयास किया गया था। इसमें फैमिली कोर्ट में मैडम सीरत की ड्यूटी भी शामिल थी, जो तीसरी कैटेगरी से ताल्लुक रखती हैं। श्री निर्भाओ सिंह गिल ने आगे बताया कि आज की लोक अदालत में कुल 5393 मामलों में से 4780 मामलों का निपटारा कर 20 करोड़ का फैसला सुनाया गया. इस लोक अदालत में पक्षकारों और वकीलों ने भाग लिया।

निर्भाओ सिंह गिल ने कहा कि इस लोक अदालत में मुख्य रूप से तय हुए मुकदमों में से 6 झगड़ने वाले विवाहित जोड़ों का सुलह कराकर उनका दाम्पत्य जीवन फिर से सुखमय हो गया. 10 साल पुराने फाँसी के मामले का निपटारा कर निपटारा कर दिया गया. इस अवसर पर श्रीमती मनप्रीत कौर, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फतेहगढ़ साहिब ने कहा कि आम जनता इस लोक अदालत में भाग लेकर अधिक से अधिक भाग लें क्योंकि इन लोक अदालतों के अनेक लाभ हैं और इनके बीच सुलह की स्थिति में न्यायालय शुल्क वापसी योग्य भी है और लोक अदालत का निर्णय भी अंतिम होता है।

मुख्यमंत्री ने ईटीटी- 6635 वाले अध्यापकों को सौंपे स्टेशन अलाटमेंट पत्र

हमारी सरकार का लक्ष्य हर नौजवान को रोजगार देना : भगवंत मान

- सारी भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से होगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 18 अगस्त। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सभी विभागों की चल रही भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग के साथ मुकम्मल करने की राज्य सरकार की वचनबद्धता दोहराई। यहां गुरूवार को मुख्यमंत्री दफ्तर में नव-नियुक्त 6635 ई. टी. टी. अध्यापकों में से 12 को संकेतक तौर पर स्टेशन अलाटमैंट पत्र जारी करने के मौके पर अध्यापकों के साथ बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने इन उम्मीदवारों को बधाई दी और कहा कि उन्होंने सख्त मेहनत और समर्पण के साथ यह स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि सख्त मेहनती यह नौजवान इस पद के हकदार थे, जिन्होंने बेहद कठिन मुकाबले में से पूरी तरह मेरिट के आधार पर अपनी जगह बनाई। भगवंत मान ने कहा कि ऐसी और नियुक्तियों की प्रक्रिया भी चल रही है, जिनको पारदर्शी ढंग के साथ जल्दी मुकम्मल किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि आम आदमी सरकार ने राज्य में सत्ता संभालने के बाद पहला फैसला नौजवानों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का किया।

उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार हर विभाग की कार्यप्रणाली को सुचारू तरीके से पूरा करने के लिए वचनबद्ध है जिससे लोगों को किसी दिक्कत का सामना न करना पड़े। भगवंत मान ने कहा कि बाकी खाली पदों पर भी जल्दी भर्ती की जायेगी क्योंकि राज्य की तरक्की और लोगों की खुशहाली के लिए यह समय की जरूरत है।

इन उम्मीदवारों की पीठ थपथपाते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अध्यापक अपने हुनर के द्वारा बच्चों को बेहतरीन शिक्षा यकीनी बनाएं। उन्होंने अध्यापकों को अपना काम पूरी ईमानदारी के साथ करने के लिए प्रेरित किया जिससे उनके पढ़ाए हुए बच्चे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरेक क्षेत्र में ऊँचाईयाँ पर जाएं। भगवंत मान ने उम्मीद जाहिर की कि यह ई. टी. टी. अध्यापक, विद्यार्थियों के लिए आदर्श बनेंगे क्योंकि बड़ी ताकत के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है।

पिछली सरकारों पर तीखे हमले करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने अपने कार्यकाल के मूलभूत दिनों में ही लोगों की भलाई के लिए कई मिसाली पहलकदमियां की हैं, जबकि पिछली सरकारें अपने कार्यकाल के बिल्कुल अंत में ऐसे कदम उठाती थीं। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने कुछ ही दिनों में इतने काम किये हैं, जो पिछले 75 सालों में नहीं हुए। भगवंत मान ने कहा कि वह आने वाले समय में भी इसी मिशनरी उत्साह और भावना के साथ लोगों की सेवा जारी रखेंगे।

मुख्यमंत्री ने अफसरों को शहीदी जोड़ मेल से पहले काम मुकम्मल करने के दिए निर्देश

चंडीगढ़। साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह और माता गुजरी जी को श्रद्धांजलि भेंट करने के विनम्र प्रयास के तौर पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आज इस साल शहीदी सभा से पहले गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब से जोड़ने वाली पाँच लिंक सड़कों को 8.19 करोड़ रुपए की लागत से 18 फुट तक चौड़ा करके मजबूत करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री मान ने कहा, '''यह पवित्र धरती न सिर्फ़ सिखों के लिए बल्कि समूची मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत है क्योंकि हर साल छोटे साहिबजादों और माता गुजरी जी के शहीदी दिवस पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु नमन करने आते हैं।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पवित्र स्थान पर नतमस्तक होने आती संगत की सुविधा के लिए पांच लिंक स?कों को म?बूत और अपग्रेड किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इन सड़कों में जी. टी. रोड से सरहंद शहर वाया खानपुर, सरहन्द रोड से भड़ी खेड़ी वाया तलानियां-फिरोजपुर-रायपुर माजरी, गुरुद्वारा श्री ज्योति स्वरूप साहिब से मंडोफल, माधोपुर से ब्रह्ममाजरा साधूड़ रोड़ वाया सद्दे माजरा और शेखपुरा से खानपुर वाया कुष्ट आश्रम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन सड़कों को उच्च गुणवत्ता के नियमों की पालना करते हुए मजबूत और अपग्रेड किया जायेगा। भगवंत मान ने बताया कि इस काम के लिए 8.17 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह निजी तौर पर इस समूचे कार्य की निगरानी करेंगे, जिससे इस को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाना यकीनी बनाया जा सके।

भगवंत मान ने कहा कि इस पवित्र धरती पर माता गुजरी जी और साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह की अतुल्नीय शहादत ने सदियों से पंजाबियों को बेइन्साफी और जबर- जुल्म के विरुद्ध लड़ने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि साहिबजादों की तरफ से छोटी उम्र में महान बलिदान देने की मिसाल दुनिया के इतिहास में कहीं नहीं मिलती। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि हर साल शहीदी सभा के दौरान लाखों श्रद्धालु इस पवित्र स्थान के दर्शन करने आते हैं, इसलिए राज्य सरकार की तरफ से इस नगर की नुहार बदली जायेगी।

विजिलैंस ब्यूरो ने एक हजार की रिश्वत लेते हवलदार को किया काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 18 अगस्त। राज्य में से भ्रष्टाचार के ख़ात्मे के लिए चलाई मुहिम के दौरान विजीलैंस ब्यूरो पंजाब की तरफ से आज पुलिस चौकी वर्धमान, बठिंडा में तैनात हैड कांस्टेबल (नंबर 1320/ बठिंडा) को 1000 रुपए रिश्वत लेने के दोष के तहत गिरफ्तार किया है।

इस सम्बन्धी जानकारी देते हुये विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि मुलजिम हवलदार विनोद कुमार को कुलदीप सिंह निवासी गाँव बुलाडेवाला, जिला बठिंडा की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने स्टेट एंटी कुरप्पशन हेल्पलाइन पर दर्ज करवाई शिकायत में दोष लगाया था कि उक्त हवलदार ने उसके दोस्त जगीर सिंह निवासी नरूआना रोड, बठिंडा को वर्धमान पुलिस चौकी की पुलिस हिरासत में से छुड़वाने के बदले 1000 रुपए की रिश्वत ली है।

उसने शिकायत में बताया है कि विनोद कुमार ने जगीर सिंह को रिहा करने के लिए पहले 5000 रुपए की माँग की थी परन्तु सौदा 1000 रुपए में तय हुआ था।

शिकायत के तथ्यों और सबूतों की पड़ताल के बाद विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने हवलदार विनोद कुमार को रिश्वतखोरी के दोष के तहत गिरफ्तार कर लिया। इस सम्बन्धी दोषी पुलिस मुलाजीम के ख़िलाड़ विजीलैंस ब्यूरो के थाना बठिंडा में एफ. आई. आर नंबर 07 तारीख़ 18- 08- 2022 के अधीन भ्रष्टाचार रोकथाम कानून की धारा 7 के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है और इस सम्बन्धी आगे जांच जारी है।

परिवहन विभाग की मुलाजिम यूनियनें विभाग को तरक्की की राह पर लाने के लिए मान सरकार का साथ दें : चीमा

- वित्त मंत्री ने यूनियनों को भरोसा दिलाया कि उनकी जायज मांगों को पहल के आधार पर हल किया जाएगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 18 अगस्त। पंजाब के परिवहन विभाग को फिर तरक्की की राह पर लाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान की वचनबद्धता को दोहराते हुए वित्त, योजना, आबकारी और कराधान मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने विभाग की अलग-अलग यूनियनों को इस मिशन में पूर्ण सहयोग देने की अपील की।

आज यहाँ पंजाब भवन में मीटिंग के दौरान पंजाब रोडवेज और पी. आर. टी. सी की मुलाज़ीम यूनियनों ने सरकारी बसों के बेड़े में विस्तार करने, बसों के रूटों और ठेके पर रखे मुलाजीमों की सेवाओं को पक्का करने समेत कई मुद्दे उठाए।

यूनियनों की तरफ से सरकारी बसों के बेड़े में विस्तार करने की माँग का स्वागत करते हुये वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि मान सरकार की तरफ से राज्य के सभी विभागों को मजबूत करने के साथ-साथ लाभप्रद बनाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं जिससे नौजवानों के लिए रोजगार के अधिक से अधिक मौके पैदा किये जा सकें। उन्होंने यूनियनों से अपील की कि वे परिवहन विभाग की बेहतरी के लिए जमीनी स्तर पर भ्रष्टाचार पर नकेल डालने के लिए सरकार का साथ दें। उन्होंने कहा कि विभाग की तरक्की ही उनके सभी मसलों का हल होगी।

वित्त मंत्री ने कहा कि पिछली राज्य सरकारें परिवहन माफिया के प्रभाव अधीन थीं और उनकी तरफ से अपनाई गई नीतियों ने विभाग को वित्तीय संकट में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने न सिर्फ़ सरकारी बसों को सीधे दिल्ली हवाई अड्डे तक चलाना शुरू किया है, बल्कि राज्य के अलग-अलग रूटों पर सरकारी बसों को सफलतापूर्वक चलाने को यकीनी बनाने के लिए परिवहन माफिया पर नकेल डाली है।

हरपाल सिंह चीमा ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को यूनियन की तरफ से उठाई जायज माँगें जिसके लिए वित्तीय सहायता की जरूरत है, के बारे एक नोट तैयार करके उनके साथ सांझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठेका आधारित मुलाजिमों की सेवाएं पक्का करने का मुद्दा बीते दिन हुई मीटिंग में भी विचारा गया था और यकीन दिलाया कि सरकार की तरफ से 36000 मुलाजिमों की सेवाएं रेगुलर करने के लिए सहृदय यत्न किये जा रहे हैं।

मीटिंग में दूसरों के इलावा सचिव परिवहन विकास गर्ग, ऐमडी पी. आर. टी. सी पूनमदीप कौर ढिल्लों और डायरैक्टर परिवहन अमनदीप कौर भी उपस्थित थे।

सरकारी एलिमेंटरी स्मार्ट स्कूल ने 76वां स्वतंत्रता दिवस मनाया

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

नयागांव, 18 अगस्त। सरकारी एलिमेंटरी स्मार्ट स्कूल कांसल ने अपने प्रांगण में 76वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया।विद्यालय प्रधान एनडी तिवारी ने कहा कि कांसल स्कूल वर्ष 2009 से लगातार विद्यालय समिति के सहयोग से विद्यालय में अपना राष्ट्रीय पर्व मना रहा है। स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें एलकेजी से लेकर आठवीं तक की सभी कक्षाओं ने कक्षा वाईज देस भगत के कार्यक्रम प्रस्तुत किए।तिरंगा झंडा वार्ड एमसी श्रीमती तरनजीत कौर जी द्वारा लहराया गया। इनर व्हील क्लब चंडीगढ़ की अध्यक्ष सुनीला गर्ग और थाना नया गाँव के एसएचओ कुलवंत सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में इस प्रोग्राम में शामिल हुए। बच्चे द्वारा ध्वज को सलामी, राष्ट्रीय गीत और मास्ट पीटी के साथ प्रोग्राम शुरू किया गया।छात्रा सिवानी ने स्वतंत्रता दिवस के इतिहास पर अपने भाषण के माध्यम से लोगों को स्वतंत्रता संग्राम के बारे में बताया।तीसरी कक्षा के छात्र सब्रे आलम ने ÷आजादी मेरा सुपना ÷कविता के माध्यम से शहीद आजम भगत सिंह के सपने को साकार किया।छात्राओं ने देशभक्ति गीत, गिद्दा-भांगड़ा, लोकनृत्य गाकर कार्यक्रम से लोगों का दिल पढ़ा । वार्ड की पार्षद तरूणजीत कौर ने ने अपने भाषण में कहा कि आज़ादी के लिए बहुत से देशभक्तो ने जान की कुर्बानी दी है उन्हें हमें सदा दिल में बसाना है।। मैडम रमनजीत कौर ने मंच का बहुत अच्छा संचालन किया।

मिडल प्रभारी मास्टर गुरविंदर सिंह ने सभी का धन्यवाद किया इस मौके पर स्कूल कमेटी सदस्य सतानीस सुरीन, मास्टर जसवंत सिंह, गुरप्रीत कौर, अमनदीप कौर, अनामिका तुली, कविता, गुरेक सिंह मैडम रीना, धीरज कुमार समेत स्कूल कमेटी मैंबर शामिल थे।

लंपी बीमारी से तहसील खन्ना में 50 के करीब पशुओं की मौत

- खन्ना में 15 आवारा पशुओं की मौत, शहर व गांव के लोगों में दहशत
- जनरल बीमारी से कुछ दिन बाद ठीक हो जाता है पशुः परमवीर वालिया

अर्थ प्रकाश/केके

खन्ना, 18 अगस्त। खन्ना में लंपी चमड़ी रोग के कारण तहसील खन्ना में 50 के करीब पशुओं की मौत हो गई है जिस की वजह से शहर व गांव के लोगों में दहशत का माहौल पैदा हो गया है, लुधियाना पशु विभाग के डिप्टी डायरेक्टर परमवीर वालिया ने बताया कि लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है यह एक जनरल बीमारी है उन्होंने कहा कि अगर आपके शहर के वार्ड में या आपके घर के पास कोई आवारा पशु इस तरह की बीमारी से ग्रस्त है जिसे सांस लेने में तकलीफ है उसके शरीर पर चीचड निकले हुए हैं तो आप शहर में जो पशु पालन विभाग की तरफ से टीम गठित की गई है उनको इस नंबर 9876053611 पर सूचित कर सकते हैं या फोटो खींच कर व्हाट्सएप पर डाल सकते हैं, उन्होंने लोगों से कहा कि इस तरह की बीमारी से पैनिक होने की जरूरत नहीं है यह जर्नल बीमारी है अगर आपके घर में भी पशु है अगर उसे भी इस तरह की कोई रोग हुआ है तो घबराने की जरूरत नहीं है अगर वह पशु दूध देता है तो दूध भी निकाल सकते हो इस बीमारी में दूध थोड़ा कम होगा दूध आपकी सेहत को खराब नहीं करेगा आप दूध को उबाल कर रोज की तरह पी सकते है जैसे हर रोज पीते हैं वैसे पी सकते हैं उन्होंने कहा कि आप लोग हमारा सहयोग करें आप जहां पर भी हमें व्हाट्सएप करेंगे या हमें फोन करेंगे तो उस के माध्यम से हमारी टीम वहां पर जाएगी और उस बीमार पशु की का इलाज करेगी उसे दवाई देगी और रही दूसरी अगर आपके आस पास तंदरूसत पशु भी घुम रहा है तब भी आप हमें फोन सर सकतें है उसके लिए वैक्सीन लगाई जोगी ताकि उसको यह बीमारी ना हो परन्तु बीमार जानवर को वैक्सीन नही लगाई जाती उसें सिर्फ दवाई ही दी जाती है।

आम आदमी पार्टी ने मनाया आप कंवीनर केजरीवाल का जन्म दिन

मोदी सरकार को सिर्फ कॉरपोरेट दोस्तों की परवाह : इंद्रजीत संधू

अर्थ प्रकाश/कुनाल

राजपुरा, 18 अगस्त। आज आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जन्मदिन आम आदमी पार्टी के नेता गुरप्रीत सिंह धमोली के कार्यालय में मनाया गया जिसमें ब्लाक प्रधान दिनेश महता, इस्लाम अली सर्कल प्रधान, कुलदीप सिंह सर्कल प्रधान, सिकंदर सिंह सर्कल प्रधान, बंत सिंह वरिष्ठ नेता के नेतृत्व में मनाया गया. इस अवसर पर लोक सभा प्रभारी इंद्रजीत सिंह संधू, जिला अध्यक्ष ग्रामींण, तजिंदर मेहता जिला अध्यक्ष शहरी, जतिंदर पाल सिंह प्रदेश अध्यक्ष कर्मचारी विंग संजीव गुप्ता जिला अध्यक्ष व्यापार विंग सुखदेव सिंह सचिव जिला जन्मदिन समारोह में शामिल हुए. विक्की घनौर अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी विशेष रूप से पहुंचे। इस मौके पर इंद्रजीत सिंह संधू ने अरविंद केजरीवाल को जन्मदिन की बधाई देने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुफ्त सुविधाओं वाली सरकार के खजाने को कभी कोई नुकसान नहीं होता है बशर्ते प्रशासन ईमानदार हो. संधू ने कहा कि आम लोग छोटी-छोटी चीजों पर टैक्स देते हैं, इसलिए मुफ्त में स्वास्थ्य शिक्षा, बिजली और पानी प्राप्त करना उनका मूल अधिकार है और किसी को भी इस पर आपत्ति नहीं होनी चाहिए. संधू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान की कड़ी निंदा की, जिसमें प्रधानमंत्री ने आम लोगों को मुफ्त में मिलने वाली सुविधाओं को मुफ्त बताया था. संधू ने कहा कि मोदी सरकार को आम लोगों की नहीं बल्कि कॉरपोरेट घरानों की चिंता है. मोदी सरकार ने राज्य में दस लाख करोड़ अरबपति मित्रों के बैंक ऋण और पांच लाख करोड़ के कर भी माफ किए। इस घाटे को पूरा करने के लिए आम लोगों के खाने-पीने की चीजों पर जीएसटी लगाया गया है. संधू ने कहा कि वास्तव में मोदी सरकार कारपोरेट घरानों की गुलाम बन गई है, जो गरीब लोगों पर टैक्स लगाकर अमीरों को हुए घाटे को पूरा करना चाहती है.इस मौके पर वरिष्ठ नेता बंत सिंह, मदन बब्बर, दविंदर लूथरा, शोभा रानी, नीरज भांबरी, गुरमीत सिंह उपलहेरी, कीरत सिंह सेहरा, करण गरी, अमरीक सिंह फरीदपुर, नरेश कुमार, कुलवंत सिंह जंदोली, मान सिंह सरपंच, अमरीक सिंह खराजपुर, अनिल चौधरी, अधिवक्ता आत्मा सिंह, जगदीश सिंह अलुना, गोनी बेदी, गुरमेल सिंह भटेरी, मुस्तफा जी बानूर, बाली सिंह बानूर, देविंदर सिंह अमनदीप कॉलोनी, भिंडर सिंह आलमपुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

मोदी सरकार की मांगें पूरी न करने के विरोध 22 को दिल्ली में धरना

- गावों में लोगों को जागरूक करने के लिये निकाला झंडा मार्च

अर्थ प्रकाश/कुनाल

राजपुरा, 18 अगस्त। मोदी सरकार की ओर से एमएसपी लागू ना करने व बिजली सोध एक्ट को फिर से लागू करने के विरोध में 22 अगस्त को देहली में लगाये जाने वाले धरने में शामिल होने के लिये लोगों को जागरूक करने के लिये भारतीय किसान युनियन की ओर से झंडा मार्च निकाला गया जो लगभग एक दर्जन गावों में होते हुये लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर मोदी सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी भी की गई। इस अवसर पर भारतीय किसान युनियन के नेता जोरावर ड्क्षसह ने जानकारी देते हुये बताया कि मोदी सरकार ने किसानों से जो वादा किया था कि एमएसपी लागू करने के लिये कानून बनायेगें ओर बिजली सोध बिल को लागू नहीं करेगे। आज फिर मोदी सरकार अपने किये वादे से मुकर गई है और अभी तक कोई भी वादा पूरा नहीं किया। मोदी सरकार यह किस तरह की सरकार है जो वादा करके भी मुकर गई है। इस लिये 22 अगस्त को देहली में धरने में पहुंचने के लिये लोगों को जागरूक कर रहे है। देहली में एक दिन का धरना लगायेगें अगर हमारी मांगे नहीं मानी तो यह धरना पक्के तौर पर लगायेगें, मोदी सरकार से बिजली सोध बिल वापिस करवा कर ही वापिस लोटेंगें। इस मौके पर गुरमीत सिंह, बलविंदर सिंह, मनजीत सिंह, हरजीत सिंह,दलजीत सिंह, धरमिंदर सिंह, महिंदर सिंह, बख्शीश सिंह सहित काफी संख्या में किसान नेता मौजूद थे।

पंजाब की जेलों में बंद कैदियों के लिए जल्द खोले जाएंगे क्लासरूम: हरजोत सिंह बैंस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 18 अगस्त। पंजाब राज्य की जेलों में बंद कैदियों में पढ़ने के सभ्याचार को प्रफुलित करके कैदियों की जिंदगी सुधार कर उनको मुख्यधारा में लाने के मकसद से जेल विभाग की तरफ से कैदियों को शैक्षिक माहौल मुहैया कराने के लिए हर जेल में 50 विद्यार्थियों के सामर्थ्य के क्लासरूम बनाने की योजना है।

यह जानकारी आज यहां पंजाब राज्य के जेल मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि सरकार की तरफ से कैद के दौरान शिक्षा हासिल करने को अच्छे व्यवहार/ सजा माफी के लिए तय मापदण्डों में शामिल करके ऐसे कैदियों को लाभ देना भी विचाराधीन है। स. बैंस ने बताया कि पहले पंजाब राज्य में स्थापित होने वाली हर जेल में पचास विद्यार्थियों के सामर्थ्य वाले 2 से 3 कमरे बनाऐ जाएंगे और साथ ही भविष्य में अगर और कमरों की जरूरत हुयी तो उसकी भी पहले ही जगह निश्चित कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि जेलों में बंद कैदियों के लिए पुस्तकालय की सुविधा में विस्तार किया गया है जिससे उनका मार्गदर्शन किया जा सके। मंत्री ने कहा कि भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पंजाब राज्य को अपराध मुक्त करने के लिए वचनबद्ध है और इस राह पर व्यापक प्रयास किये गए हैं, इन प्रयासों के अंतर्गत ही जेलों में बंद कैदियों को भी सही राह पर लाने के लिए कई योजनाएँ शुरू की गई हैं।

जेल मंत्री ने बताया कि मौजूदा समय पंजाब की जेलों में कैदियों की शैक्षिक योग्यता 'क', 'ख' और 'ग' के आधार पर की गई है। शैक्षिक योग्यता 'क' अधीन कुल 271 कैदी आते हैं, जो बिल्कुल अनपढ़ हैं जिनको पंजाब सरकार के एस. सी. ई. आर. टी. प्रोग्राम के द्वारा जेल में ही शिक्षा देकर पढ़ने-लिखने के समर्थ किया जाता है। इसी तरह कैटागरी 'ख' के अधीन उन कैदियों को रखा गया है जो कि 10वीं और 12वीं करने के इच्छुक हैं। इन कैदियों के नेशनल इंस्टीट्यूट आफ ओपन स्कूल के पास नाम दर्ज करवाए गए हैं, इन कैदियों की संख्या 75 है। इसी तरह कैटागरी 'ग' के अधीन कुल 49 कैदी हैं, यह वह कैदी हैं जो 12वीं पास हैं और ग्रेजुएशन और उच्च विद्या हासिल करने के इच्छुक हैं। इन विद्यार्थियों के नाम जगत गुरू नानक ओपन यूनिवर्सिटी पटियाला के अलग अलग पाठ्यक्रमों में दर्ज करवाए गए हैं। इसके इलावा इन कैदियों को नामी यूनिवर्सिटियों जैसे कि इगनू से भी डिग्रियां हासिल करने के मौके दिए जा रहे हैं।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया चंडीगढ़ ने निकाली तिरंगा यात्रा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 18 अगस्त। आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 12 अगस्त, 2022 को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख, श्रीमती पॉपी शर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकली गई, आंचलिक कार्यालय के सेक्टर 17 का फ्लाईओवर ब्रिज, सेक्टर 17 की मार्केट (ए, बी और सी) से होते हुए आंचलिक कार्यालय पहुंचकर समाप्त हो गई, इस अवसर पर अंचल प्रमुख ने कहा कि पूरा देश आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, हमारा अभियान सेंट क्रांति द्वारा हमें बैंक को एक नई ऊँचाइयों पर ले जाना है, तिरंगा यात्रा के दौरान स्टाफ सदस्य देश प्रेम से ओतप्रोत विभिन्न नारे लगाते हुए चल रहे थे, साथ ही, भारत सरकार द्वारा जारी विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस (14 अगस्त) कि अलग से प्रदर्शन भी आंचलिक कार्यालय में लगाई गई, तिरंगा यात्रा में आंचलिक कार्यालय से श्री के आर यादव, सम्प्र, क्षेत्र प्रमुख श्री अरविंद कुमार, श्री अनिल बत्रा, मुप्र, शेखा, श्री करण त्यागी, सुरक्षा अधिकारी, आँका और शेखा के स्टाफ सदस्य भी इसमे शामिल रहे।

सार्वजनिक सूचना

यह आम जनता सूचनार्थ हेतू है कि मैं मैसर्स सागरी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों में से एक हूं। यह की प्लॉट नंबर सी-77, इंडस्ट्रियल फोकल प्वाइंट, चैलन को मेसर्स सागर फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से खरीदा गया था। मेरे पास उक्त भूखंड से संबंधित मूल दस्तावेज थे। मेरा मूल आवंटन पत्र संख्या 2940-44 दिनांक 28.04.1994 संतोष गोयल पुत्र शाम लाल अग्रवाल के नाम और मूल स्थानांतरण पत्र संख्या 9679 दिनांक 17.10.2007 मेसर्स सागर फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से खो गया है। इस संबंध में मेरे सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद उक्त दस्तावेज का पता नहीं चल रहा है। इस संबंध में, मैंने खोई हुई सूचना रिपोर्ट संख्या 2022/025669 दिनांक 17.08.2022 दर्ज की है।

उक्त संपत्ति को मेसर्स हार्नेस ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड को बेच दिया गया है। उस समय तक, मैसर्स सागरी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड उक्त संपत्ति का मालिक बना रहा, वह संपत्ति सभी प्रकार के भारों और शुल्कों से मुक्त थी और इस संपत्ति के संबंध में कोई विवाद/मुकदमा नहीं था और किसी अन्य व्यक्ति या कानूनी इकाई का उक्त संपत्ति में कोई दावा, शीर्षक या हित नहीं था किसी भी तरीके से। यदि किसी व्यक्ति को मेसर्स सागरी फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के अधिकार या शीर्षक के संबंध में उक्त संपत्ति पर कोई आपत्ति है।, उनसे अनुरोध है कि वे इस समाचार प्रकाशन की तारीख से 7 दिनों के भीतर सभी अधोहस्ताक्षरी व्यक्तियों को सहायक दस्तावेजों या साक्ष्यों के साथ लिखित रूप में सूचित करें, जिसके विफल होने पर यह माना जाएगा कि किसी भी व्यक्ति का उकत संपति के लिए कोई कोई दावा नहीं है।

(Surjeet Singh Kohli s/o Swinder Singh Kohli) Owner of property (M): 9855074466, 9216144303, 9814004301

(Vishal Kathuria) Empanelled advocate of Bank of Baroda Kothi No.356, Phase 6,Mohali. (M): 7814400558

AP-2313

किसान 31 तक अवश्य करवाएं पंजीकरण: उपायुक्त

पानीपत (संजीत चौधरी)। जिला उपायुक्त श्री सुशील सारवान ने कहा है कि सरकार द्वारा किसानों को फसलों पर दी जाने वाली लगभग सभी योजनाओं का लाभ तभी मिलेगा, जब किसान मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवा लेगा। इसलिए सभी किसानों को जागरूक होकर 31 अगस्त तक अपनी फसलों का पंजीकरण पोर्टल पर अवश्य करवा लेना चाहिए। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग पानीपत के उप निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने बताया कि हरियाणा प्रदेश में मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण का कार्य जोरों पर चल रहा है। प्रदेश में अब तक 43.7 प्रतिशत किसानों की जमीन का रजिस्ट्रेशन हो चुका है और पानीपत जिले में 2.54 लाख एकड़ भूमि का रजिस्ट्रेशन होना है, जिसमें से 6808 किसानों द्वारा अपनी 65187 एकड़ भूमि में काश्त की गई फसलों का पंजीकरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर करवाया गया है, जो कि लगभग 25.65 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग की टीम किसानों को जागरूक करने में लगी हुई है। इसलिए किसानों को भी समय रहते अपनी फसलों का पंजीकरण अवश्य करवाना चाहिए ताकि भविष्य में उन्हें अपनी फसल को बेचने व सरकार की योजनाओं का लाभ लेने में कोई परेशानी न हो।

मेडिटेशन से करें दिन की शुरुआत: सिद्धार्थ औलिया

अर्थ प्रकाश/ सुकरमपाल



रोहतक , 18 अगस्त। ओशोधारा नानकधाम मुरथल के आचार्यों की ओर से प्रतिदिन मेडिटेशन सेशन आयोजित किया जाता है।ओशोधारा के भागीरथ समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया ने कहा कि अगर व्यक्ति मेडिटेशन से अपने दिन की शुरुआत करे तो दिनभर वह उमंगमय और ऊर्जावान रहता है। आज सुबह झारखंड कोऑर्डिनेटर आचार्य अमरेश ने सुप्रभात ध्यान करवाया जिसमें 157 साधकों ने ऑनलाइन भाग लिया। ओशोधारा के प्रेस मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप नैन ने बताया कि ओशोधारा-365 कि सदस्यता निरंतर बढ़ती जा रही है। इसमें प्रतिदिन ओशोधारा के आचार्य सुबह 6 से 7 तक ध्यान करवाते हैं और समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया हर रविवार को अपना आध्यात्मिक संदेश ऑनलाइन देते हैं। इस रविवार को उन्होंने अपने आध्यात्मिक संदेश में कहा कि कभी भी प्रतिकूल परिस्थिति से निराश नहीं होना चाहिए।आज का प्रतिकूल आपके कल का अनुकूल साबित होगा। हमेशा आस्तिभाव में जिएं। जो परमात्मा ने आपको बख्शा है उस पर खुश रहें।

इस अवसर पर ओशोधारा सेंट्रल कोऑर्डिनेटर आचार्य दर्शन, ऑनलाइन कोऑर्डिनेटर वरुण छाबड़ा, सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर सुशील,कुलदीप, राजू उझानिया, हरियाणा स्टेट कोऑर्डिनेटर नीलकंठ, वरिष्ठ आचार्य दयाल हांसी, हरीश, जितेंद्र हांडा इत्यादि उपस्थित रहे।

HIMACHAL PRADESH
PUBLIC WORKS DEPARTMENT

e-Procurement Notice
INVITATION FOR BIDS (IFB)

The Executive Engineer HPPWD Bangana Division Distt Una H.P on behalf of Governor of H.P invites the online bids for item rate, in electronic tendering in 2 Cover System for the below mentioned works from the eligible and approved contractors/Firms registered with HPPWD Department.

Sr. No.	Name of Work	Estimated Cost	EMD	Time Limit	Cost of Tender	Eligible class of Contractor
1	C/o Helipad Thanakalan at Tihra Distt. Una (H.P.) (SH:- Cutting, Filling of Helipad, R/Wall & C/o Approach road for Helipad)	2993963	52500	Three Month	1500	Class-C&D
2	C/o Stadium at G.S.S.S. Basal Tehsil & Distt. Una (H.P.) (SH:- C/o Sitting Teers and Fencing in Km 0/000 to 0/118)	3375801	58200	Three Month	1500	Class-C&D
3	C/o Stadium at G.S.S.S. Takka Tehsil & Distt. Una (H.P.) (SH:- C/o Sitting Teers and Fencing in Km 0/000 to 0/103)	2958058	51900	Three Month	1500	Class-C&D

Availability of Bid Document and mode of submission: The Bid document is available online and bid should be submitted in online mode on website https://hptenders.gov.in. Bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of bids, the bidder is required to have Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities (CA). "Aspiring bidders who have not obtained the user ID and password for participating in e-tendering in HPPWD may obtain the same from the website: https://hptenders.gov.in. Digital signature is mandatory to participate in the e-tendering. Bidders already possessing the digital signature issued from authorized CAs can use the same in this tender.

2. Key Dates:

1.	Date of Online Publication	27.08.2022 11:00 HRS
2.	Document Download Start and End Date	27.08.2022 11:30 HRS 03.09.2022 upto 17:00 HRS
4.	Bid Submission Start and End Date	27.08.2022 11:30 HRS 03.09.2022 upto 17:00 HRS
5.	Physical Submission of EMD and Cost of Tender Document	05.09.2022 upto 10.30HRS
6.	Date of Technical Bid opening.	05.09.2022 11:00 HRS
7.	Evaluation of Technical Bid.	Evaluation of technical Bid will be followed after verification of the documents.

a. TENDER DETAILS:
b. The Tender Documents shall be uploaded online in 2 Covers:
i) Cover 1: shall contain scanned copies of all "Technical Documents/ Eligibility Information".
ii) Cover2: shall contain "BOQ/Financial Bid", where contractor will quote his offer for each item.

3. SUBMISSION OF ORIGINAL DOCUMENTS: The bidders are required to submit (a) original demand draft towards the cost of bid document and (b) original bid security/Earnest Money Deposit (EMD) and other Technical Documents in O/o Executive Engineer HPPWD Division Bangana H.P as specified in Key dates Sr. No. 5 on Tender Opening Date, failing which the bids will be declared non-responsive.
4. BID OPENING DETAILS: The bids shall be opened on 05.09.2022 at 11:00 HRS in the office Executive Engineer, Bangana Division HPPWD Bangana H.P. by the authorised officer. In their interest the tenderers are advised to be present along with original documents at the time of opening of tenders. If the office happens to be closed on the date of opening of the bids as specified, the bids will be opened on the next working day at the same time and venue.
5. The bids for the work shall remain valid for acceptance for a period not less than 120 days after the deadline date for bid submission.
6. Other details can be seen in the bidding documents. The officer inviting tender shall not be held liable for any delays due to system failure beyond his control. Even though the system will attempt to notify the bidders of any bid updates, the Employer shall not be liable for any information not received by the bidder. It is the bidders' responsibility to verify the website for the latest information related to the tender.
7. The copy of EPF No/GST No must be attached.

Executive Engineer
HPPWD Division Bangana
Distt Una H.P on behalf of
Governor of Himachal Pradesh

RO No. 3254/2022-2023 AP-2339

व्यापार

ओला ने मूवओएस फीचर्स से लैस ओला एस 1 इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च किया

शिमला। भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने आज ऑल न्यू ओला एस 1 स्कूटर लॉन्च किया है। प्रीमियम डिजाइन, बेहतर प्रदर्शन, श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सुविधाओं और नए युग से जुड़ी तकनीक के साथ यह अपनी श्रेणी में सबसे उन्नत स्कूटर बन गया है। 3 केडब्ल्यूएच लिथियम. आयन बैटरी पैक से लैस ओला एस1को 131 किलोमीटर की एआरएआई प्रमाणित रेंज, नॉर्मल मोड पर 101 किलोमीटर की वास्तविक रेंज, इको मोड पर 128 किलोमीटर और स्पोर्ट्स मोड पर 90 किलोमीटर की रेंज हासिल है। इसकी 95 किमी प्रति घंटा की शीर्ष गति इसे सेगमेंट में सबसे तेज़ स्कूटरों में से एक बनाती है।पोर्सिलेन व्हाइट, जेट ब्लैक, नियो मिंट, कोरल ग्लैम और लिक्विड सिल्वर में उपलब्ध एस 1 को 99999 रुपये की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया गया है। नए ओला एस 1 की बुकिंग केवल499 रुपये में आज से शुरू हो रही है। ग्राहक अपने ओला एस 1 को सीधे ओला ऐप से रिजर्व कर सकते हैं ।2999 की शुरूआती ईएमआई और बिना किसी लोन प्रोसैसिंग फीस के साथ ओला एस 1 ग्राहक अब आसानी से अपने पसंदीदा ईवी का उपयोग कर सकते हैं।

500 करोड़ का निवेश करेगा डायकिन इंडिया

शिमला। भारतीय बाजार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए डायकिन इंडिया ने अपने तीसरे अनुसंधान एवं विकास केंद्र के लिए योजनाओं की घोषणा की है। डायकिन इंडिया अगले तीन सालों में इस आरएंडडी सेंटर में 500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। 6 एकड़ में फैले इस केन्द्र में 250 से अधिक इंजीनियरों की नियुक्ति होगी जो समझदार भारतीय उपभोक्ताओं के लिए अनुसंधान और टेलर मेड उत्पादों को विकसित करने के लिए समर्पित हैं। इस नए अनुसंधान एवं विकास केंद्र में 22 नई परीक्षण सुविधाएं, प्रयोगशालाएं होंगी, जिसका उद्देश्य विदेशी बाजार से निर्यात मांगों पर हावी होने के लिए डायकिन की विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। श्रीनिवास रेड्डी, उपाध्यक्ष, आर एंड डी, डायकिन इंडिया ने कहा कि डायकिन में हम निरंतर नवाचार में विश्वास करते हैं और यह आर एंड डी केंद्र हमें तकनीकी रूप से उन्नत और टिकाऊ उत्पादों की अवधारणा में चैनलाइज्ड प्रयास करने में मदद करेगा। भारत हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और इस अनुसंधान एवं विकास केंद्र को स्थापित करने के पीछे का तर्क उन प्रौद्योगिकियों में निवेश करना है जो भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल हों और उपभोक्ताओं की मांगों के अनुसार उत्पादों का निर्माण करें।

हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर जानेगा लोगों के पक्ष

द्वानीपत, 18 अगस्त। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग चण्डीगढ की तरफ से मण्डल स्तर पर पंचायती राज संस्थाओं में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर लोगों के पक्ष को जानने के लिए बैठक आयोजित की जाएगी। इसके लिए आयोग की तरफ से मण्डल स्तर पर होने वाली सुनवाई का शैड्युल भी जारी कर दिया गया है। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के चेयरमैन एवं पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के सेवानिवृत जस्टिस दर्शन सिंह करेंगे। इस शेडयूल के अनुसार करनाल मण्डल की बैठक 21 अगस्त को प्रातः 10 बजे होगी।

दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार, 2021 और 2022

2021 और 2022 के लिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रण के लिए एक विज्ञापन 15 जुलाई 2022 को समाचारपत्रों में प्रकाशित किया गया था।

2. यह सभी आकांक्षी आवेदकों को शामिल करते हुए उनकी जानकारी के लिए है कि पासवर्ड प्रोटेक्टेड सेंट्रालाईज्ड पोर्टल (www.awards.gov.in) पर ऑनलाईन विधि के माध्यम से आवेदन/नामांकन प्रस्तुत किए जाएं।

3. आवेदन/नामांकन प्रस्तुत करने के लिए पुरस्कार पोर्टल 15 जुलाई, 2022 से 28 अगस्त, 2022 तक खुला है। पात्रता मानदण्ड और अन्य विवरण विभाग की वेबसाईट (www.disabilityaffairs.gov.in) तथा पुरस्कार पोर्टल (www.awards.gov.in) पर उपलब्ध दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों हेतु सरलीकृत और युक्तिसंगत दिशानिर्देश में उपलब्ध है।

4. इन राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए भौतिक रूप/ई-मेल में आवेदन स्वीकार/विचारणीय नहीं होंगे।

CBC-38117/11/0029/2223

AP-2336

सार्वजनिक सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि 1. Raj Kumar Alias Koki 2. Dalip Kumar 3. Vinod Kumar S/o Shiv Charan Dass ने जायदाद नं. 4835 (1/2 part) Mochi Mandi अम्बाला छावनी जो कि Leela Wati के नाम गृहकर रिकार्ड में दर्ज है अब वसीयत / मृत्यु प्रमाण पत्र/ शपथ पत्र के आधार पर अपने नाम करवाने बारे नगर परिषद अम्बाला सदर जोन में आवेदन किया है अगर किसी भी व्यक्ति को यह नाम तबदील बारे किसी भी तरह का ऐतराज हो तो 15 दिन के भीतर ऐतराज सहित इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा नियमानुसार नाम बदल दिया जाएगा

सचिव नगर परिषद अम्बाला

AP-2342

PUBLIC NOTICE

Please take notice that I Sh. Sanjeev Kumar s/o SH. Madan Lal lost Original sale deed dated 24.02.1983 bearing vasika No. 5375, in respect of the House bearing MC no. B-XII-829 measuring 164.88 Sq. Yds., situated at the "Mohalla Mahanta, inside Red line Area" Tehsil Jagraon & Distt. Ludhiana (Hereinafter for the sake of brevity, referred to as the "Property in question") Purchased vide a transfer deed dated 18.05.2021 bearing vasika No. 543, a DDR dated 13.08.2022 LR No. 261314/2022 was lodged with PS City Jagraon Ludhiana, I am availing a loan facility from Kogta Financial (I) Ltd. against this property. If anyone has any objection please contact Mr. Sherry Sandhu, Advocate @ 9814493393 within 07 days of the publication of this notice otherwise no claim shall be entertained.

AP-2310

केनरा बैंक Canara Bank

भारत सरकार का उपक्रम | A Government of India Undertaking

सिंडिकेट Syndicate

वसूली एवं विधिक अनुभाग, परिमंडल कार्यालय, द्वितीय तल, सेक्टर-34ए, चंडीगढ़
दूरभाष संख्या 0172-2602431, 2663733, ई-मेल rlcochd@canarabank.com

ईएमडी प्राप्ति की अंतिम तिथि 05.09.2022 को सायं 05.00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि : 07.09.2022 को प्रात : 11.30 बजे से दोप. 12.30 बजे
(बिक्री के समापन तक प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार सहित)

ई-नीलामी (ऑनलाईन नीलामी) के माध्यम से हाईपोथिकेटड परिसंपत्तियों की बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित चल संपति का कब्जा प्राप्त कर लिया गया है तथा जिनकी निम्नलिखित नियम एवं शर्तों पर ई-नीलामी द्वारा बिक्री की जाएगी। सेवा प्रदाता मेसर्स केनबैंक कम्प्यूटर सर्विसिज लि.(सीसीएसएल) द्वारा वेबसाईट www.indianbankeauction.com के माध्यम से ई-नीलामी का प्रबंध किया गया है।

क्र. सं.	शाखा का नाम/ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	परिसंपत्तियों का संक्षिप्त विवरण	कुल देय राशि	आरक्षित कीमत (रु. में)	जमा धरोहर राशि (ईएमडी) (रु. में)	खाता संख्या का विवरण / आईएफएससी कोड / कब्जे का प्रकार
1	केनरा बैंक, मंडी शाखा, श्री निरंजन, प्रबंधक, दूरभाषः 01905-222089, मो. 9882112064/9418261959, ई-मेलः cb2064@canarabank.com	वाहन की हाईपोथिकेशनः फिएट लिनिया क्लासीक (पैट्रोल) पंजीकरण नं. एचपी 28ए9871ः चेसिस नं. एमसीए 110केडीजी09039752	17.08.2022 को कुल देयताएः- रु. 9,78,449.41 आगामी ब्याज एवं खर्चो सहित	रुपये 90,000/-	रुपये 9,000/-	209272434 / CNRB0002064 / भौतिक कब्जा
	ऋणी :- श्री भुवनेश कुमार सुपुत्र श्री मस्त राम, निवासी गांव टोलूहेड, पी.ओ. बानू, तहसील बलद्वारा, जिला मंडी हि.प्र.-175001					
2	केनरा बैंक, न्यू शिमला शाखा, श्रीमति निशा पलिया, वरि. प्रबंधक, दूरभाष:0177-2672918, मो.9882813056 ई-मेलः cb3056@canarabank.com	वाहन की हाईपोथिकेशनः महिन्द्रा केयूवी 100 (पैट्रोल), इंजन नं. आरजीजेडसी 15155 पंजीकरण सं. एचपी09ए4735, चेसिस नं. एमए1वीए2आरबीसीजी6सी88979	17.08.2022 को कुल देयताएः- रु. 4,43,940.05 आगामी ब्याज एवं खर्चो सहित	रुपये 2,50,000/-	रुपये 25,000/-	209272434 / CNRB0003056 / भौतिक कब्जा
	ऋणी:-श्री सुनील सूद सुपुत्र श्री मदन मोहन, निवासी गांव गुल्लू 130, पी.ओ. जैस, तहसील थियोग, जिला शिमला हि.प्र.-171201					

अन्य नियम एवं शर्तें : वाहन की बिक्री भारों, यदि कोई हो, सहित **"जैसा है जहां है" एवं "जो है जैसा है"** आधार पर आयोजित की जाएगी। बैंक को कोई अन्य भार ज्ञात नहीं है। (2) नीलामी/बोली केवल वेबसाईट www.indianbankeauction.com के माध्यम से **'ऑनलाईन विद्युत बोली'** के माध्यम से की जाएगी। बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाईट के माध्यम से जाने का परामर्श दिया जाता है। (3) संपत्ति का निरीक्षण प्राधिकृत अधिकारी के साथ पूर्व अनुमति के साथ 26.07.2022 एवं 27.07.2022 को सायं 03.00 बजे से सायं 5.00 बजे के मध्य किया जा सकता है। (4) वाहन आरक्षित कीमत से कम में नहीं बेचा जाएगा तथा प्रतिभागी बोलीदाता नीलामी प्रक्रिया के दौरान अपने प्रस्ताव सुधार सकते हैं। (5) आरक्षित कीमत की 10 प्रतिशत की ईएमडी राशि **शाखा प्रबंधक, केनरा बैंक,** संबंधित शाखा के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा की जा सकती है अथवा **12.08.2022 को सायं 5.00 बजे** तक अथवा पूर्व केनरा बैंक की संबंधित शाखा के खाते में क्रेडिट से आरटीजीएस/एनईएफटी/फंड ट्रांसफर के माध्यम से जमा की जाएगी। (6) इच्छुक बोलीदाता वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र तथा ई-मेल पता धारक हो। डिजिटल हस्ताक्षर के संबंध में विवरण हेतु कृपया सेवाप्रदाता श्री पाखरे डी.डी. अथवा श्री रमेश टीएच मोबाईल सं. : 9480691777/8553643144, **ईमेल** : eauction@ccsl.co.in पर संपर्क किया जा सकता है। ईएमडी राशि अदायगी की समान तिथि पर तत्काल डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने के लिए कथित सेवाप्रदाता से संपर्क करें। (यदि वैध डिजिटल हस्ताक्षर धारक नहीं हैं) (7) ईएमडी राशि अदायगी के पश्चात, इच्छुक बोलीदाता दस्ती अथवा ई-मेल द्वारा केनरा बैंक, संबंधित शाखा को 12.08.2022 **को सायं 05.00** तक अथवा पूर्व निम्नलिखित दस्तावेजों/विवरण की प्रति जमा करेंगे। (ए) ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे-आर्डर, यदि अदायगी आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से की गई है तो यूटीआर संख्या के साथ उसकी पावती जमा करें। (बी) पैन कार्ड, आईडी प्रमाण तथा प्रमाण की फोटोप्रति। तथापि सफल बोलीदाता बोली राशि की 25 प्रतिशत शेष राशि की अदायगी के समय पर बैंक को मूल में यह दस्तावेज प्रदान करेंगे। (सी) बोलीदाता का नाम, संपर्क संख्या, पता, ई-मेल आईडी (डी) बोलीदाता का खाता विवरण ईएमडी के ऑनलाईन वापसी हेतु। (8) इच्छुक बोलीदाता पोर्टल www.indianbankeauction.com पर अपना नाम पंजीकृत करेंगे तथा निःशुल्क यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करेंगे। भावी बोलीदाता सेवा प्रदाता **मेसर्स केनबैंक कम्प्यूटर सर्विसिज लि. (सीसीएसएल), संपर्क व्यक्ति श्री पाखरे डी.डी. अथवा श्री रमेश टीएच मोबाईल सं. : 9480691777/8553643144, ई-मेलः** eauction@ccsl.co.in से प्राप्त कर सकते हैं। (9) असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी बिक्री निर्धारण के दो दिनों के भीतर वापस कर दी जाएगी। ईएमडी पर किसी ब्याज की अदायगी नहीं की जाएगी। (10) नीलामी उक्त वर्णित अनुसार आरक्षित कीमत पर प्रारंभ की जाएगी। बोलीदाता **रु. 5,000** के गुणज में अपने प्रस्ताव में सुधार करेंगे। बोलीदाता 'ऑनलाईन' नीलामी के समापन पर उच्चतम बोली (जो आरक्षित कीमत से कम न हो) प्रस्तुत करेंगे, उन्हें सफल बोलीदाता के तौर पर घोषित कर दिया जाएगा। बिक्री की पुष्टि सफल बोलीदाता के पक्ष में की जाएगी, जो सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा इसकी पुष्टि का विषय होगा। (11) सफल बोलीदाता के तौर पर घोषित होने पर तत्काल बिक्री राशि का 25 प्रतिशत (पहले से अदायगी की गई ईएमडी सहित) जमा करेगा तथा शेष राशि सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर अदायगी की जाएगी। यदि सफल बोलीदाता उक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर बिक्री राशि की अदायगी करने में असफल होगा तो उसके द्वारा जमा की गई राशि बिना कोई सूचना दिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त की जाएगी तथा संपत्ति की पुनः बिक्री की जाएगी। (12) कन्वेयंस, स्टैंप ड्यूटी तथा पंजीकरण प्रभार आदि हेतु सभी प्रभार लागू अनुसार केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किए जाएंगे। (13) शाखा प्रबंधक बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी की नियम एवं शर्तों को बदलने अथवा स्थगित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

दिनांक : 18.08.2022 **स्थान : चंडीगढ़** **प्राधिकृत अधिकारी**

AP-2321

भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड
(सिंचाई विंग)

एनआईटी सं. 422 **ई-निविदा सूचना**

कार्यालय का नाम: अधिशासी अभियंता, सिविल रखरखाव मंडल बीबीएमबी, म.सं. 1030, सेक्टर-35-बी, चंडीगढ़।
कार्य का नाम: बीबीएमबी कालोनी सेक्टर-35बी, चंडीगढ़ में सब रेस्ट हाउस टॉयलेट एवं बाथ का नवीनीकरण।
उक्त निआसू के अंतर्गत नियत तिथियां निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार हैं

दस्तावेज डाउनलोडिंग की प्रारंभिक तिथि एवं समय	23.08.2022 को 09.00 बजे
दस्तावेज डाउनलोडिंग की अंतिम तिथि एवं समय	23.09.2022 को 13.00 बजे
ऑनलाईन बोली प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि एवं समय	23.09.2022 को 13.00 बजे
ऑनलाईन बोली खोलने की तिथि एवं समय	23.09.2022 को 15.00 बजे से

विस्तृत निआसू नियम एवं शर्तों हेतु कृपया बीबीएमबी की वेबसाईटः www.bbmbeproc.punjab.gov.in एवं www.bbmb.gov.in पर पधारें।

1469-पीआर-भाखड़ा बांध-4 | अपने बेहतर कल हेतु आज ऊर्जा बचाएं

AP-2340

उत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल अभियंता- द्वितीय फिरोजपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित ई-निविदाएं, **अंतिम तिथि 08.09.2022 समय 15.00 बजे** तक, **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित की जाती है। निविदाकर्ता अपने मूल/संशोधित निविदा बंद होने की तिथि तथा समय तक प्रस्तुत कर सकते है। मैन्युअल निविदा मान्य नहीं है और ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ठेकेदार निविदा प्रपत्र की लागत और बयाना राशि का भुगतान केवल **www.ireps.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध ऑन लाइन साधनों के माध्यम जैसे नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड आदि से भुगतान कर सकते हैं। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकस चेक, एफ.डी.आर. व रसीदें आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नही हैं।

निविदा प्रकार	निविदा अनुभाग	बोली प्रणाली
खुला	कार्य	एकल बोली प्रणाली
निविदा अपलोड करने की तिथि	**बोली शुरू करने की तिथि**	**बोली समापन की तिथि तथा समय**
16.08.2022	25.08.2022	08.09.2022 / 15:00 बजे

क्र. सं.	निविदा संख्या	निविदा का विवरण
1	148-2022-23-JAT-DRM-FZR	सहायक मण्डल अभियन्ता/उधमपूर के तहत पठानकोट से जम्मू अनुभाग और जम्मू से श्री वैष्णो देवी कटरा अनुभाग में आरडीएसओ विनिर्देशों के अनुसार फिट किए गए सिंगल शॉट कुसिबल के साथ इन सीटू 60 कि.ग्रा./52 कि.ग्रा./90 यूटीएस रेल की वेल्डिंग।

विज्ञापन मूल्य (रु.)	ब्याना राशि (रु.)	ऑफर की वैधता	समापन की अवधि
9911257.60/-	198200/-	60 दिन	10 महीने

नोटः 1. निविदा डालने से पहले, निविदाकर्ता निविदा के संबंध में जारी किए गए किसी भी शुद्धिपत्र की जाँच करेंगे। 2. हिन्दी में किसी भी त्रुटि हेतु अंग्रेजी वर्जन का अवलोकन करे, तथा अंग्रेजी वर्जन ही मान्य होगे।
निविदा सूचना पत्र सं.: 770-W/169/WA/FZR/2022-23 दिनांक: 16.08.2022 2111/22

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-2324

grtr mhwll erlAw ifvlpmlt AQwirtl, mhwll, pfw Bvn, As e As ngr
jnqk scnw

Al.E.Awel. n: 5490, pwikt-e, (150 vrg gj plwt) Artpils, As.e.As. ngr d Alwtl Smt. Geeta Choudhery W/o Pawan Choudhery n Sh. Naresh Choudhary S/o Late Sh. Ram Parkash f Awpxw mKiqAwr Awm inXkq klqw igAw h j ik knfw ivK imql 19.01.2022 n bxl h Aq pjwb d ivql kimSnr q mwl skqr d dPqr ivK imql 06.04.2022 n iebs hel h[

ies jl.pl.e. d ADwr q Sh. Naresh Choudhary S/o Late Sh. Ram Parkash n akq Al.E.Awel. Sh. Anurag Gupta S/o Prem Chand Gupta and Smt. Kavita Gupta W/o Anurag Gupta d nw q trlsPr krn lel dsqwvj, pql bnql imql 16.06.22 f idql h[hx ieh ks imlK APsr gmwfw, mhwll d dPqr ivc ivcwr ADln h[ies lel akq Al.E.Awel. n: 5490, pwikt-e, (150 vrg gj plwt) Artpils As.e.As. ngr f trlsPr krn ql pihll sicq klqw jWdw h ik ies bwr iks f kel ieqrwj hv ql ies ivigAwpn dl imql ql 15 idnl d Adr-Adr Awpxw ieqrwj imlK APsr gmwfw, mhwll pws ilKql rp ivc d skdw h[inSicq imql Aq sml ql bwAd pwpq he ieqrwjl q kel ivcwr nhl klqw jwvgw Aq akq rijstrf hel jl.pl.e. d ADwr q Al.E.Awel. n: 5490, pikt -e, (150 vrg gj plwt) Artpils As e As ngr f trlsPr krn dl AwigAw akq ibnkwr d nl jwrl kr idql jwvgl[

imlK APsr (Artpils)
gmwfw, As.e.As. ngr

AP-2338

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ, ਮੋਹਾਲੀ
ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ

ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ

ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ | ਲਾਭ ਪਾਤਰੀ | ਲਾਭ ਪਾਤਰੀ

ਮਕਾਨ ਨੰ: ਐਲ. ਆਈ.ਜੀ.- 1420/26 ਸੈਕਟਰ-65 ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਕਸ਼ਮੀਰ ਕੋਰ ਪਤਨੀ ਪਿਆਰਾ ਸਿੰਘ ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 01/11/2014 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਸੀ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਲੋਂ ਉੱਕਤ ਮਕਾਨ ਦੀ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਮਿਤੀ: 16-10-2014 ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਪੁੱਤਰ ਜੰਗਾ ਸਿੰਘ, ਸੋਹਨ ਸਿੰਘ, ਮੋਹਨ ਸਿੰਘ, ਗੁਰਬਾਜ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਪਿਆਰਾ ਸਿੰਘ ਦੇ ਨਾ ਤੇ ਦਰਜ ਕਰਵਾਈ ਗਈ ਸੀ ਜੋ ਕਿ ਵਸੀਕਾ ਨੰ 487, ਬਹੀ- 03, ਮਿਤੀ 16/10/2014 ਨੂੰ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਹੈ।

ਇਸ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ ਜੰਗਾ ਸਿੰਘ, ਸੋਹਨ ਸਿੰਘ, ਮੋਹਨ ਸਿੰਘ, ਗੁਰਬਾਜ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਪਿਆਰਾ ਸਿੰਘ ਵੱਲੋਂ ਐਲ.ਆਈ.ਜੀ.-1420/26 ਸੈਕਟਰ-65 ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਂ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਬੇਨਤੀ ਕੀਤੀ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ, ਗਮਾਡਾ ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿੱਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਨੂੰ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਇਸ ਬਾਰੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਨਿਮਨ ਹਸਤਾਖਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਅਨੁਸਾਰ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ

AP-2319

ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ ਮੋਹਾਲੀ, ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ।
(ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)

ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ | ਲਾਭ ਪਾਤਰ

ਫਲੈਟ ਨੰਬਰ 603, ਬੀ-3, ਪੂਰਬ ਪ੍ਰੀਮੀਅਮ ਅਪਾਰਟਮੈਂਟ-1, ਸੈਕਟਰ 88 ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ ਬਲਵਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ ਭੋਲਾ ਪੁੱਤਰ ਸ਼੍ਰੀ ਓਮ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਭੋਲਾ ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 22-12-2020 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਸਰਬਜੀਤ ਸਿੰਘ ਪੁੱਤਰ ਕੁਲਵੰਤ ਸਿੰਘ, Municipal Councillor of Ward No. 38, SAS Nagar ਵੱਲੋਂ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਵਾਰਸਾਂ ਸਬੰਧੀ ਸਰਟੀਫਿਕੇਟ ਦਿੱਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜਿਸ ਅਨੁਸਾਰ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਸ਼੍ਰੀ ਬਲਵਿੰਦਰ ਕੁਮਾਰ ਭੋਲਾ ਪੁੱਤਰ ਸ਼੍ਰੀ ਓਮ ਪ੍ਰਕਾਸ਼ ਭੋਲਾ ਦੇ ਵਾਰਸ ਹੇਠ ਲਿਖੇ ਅਨੁਸਾਰ ਤਸਦੀਕ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ:-

1. ਪਰਮਜੀਤ ਭੋਲਾ ਪਤਨੀ
2. ਅਸ਼ਵਿਨ ਭੋਲਾ ਪੁੱਤਰ
3. ਆਕ੍ਰਿਤੀ ਭੋਲਾ ਪੁੱਤਰੀ

ਉਕਤ ਵਾਰਸਾਂ ਵੱਲੋਂ ਫਲੈਟ ਨੰ: 603, ਬੀ-3, ਪੂਰਬ ਪ੍ਰੀਮੀਅਮ ਅਪਾਰਟਮੈਂਟ-1, ਸੈਕਟਰ 88, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ਼ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ(ਹ) ਗਮਾਡਾ ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿੱਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਨੂੰ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸਾਂ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ, ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਫਲੈਟ ਨੰ: 603, ਬੀ-3, ਪੂਰਬ ਪ੍ਰੀਮੀਅਮ ਅਪਾਰਟਮੈਂਟ-1, ਸੈਕਟਰ 88, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ Municipal Councillor ਵੱਲੋਂ ਵਾਰਸਾਂ ਸਬੰਧੀ ਦਿੱਤੇ ਸਰਟੀਫਿਕੇਟ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਉਕਤ ਵਾਰਸਾਂ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ),
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ

AP-2313

न्यूज ब्रीफ

मोबाइल स्नेचिंग करने वाले दो आरोपी काबू

बराड़ा (अप्रस/जयबीर राणा थंबड)। स्कूल जाते समय स्कूटी पर छात्रों से मोबाइल छीनने के आरोप में दो व्यक्तियों को बराड़ा पुलिस के द्वारा किया गया काबू 1 दिन का रिमांड हुआ मंजूर आस्था पुत्री दिलबाग सिंह वासी दहिया माजरा थाना बराड़ा ने पुलिस चौकी बराड़ा में 16 अगस्त को एक शिकायत दी थी जिसमें बताया गया कि जब वह स्कूल से छुट्टी होने के बाद अपने घर जा रही थी तो रास्ते में दो युवकों ने उसकी स्कूटी रुकवा कर उससे मोबाइल छीना और भाग गए उक्त युवती की शिकायत पर स्थानीय बराड़ा चौकी ने दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी जिसमें दोनों युवक बराड़ा के रहने वाले हैं जिनका नाम सागर निवासी नजदीक खेड़ा मंदिर बसंतपुर थाना बराड़ा जिला अंबाला व दूसरा आरोपी नीरज निवासी नजदीक सिंह पुरा गुरुद्वारा बराड़ा थाना को गिरफ्तार किया है जिसकी पहचान युवती द्वारा की गई आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी गई जब इस बारे एसआई नरेश कुमार से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया गया है जब इस बारे चौकी इंचार्ज धर्मवीर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उनको अदालत में ले जाकर 1 दिन का रिमांड लिया गया है।

5 ग्राम स्मैक के साथ सप्लायर काबू

चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)। थाना- मनीमजरा पुलिस ने स्मैक की सप्लाई करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान मनीमाजरा के रहने वाले 36 वर्षीय भूरा के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक पता चला है कि थाना मनीमाजरा के प्रभारी इंस्पेक्टर जसपाल सिंह की सुपरविजन में थाना पुलिस बुधवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस मनीमाजरा स्थित स्पोर्ट्स कंपलेक्स के पास पहुंची तो सामने से आ रहा एक आरोपी शख्स पुलिस पार्टी को देख कर पीछे की तरफ मुड़ गया। जब पुलिस को मामले में शक हुआ तो उसे रोककर पूछताछ के दौरान तलाशी ली तो पुलिस को आरोपी के कब्जे से 5 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

हरियाणा में अब इसी नीति पर होंगे कालेजों में तबादले

कॉलेज प्रोफेसरों की ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को मंजूरी

- गांवों में नहीं पढ़ाने वालों को भरना होगा गांवों का विकल्प
- पांच साल के लिए मान्य होगा म्यूचुअल ट्रांसफर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 18 अगस्त। हरियाणा सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सरकारी महाविद्यालयों में कार्यरत असिस्टेंट/ एसोसिएट प्रोफेसरों के लिए संशोधित आनलाइन स्थानान्तरण नीति-2022 तैयार की है। अब इस नीति के तहत ही तबादले किए जाएंगे।

विभाग के प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि यह स्थानांतरण नीति तुरंत प्रभाव से लागू मानी जाएगी। नीति के तहत सरकारी महाविद्यालयों में कार्यरत उन सभी असिस्टेंट/एसोसिएट प्रोफेसरों पर लागू होगी, जिनके विषय में 80 या 80 से अधिक स्वीकृत पद है। उन्होंने बताया कि योग्य प्रोफेसर 15 सरकारी महाविद्यालयों की अपनी पसंद भर सकेंगे। लेकिन विकल्प देते समय यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनके विषय उन महाविद्यालयों में पढ़ाए जा रहे हैं और कार्यभार के अनुसार रिक्ति उपलब्ध है। प्रवक्ता ने बताया कि पांच वर्ष के निर्धारित कार्यकाल के पूरा होने के कारण ऑनलाइन सामान्य स्थानांतरण को जनहित में स्थानांतरण के रूप में माना जाएगा और ऐसे मामले में शामिल होने का समय और समग्र स्थानांतरण अनुदान (टीए/डीए आदि) हरियाणा सिविल सेवा नियमों 2016 के प्रावधानों के अनुसार स्वीकार्य होगा।

प्रवक्ता ने बताया कि असिस्टेंट/एसोसिएट प्रोफेसरों, जिनकी अनिवार्य ग्रामीण सेवा लंबित है, उन ग्रामीण महाविद्यालयों के चयनों को भरना सुनिश्चित करेंगे जहां विषय पढ़ाया जा रहा है, ऐसा न करने पर सिस्टम ओटोमेटिक ही प्राध्यापकों द्वारा भरे गए शहरी महाविद्यालयों के चयन (विकल्पों) को अस्वीकार कर देगा। उन्होंने बताया कि मौजूदा एसोसिएट एनसीसी अधिकारियों (एएनओ) पर लागू नहीं होगी। यदि कोई एएनओ इस नीति के माध्यम से स्थानांतरण में भाग लेना चाहता है, तो वह यह सुनिश्चित करेगा कि ऐच्छिक कॉलेज में उसके शिक्षण विषय में एएनओ (एनसीसी) की पद रिक्ति हो।ऑनलाइन ट्रांसफर प्रक्रिया पूरी होने के 15 दिनों के भीतर म्यूचुअल ट्रांसफर विकल्प का प्रयोग किया जा सकता है। म्यूचुअल ट्रांसफर पांच साल की अवधि के लिए वैध होगा और यदि कोई पद पर कार्यरत प्राध्यापक सेवानिवृत्त हो जाता है, तो अन्य पदधारी को समय सीमा के बावजूद अगले ऑनलाइन स्थानांतरण में भाग लेना होगा।

प्रवक्ता ने बताया कि हर वर्ष 31 मार्च को कार्यभार के अनुसार वास्तविक रिक्तियों, मानी गई रिक्तियों और काल्पनिक रिक्तियों के लिए योग्यता तिथि, वेटेज/अंकों की गणना होगी। इसके अलावा, वास्तविक रिक्तियां, डीम्ड रिक्तियां और नोशनल रिक्तियां प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल तक की जाएंगी।

एक मई से 15 मई तक दे सकेंगे आवेदन

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार पात्र असिस्टेंट/एसोसिएट प्रोफेसर प्रत्येक वर्ष 1 मई से 15 मई तक 15 सरकारी महाविद्यालयों की अपनी पसंद ऑनलाइन जमा करवा सकते हैं और विकल्प देते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि उन महाविद्यालयों में उनके विषय पढ़ाए जा रहे हैं और संबंधित विषय में रिक्ति उपलब्ध हो। स्थानांतरण आदेश 1 जून तक जारी किए जाएंगे। इसके बाद यदि किसी को कोई आपति है तो वह 7 जून तक दर्ज करवा सकता है।

मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर ने की केंद्रीय गृह मंत्री से मुलाकात

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़, 18 अगस्त। मेयर सरबजीत कौर ढिल्लों ने वीरवारको केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उनके साथ वरिष्ठ उप महापौर दलीप शर्मा एवं डिप्टी मेयर अनूप गुप्ता भी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान मेयर ने चंडीगढ़ के कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को गृह मंत्री के साथ उठाया। इसमें चौथे दिल्ली वित्त आयोग के अनुसार चंडीगढ़ को देय हिस्सा करने; पुरानी संपत्ति को लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड बेस करने ; चंडीगढ़ में गांवों के लाल डोरा मुद्दे को जल्द से जल्द हल करने; चंडीगढ़ में आवासीय के साथ-साथ वाणिज्यिक संपत्तियों में आवश्यकता आधारित परिवर्तनों की अनुमति देने; चंडीगढ़ प्रशासन के 1693 पदों को पुनर्जीवित करने जिसमें 2096 नए पद सृजित किए जाएं और संविदा कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए नीति बनाई जाए का मुद्दा उठाया गया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने सुनी लोगों की समस्याएं

नयागांव (जेके बत्ता)। श्री आनंदपुर साहिब से सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी द्वारा गांवों धकताना व अकालगढ़ और तारापुर माजरी का दौरा करके वहां लोगों को पेश आ रही समस्याओं को जाना गया। इस अवसर पर सांसद तिवारी ने कहा कि हलके के लोगों की समस्याओं को दूर करना उनका फर्ज है। इसके तहत वह समय-समय पर हलके के गांवों और शहरी इलाकों का दौरा करके लोगों से मुलाकात करते रहते हैं। सांसद तिवारी ने क्षेत्रवासियों से कहा कि देश की बड़ी संख्या में आबादी गांवों में रहती है और गांवों में विकास के साथ ही देश की तरक्की हो सकती है। इसी उद्देश्य के तहत वे समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने होते अपने संसदीय कोटे से ग्रांट देते रहते हैं।

डड्डूमाजरा में लैंडफिल साइट से डेढ़ साल में हटेगा लीगेसी वेस्ट

डड्डूमाजरा सहित शहर वासियों को बड़ी राहत

- एजेंसी को बायो माइनिंग के लिए आशय पत्र जारी

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

चंडीगढ़, 18 अगस्त। डड्डूमाजरा समेत शहर के निवासियों को बड़ी राहत देने की दिशा में बढ़ते हुए, नगर निगम ने वीरवार को एजेंसी को लैंडफिल साइट पर लीगेसी वेस्ट डंप के बायो माइनिंग के लिए आशय पत्र (लेटर ऑफ इंटेनट) जारी कर दिया । जानकारी सांझा करते हुए निगम कमिश्नर अनिंदिता मित्रा, ने कहा कि इस सप्ताह के भीतर परफोर्मेंस बैंक गारंटी जमा करने के लिए एजेंसी को एलओआई जारी कर दिया गया है। बायो माइनिंग का काम सितंबर, 2022 के पहले सप्ताह तक शुरू कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एजेंसी ने आश्वासन दिया है कि वे एक से डेढ़ साल के भीतर कचरे का प्रोसेसिंग कर देंगे। इससे न केवल दुर्गंध की समस्या का समाधान होगा, बल्कि इस परियोजना के पूरा होने से आग लगने की घटनाएं भी रूक जाएंगी। यह निश्चित रूप से स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ी राहत के रूप में आएगा क्योंकि उनकी मांग महज डेढ़ वर्षों में पूरी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि डड्डूमाजरा कॉलोनी में एक डंपिंग साइट है, जो 45 एकड़ भूमि में फैली हुई है, जिसमें 5 लाख मीट्रिक टन और 8 लाख मीट्रिक टन के कचरे के दो डंप हैं। यह क्रमशः 16 एकड़ और 8 एकड़ भूमि को कवर करते हैं। कूड़े के ढ़ेरों ने आसपास के निवासियों को भारी असुविधा पैदा की है। डड्डूमाजरा कॉलोनी के कूड़े के ढेर से दुर्गंध आने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। उन्होंने कहा कि डंपिंग ग्राउंड से निकलने वाली मीथेन गैस के कारण आग लगने की कई घटनाएं हुई हैं। क्षेत्र के पार्षदों के साथ-साथ निवासियों ने हमेशा कचरे के पहाड़ को हटाने के लिए शीघ्र समाधान की मांग उठाई है क्योंकि यह उनके लिए एक बड़ा स्वास्थ्य खतरा है। आयुक्त ने कहा कि चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 5 लाख मीट्रिक टन विरासत कचरे के जैव खनन का काम लगभग पूरा कर लिया है और काम 31 दिसंबर, 2022 तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ, लगभग 16 एकड़ भूमि को पुनः प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम चंडीगढ़ ने 8 एकड़ में पड़े 8 लाख मीट्रिक टन कचरे के बायो माइनिंग के लिए टेंडर भी मंगवाए थे। इन समस्याओं को दूर करने के लिए एनजीटी और सीपीसीसी ने पहले ही कचरे के शीघ्र जैव-खनन का निर्देश दिया था। इसलिए 72.50 करोड़ रुपये की एक डीपीआर तैयार की गई और मार्च, 2022 में एसबीएम 2.0 के तहत स्वीकृत हुई और जून, 2022 में निविदा जारी की गई। आयुक्त ने कहा कि निविदा सफल रही और एजेंसी को 67.95 करोड़ में काम दिया गया।

राज्य सहकारी बैंक द्वारा बागा चनोगी में लगाया जागरूकता शिविर

गोहर (अप्रस/सुभाग सचदेवा)। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक शाखा बागाचनोगी द्वारा नबार्ड के सौजन्य व रिजर्व बैंक के निर्देशन में डिजिटल वितीय साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बागाचनोगी के गाँव धवास में किया गया ।शिविर में बैंक प्रबंधक जीवनान्द ने मौजूद जन समूह को सम्बोधित करते हुए वितीय प्रबंधन, बचत, सुरक्षित निवेश व बैंक की विभिन योजनाओ- प्रधान-मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वयं सहायता समूह इत्यादी के माध्यम से आर्थिकी को बेहतर बनाने के बारे मे विस्तृत जानकारी दी।



मोदी सरकार ने आठ सालों में जुमलों के सिवाय कुछ नहीं दियाः भगतराम

करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)। आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता भगत राम ने कहाहै कि सरकार चालीस साल से मकान बना कर रह रहे लोगों को विकास शुल्क के नाम पर हजारों रुपया बसूल रही हैं। इससे लोगों मे रोष हैं। इसके खिलाफ आम आदमी पार्टी आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को पहले ही विकास शुल्क लनो चाहिए। जिन लोगों ने अपनी पूजी लगा कर मकान बन वाए। अब सरकार ने एका एक ही विकास शुल्क के नाम पर हजारों रुपया लगा दिया। अब गरीब आदमी किस तरह इतनी बढ़ी रकम का इंतजाम करेगा। कई लोग अपना मकान बेचने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि सरकार गारवेज शुल्क के नाम पर हजारों रुपया बसूल रही हैं।

अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@yahoo.com, arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)